दिङ्नाग प्रणीता

कुन्दमाला

सम्पादक
कृष्ण कुमार धवन
शास्त्री, एम. ए. (संस्कृत-हिन्दी), एम. ओ. एल.
अध्यक्ष
संस्कृत-हिन्दी विभाग, आर्य कॉलेज लुधियाना

प्राक्कथन लेखक
प्रो० रघुनन्दन शास्त्री
एम. ए., एम. ओ. एल.
सचिव
प्रकाशन विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय

संशोधक
प्रो० चारुदेव शास्त्री
एम. ए., एम. ओ. एल.
भूतपूर्व अध्यक्ष
संस्कृत-विभाग, डी.ए.वी. कालेज लाहौर

प्रकाशक
भारतीय संस्कृत भवन
जालन्धर

प्राक्कथन

संस्कृत के नाटक-साहित्य में कुन्दमाला एक अपूर्व रचना है यद्यपि इस का प्रथम प्रकाशन इसी शती के तृतीय दशक में हुआ है, तथापि अपनी कला की चमत्कृति के कारण इस ने इस थोड़े समय में ही अनेक साहित्यज्ञों को अपनी ओर बलवत् आकृष्ट किया है। अनेक भारतीय विद्वानों के अतिरिक्त डाक्टर ए. सी. वुलनर सरीखे अंग्रेज विद्वान् ने भी इस का अंग्रेजी रूपान्तर किया है। इधर हिन्दी में भी इसके दो-एक पद्य-गद्यात्मक रूपान्तर हो चुके हैं।

बात यह है कि इस नाटक की कला और टेकनीक में कुछ ऐसी विशेषताएं दीखती हैं जो संस्कृत के अन्य नाटकों में कम ही मिलती हैं। इस में न तो नाटकीय रूढ़ियों और परम्पराओं का यथावत् पालन दिया गया है और न वस्तु को आदर्शवाद के पालिश द्वारा अतिरंजित का यत्न है।

वाल्मीकि के सीता निर्वासन के कथानक से अनेक नाटककारों और कवियों ने प्रेरणा ली है। इन में भवभूति का उत्तरचरित और कुन्दमाला विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। परन्तु इन दोनों की टेकनीक और दृष्टिकोण में बहुत अन्तर है। नान्दी और प्रस्तावना आदि की जिस परम्परा का अनुसरण भवभूति ने किया है, निश्चय ही कुन्दमाला में उस से भिन्न किसी और पुरानी परम्परा का रूप मिलता है। निःसन्देह वह रूप भास की परम्परा के अधिक निकट प्रतीत होता है। दूसरे भास के मध्यम व्यायोग (घटोत्कच और भीम) और पंचरात्र (अर्जुन और अभिमन्यु) आदि के अनेक प्रसंगों में पिता पुत्र संमिलन की टेकनीक में जिन रुचियों का प्रदर्शन हुआ है, उनकी ठीक छाया हमें कुन्दमाला के पंचम अंक में मिलती है जहां राम का अपने पुत्रों से संमिलन दिखाया गया है। सब से बढ़ कर कुन्दमाला का 'छाया दृश्य' एक दम अनूठी चीज़ है जो वस्तुतः भवभूति को बहुत पीछे छोड़ जाती है। दो

हृदयों के कालुष्य को धोने के लिए कुन्दमाला ने भवभूति के समान तीसरे व्यक्ति की सहायता की अपेक्षा नहीं रखी।

सब से बढ़ कर कुन्दमाला की विशेषता यह है कि सीता वस्तुतः हाड-मांस की बनी सीता है। भवभूति ने सीता को आदर्शवाद के लेपन से इतनी कृत्रिम बना दिया है कि उसका मानुषी रूप एक दम लुप्त हो गया है। वह देवता बन गई है। निःसन्देह भवभूति की सीता 'स्वर्ण प्रतिमा' है, पर कुन्दमाला की सीता वाल्मीकि की सीता के अधिक निकट है और भवभूति की सीता आदर्शवाद की 'सीमातिगता प्रवृत्ति' का परिणाम है। कदाचित् वाल्मीकि के बाद कुन्दमाला ही एक ऐसी रचना है जिस में सीता के मानवीय रूप की एक झलक मिलती है। और यही एक विशेषता कदाचित इस की पुरातनता को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है।

कुन्दमाला का कर्ता कौन है, उस का ठीक नाम क्या है, उस का निर्माण काल क्या है, इत्यादि प्रश्न अभी तक विवादग्रस्त हैं और तब तक विवादग्रस्त रहेंगे जब तक कोई और पुष्कल और प्रकृष्ट प्रमाण उपलब्ध न होंगे। पर यह तो आखिर ऐतिहासिक की शिरोवेदना है इस की छान-बीन वही करता रहेगा। साहित्य रसिक के लिए तो कुन्दमाला अद्भुत रस से भरी हुई है। निर्माण कर्ता हलवाई का पता न होने पर भी तो लड्डू अपने आस्वाद से खाने वालों को चमत्कृत कर ही सकता है।

मुझे प्रसन्नता है कि संस्कृत के दो विख्यात विद्वानों ने कुन्दमाला का यह संस्करण प्रस्तुत किया है। आशा है इस से उन लोगों का पूर्ण हितसाधन होगा जिन के लिए यह तैयार किया गया है—

रघुनन्दन

६–६–१९५५

भूमिका

कुन्दमाला

संस्कृत साहित्य के अनेक अनमोल रत्न अभी तक प्रच्छन्न अवस्था में पड़े हैं। उन्हें खोज निकालने के लिए अथक प्रयत्न की आवश्यकता है। आज से प्रायः ३२-३३ वर्ष पूर्व संस्कृत जगत् को नाट्य दर्पण, सुभाषितावली, भाव प्रकाश, साहित्य दर्पण, शृंगारप्रकाश आदि ग्रन्थों में नामोल्लेख के अतिरिक्त 'कुन्दमाला' के विषय में कुछ भी ज्ञात न था। प्राचीन ग्रन्थों की खोज करने में दक्षिण भारत के विद्वानों ने विशेष प्रयत्न किया है। उन्हीं के उद्योग से हमें अनेक संस्कृत नाटक तथा अन्य महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ प्राप्त हुए हैं जिनमें से 'कुन्दमाला' एक है। सुव्यवस्थित रूप से खोज करने पर और भी अनेक ग्रन्थों के मिलने की सम्भावना की जा सकती है।

'कुन्दमाला' की अब तक छः हस्तलिखित प्रतियां मिली हैं। इन में से किसी में भी प्राकृत भाग की संस्कृत छाया नहीं है। 'कुन्दमाला' का प्रकाशन सर्वप्रथम १९२३ ईस्वी में मद्रास से हुआ था। सरल भाषा, उदात्तशैली तथा हृदयस्पर्शी कथा-वस्तु के कारण इस ने स्वल्प काल में ही अनेक पाठकों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। इस का अब तक अनेक आधुनिक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक इस का मूलपाठ कई अंशों में खंडित तथा अशुद्ध मिलता है। कहीं कहीं कुछ ऐसे स्थल हैं जिन का संस्कृत रूपान्तर नहीं हो सका। हम ने अपनी ओर से इस न्यूनता को पूरा करने का प्रयत्न किया है पर अभी इस दिशा में विशेष परिश्रम की आवश्यकता है।

कर्तृत्व

'कुन्दमाला' के कर्तृत्व का प्रश्न विवादग्रस्त है। तंजोर से प्राप्त दो प्रतिलिपियों में नाटक के अन्त में इस का लेखक अनूपराध-वासी कवि धीरनाग लिखा है— 'अनूपराधस्य कवेर्धीरनागस्य।' धीरनाग एक प्रसिद्ध कवि प्रतीत होता है किंच उसका नाम एवं उसके पद्य 'सूक्ति मुक्तावली' तथा 'सुभाषितावली' में मिलते हैं। 'सूक्ति मुक्तावली' में उसका नाम 'भदन्त धीरनाग' लिखा है। जिससे वह बौद्ध प्रतीत होता है। 'कुन्दमाला' का रचयिता कदाचित् कोई बौद्ध नहीं हो सकता। इस की व्याख्या हम आगे करेंगे। 'सुभाषितावली' में इसके पांच श्लोक मिलते हैं परन्तु उनमें से एक भी 'कुन्दमाला' की उपलब्ध प्रतियों में नहीं, अतः उसे इस नाटक का कर्ता मानने में अनेक आपत्तियां हो सकती हैं।

राम चन्द्र-गुण चन्द्र ने अपने 'नाट्य-दर्पण' में इसका कर्ता वीरनाग बताया है— 'प्रकर्यां यथा-वीर नाग निबद्धायां कुन्दमालायां सीतायास्तदपत्ययोः पालन संयोजनाभ्यां स्वफल निरपेक्षस्य वाल्मीकेः।' वीरनाग का 'नाट्यदर्पण' के अतिरिक्त सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में कहीं भी कुन्दमाला तथा उसके कर्ता का नाम एक साथ नहीं मिलता। लिपिकारों द्वारा वीरनाग के स्थान पर भ्रान्तिवश धीरनाग अथवा दिङ्नाग पढ़ा जाना भी कोई बड़ी बात नहीं।

मैसूर से प्राप्त प्रतिलिपियों की प्रस्तावना के अनुसार 'कुन्दमाला' का कर्ता अरारालपुर वासी दिङ्नाग है—'अरारालपुर वास्तव्यस्य कवेर्दिङ्नागस्य कृतिः कुन्दमाला नाम'। तंजोर से प्राप्त प्रतिलिपियों के अन्त में दिङ्नाग के स्थान पर 'धीरनाग' लिपिकार की त्रुटी प्रतीत होती है। नाटक के प्रारम्भ (प्रस्तावना) में यह त्रुटि सम्भव नहीं, किंच प्रत्येक लिपिकार प्रारम्भ में बड़ा सावधान होता है। अतः इस नाटक के कर्ता का नाम दिङ्नाग अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है।

दिङ्नाग एक प्रसिद्ध बौद्धाचार्य भी हुए हैं परन्तु 'कुन्दमाला' का लेखक दिङ्नाग तथा बौद्ध नैयायिक दिङ्नाग भिन्न २ व्यक्ति हैं। अन्तः-साक्ष्य के आधार पर स्पष्ट विदित होता है कि 'कुन्दमाला' का कर्ता ब्राह्मण धर्म का विरोधी कोई बौद्ध आचार्य नहीं हो सकता। 'कुन्दमाला' के प्रारम्भ में गणेश तथा शिव की स्तुति की गई है। नाटक के अन्य अनेक स्थलों से भी प्रतीत होता है कि इसके लेखक का पौराणिक हिन्दू धर्म पर दृढ़ विश्वास था। तथा च, बौद्ध आचार्य दिङ्नाग काञ्ची (वर्तमान कांजीवरम) के समीपस्थ सिंहवक्त्र का निवासी था जब कि 'कुन्दमाला' का लेखक अरारालपुर अथवा अनूपराध का। दूसरे, दिङ्नागाचार्य ईसा की चौथी-पांचवी शताब्दी में हुए हैं, 'कुन्दमाला' का उल्लेख भवभूति (७०० ई० के आसपास) के पूर्ववर्ती साहित्य में कहीं भी नहीं। 'कुन्दमाला' की कथावस्तु का आधार भी मुख्यतः भवभूति का 'उत्तररामचरितम्' है। अतः दिङ्नाग निश्चित रूप से भवभूति के पश्चात् हुआ है। 'कुन्दमाला' का सर्वप्रथम उल्लेख रामचन्द्र-गुणचन्द्र कृत 'नाट्य दर्पण' (११०० ई०) में मिलता है। अतः वर्तमान खोजों के आधार पर 'कुन्दमाला' का लेखक दिङ्नाग (वीरनाग) कवि सिद्ध होता है जो कि पौराणिक ब्राह्मण था। उसका स्थितिकाल ७०० ई० से ११०० ई० के बीच निर्धारित किया जा सकता है। 'कुन्दमाला' की प्राकृत तथा इस नाटक में अंकित धार्मिक तथा सामाजिक अवस्था भी इसी काल की ओर संकेत करती है।

जीवन

संस्कृत के अधिकतर कवियों का स्थितिकाल तथा उनकी जीवनी अनिश्चित है। वे सब कवि अपने विषय में मौन ही रहे हैं किंच उनका एकमेव उद्देश्य ज्ञान-विस्तार तथा सरस्वती की आराधना करना होता था न कि आत्म प्रख्यापना। संस्कृत साहित्य में एक यह त्रुटि अवश्य है कि मुख्य साहित्यकारों की जीवनी का उल्लेख अन्यत्र भी कहीं प्राप्य नहीं। उनका

स्थितिकाल तथा जीवन निर्धारित करने के लिए अन्तरङ्ग एवं बहिरङ्ग साक्ष्यों पर ही आश्रित रहना पड़ता है।

दिङ्नाग के जीवन का इतिहास भी कहीं उपलब्ध नहीं। नीचे 'कुन्दमाला' के आधार पर ही उनके जीवन का अनुमानतः निरूपण किया गया है।

नाटक में प्रस्तुत वातावरण, नाटक की शैली एवं उसके वर्णन से प्रतीत होता है कि दिङ्नाग सुदूर दक्षिण भारत अथवा लंका का निवासी था। राम, लक्ष्मण, सीता, कौशिक आदि नंगे पांव चलते हुए वर्णित किए गए हैं। यह विशेषतः दक्षिण की ही प्रादेशिक तथा सामाजिक प्रथा है। नाटक में मुख्यतः ग्रीष्मकाल का वर्णन हुआ है। यह भी नाटककार के ग्रीष्म प्रधान दक्षिण देश का होने की ओर संकेत करता है। नाटक में प्राकृत का बहुलता से प्रयोग भी सुदूर दक्षिण अथवा लंका का ही प्रभाव है। प्रस्तावना के अनुसार दिङ्नाग अरारालपुर नामक नगर का वासी था तथा कुछ प्रतियों के अन्त में किए निर्देश के अनुसार अनूराध का। अधिकतर विद्वानों के मत का झुकाव उसके अरारालपुर निवासी होने की ओर है। वह प्रस्तावना को ग्रन्थ की समाप्ति पर किए उल्लेख से अधिक विश्वसनीय समझते हैं। परन्तु प्राचीन ग्रन्थ लिपि, जिसमें 'कुन्दमाला' की मूल हस्तलिखित प्रतियां मिली हैं, की लेखन रीति कुछ ऐसी है कि उस में भ्रान्तिवश अनूराध के स्थान पर अरारालपुर पढ़ा जाना सम्भव है। लिपिकारों से भी यह स्खलन हुआ प्रतीत होता है। किंच अभी तक अरारालपुर नामक कोई नगर नहीं मिला और अनूराध लङ्का में स्थित है। अतः हम दिङ्नाग को अनूराध का निवासी समझते हैं।

दिङ्नाग के स्थितिकाल के विषय में ऊपर नाटक के कर्तृत्व के प्रश्न पर विचार करते समय विस्तार से उल्लेख किया जा चुका है कि वह ७०० ई० तथा ११०० ई० के बीच कहीं हुआ है।

दिङ्नाग कट्टर पौराणिक ब्राह्मण था तथा देवी देवताओं पर इसकी पूर्ण आस्था थी। नाटक में शिव की स्तुति तथा उसके माहात्म्य का बार

बार विशेषरूपेण उल्लेख होने से प्रतीत होता है कि वह शैव ब्राह्मण था। अन्तःसाक्ष्य के आधार पर उसे सामवेदी ब्राह्मण भी कहा जा सकता है। कुन्दमाला में स्थान स्थान (II 9, IV. 4, IV. 9, IV. 10) पर बड़े उत्साह के साथ सामवेद का नाम निर्देश करता है। VI. 45 में तो उसने 'वेदाः' के साथ 'साम' का पृथक् उल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त सामवेद के उपवेद गान्धर्ववेद का भी दिङ्नाग ने सम्मान पूर्वक निर्देश किया है। सन्ध्या, अग्निहोत्र, अतिथि पूजा आदि के बारम्बार सविशेष उल्लेख होने से प्रतीत होता है कि वह पक्का कर्मकांडी था। उसे लोगों में प्रचलित अन्धविश्वास पूर्ण बातों पर भी विश्वास था। अतएव उसने 'कुन्दमाला' के पंचम अंक में विदूषक से कहलवाया है—'यः किल अराघवः इमं सिंहासनमधिरोहति तस्य मूर्द्धा शतधा शतधा विदलति—इति।'

दिङ्नाग को संगीत से विशेष प्रेम था तथा उसे सामवेद के अतिरिक्त गान्धर्व वेद, नारदीय शिक्षा वा वीणा—वादन में विशेष रुचि थी। नाटक में उसने कई स्थानों पर संगीत के मोहक प्रभाव का वर्णन किया है, और तो और उसके घोड़े वा हाथी भी संगीत की मधुरतान में मस्त हो जाते हैं। दिङ्नाग का व्याकरण, ज्योतिष, दर्शन, आयुर्वेद तथा नाट्य शास्त्र पर पूर्ण अधिकार था। इस बात के अनेक प्रमाण हमें 'कुन्दमाला' से मिलते हैं।

दिङ्नाग ने कहीं भी राजसी ठाठबाट का ऐश्वर्यपूर्ण वर्णन नहीं किया। वह सदा वनों तथा आश्रमों के सरल जीवन का ही वर्णन करता है। इस से हम अनुमान लगा सकते हैं कि वह बड़ा धार्मिक तथा एकान्त प्रिय व्यक्ति था।

कथा

प्रथम अंक

विघ्नों का विनाश करने के लिए गणेश की स्तुति (नान्दी) के पश्चात् सूत्रधार दर्शक समाज की रक्षा के लिए शिव की जटाओं से प्रार्थना कर के सभासदों को अभी नाटक एवं उस के रचयिता का परिचय ही करा रहा होता है कि पर्दे के पीछे से लक्ष्मण के 'आर्या इधर आईए', शब्द सुनाई देते हैं। सूत्रधार के मुख से दर्शकों एवं पाठकों को ज्ञात होता है कि रावण के आश्रय में चिर काल तक रहने के कारण सीता के चरित्र के विषय में प्रचलित लोक-निन्दा के भय से घबरा कर राम ने गर्भिणी सीता का परित्याग कर दिया है तथा लक्ष्मण उसे वन में छोड़ने जा रहा है। (स्थापना)

वृक्षों तथा लताओं के जाल से भरे हुए गंगा-तट के वनों में रथ के न जा सकने के कारण सीता तथा लक्ष्मण, गंगा की धारा के साथ साथ सुखद समीर में धीरे धीरे पैदल ही चलते हैं। गर्भ-भार के कारण सीता शीघ्र ही थक जाती है तथा विश्राम करने के लिए एक वृक्ष की छाया में बैठ जाती है। विश्राम कर चुकने पर लक्ष्मण सीता को सूचित करता है कि राम ने लोकापवाद के भय से उसका परित्याग कर दिया है। सीता यह वज्र-कठोर समाचार सुनते ही मूर्छित हो जाती है। गंगा की शीतल पवन की कृपा से सचेत होने पर लक्ष्मण, निष्कारण परित्याग का विरोध करती हुई तथा आत्म हत्या करने के लिए प्रस्तुत, सीता को सान्त्वना देते हुए कहता है कि राम को उसके चरित्र पर अणुमात्र भी संदेह नहीं, नाही सीता के प्रति उसका प्रेम शिथिल हुआ है। उसने तो केवल उसके रावण के आश्रम में दीर्घ काल तक निवास करने के कारण उसके चरित्र के विषय में प्रचलित लोकापवाद के कलङ्क से अपने निर्मल रघुकुल को बचाए रखने के लिए उसका परित्याग किया है तथा उसके प्रवास काल में वह स्वयं राज–प्रासाद में भी वनवासी के समान ही रहेगा

एवं किसी भी अवस्था में दूसरा विवाह न करेगा। लक्ष्मण, सीता को शोक-वश आत्म-हत्या करने से भी रोकता है, किंच ऐसा करने पर तो रघुकुल का सर्वनाश हो जाएगा। प्रत्युत्तर में सीता राम को सन्देश भेजती है कि वह भी अपने स्वास्थ्य की ओर सावधान रहे तथा उसके शोक में प्रजा के प्रति अपने कर्तव्य से कदाचित् न चूके।

सीता को वन में अकेले छोड़ कर जाता हुआ लक्ष्मण वन देवताओं, ऋषियों, लोकपालों, पर्वतों तथा गंगा से प्रार्थना करता है कि वह सीता की रक्षा करे। उधर से महर्षि वाल्मीकि अपने शिष्यों से विपत्ति की मारी किसी रोती हुई अबला के विषय में सुन कर तत्काल वहां पहुंचते हैं। वह सीता का परिचय प्राप्त करने के पश्चात् योगशक्ति से सीता को निर्दोष जान कर उस की रक्षा का भार अपने ऊपर ले लेते हैं तथा उसे अपने आश्रम में ले जाते हैं। सीता यहीं पर भगवती गंगा से प्रार्थना करती है कि यदि उसे सकुशल प्रसव हो गया तो वह प्रति दिन उसे एक कुन्दमाला भेंट किया करेगी।

द्वितीय अंक

दो मुनिकन्याओं के सम्वाद से हमें पता चलता है कि महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में सीता ने कुश तथा लव नामक दो पुत्रों को जन्म दिया। वह अब दस वर्ष के हो गए हैं तथा वाल्मीकि द्वारा रचित 'रामायण' पढ़ते हैं। उधर राम ने नैमिशवन में अश्वमेध का आयोजन किया है तथा वाल्मीकि प्रभृति सब ऋषियों को निमन्त्रित किया है। (प्रवेशक)

सीता आश्रम में सदा शोक में डूबी रहती है। उस की सखी वेदवती उसे सान्त्वना देते हुए निर्दय राम द्वारा उस पर किए गए अत्याचार की याद दिला कर उसे राम के लिए दुखित होने से रोकती है। सीता का राम के प्रति दृढ़ अनुराग है तथा उसे विश्वास है कि राम भी उसे वैसे ही प्रेम करता है। वह किसी से भी राम को 'अपराधी' 'निर्दय' आदि सुनने को तैयार नहीं और इसीलिए वेदवती के उक्त कथन का प्रतिवाद करती है। पुनः

वेदवती उसे कहती है कि राम अश्वमेध में अन्य स्त्री का हाथ पकड़ेंगे तो सीता अति करुणापूर्ण शब्दों में उत्तर देती है कि उस का 'राम के हृदय पर अधिकार है, हाथ पर नहीं।' वेदवती उसे सान्त्वना देती है कि उस के प्रवास के दिन समाप्त होने को हैं। इतने में नेपथ्य से एक ऋषि की ध्वनि सुनाई देती है कि सभी आश्रमवासी राम द्वारा आयोजित अश्वमेध के अवसर पर नैमिशवन में पहुंचें सीता यह सुनते ही कुश-लव के प्रस्थान मंगल की तैयारी के लिए वहां से चल पड़ती है।

तृतीय अंक

सीता, कुश तथा लव नैमिशवन में पहुंच जाते हैं तथा राम-लक्ष्मण नैमिश वन में स्थित वाल्मीकि के आश्रम को, गोमती नदी के किनारे किनारे जा रहे होते हैं। (प्रवेशक)

मार्ग में राम निष्कारण सीता को निर्वासित करने के कारण अत्यधिक सन्तप्त दीखता है तथा लक्ष्मण से परिवेदना पूर्ण वर्तालाप करते हुए आगे बढ़ता है। लक्ष्मण उसके चित्त को शान्त करने के लिए उसका ध्यान गोमती नदी के सुन्दर दृश्य की ओर खींचता है। दोनों की दृष्टि एक साथ नदी के प्रवाह में बहती हुई एक कुन्द पुष्पों की माला पर पड़ती है। राम देखते ही पहचान लेता है कि हो न हो, वह माला सीता के हाथों की गुथी हुई है। जिधर से माला आ रही होती है, दोनों सीता की खोज में उधर ही चल पड़ते हैं। उस ओर से आती हुई वेद ध्वनि तथा धुएं से राम अनुमान लगाते हैं कि वाल्मीकि का आश्रम निकट ही है। थोड़ी दूर आगे जाने पर लक्ष्मण की दृष्टि किसी स्त्री के पद चिन्हों पर पड़ती है। राम उनके कोमल विन्यास तथा आकार से झट पहचान लेता है कि वह सीता के ही हैं। अब वह दोनों उन पद चिन्हों का अनुसरण करते हैं। कठोर भूमि पर वे चिन्ह ओझल हो जाते हैं तथा वह दोनों थकावट दूर करने के लिए समीपस्थ लताकुंज में बैठ जाते हैं।

उधर सीता फूल बीन रही होती है तथा वृक्षों की आड़ में उन दोनों के परस्पर वार्तालाप को सुनती है। राम को अपने विषय में अत्यधिक सन्तप्त होते देख कर सीता बड़ी कठिनता से अपने आपको उनके सम्मुख जाने से रोक पाती है। इतने में वाल्मीकि द्वारा प्रेषित ऋषि बादरायण राम और लक्ष्मण को खोजता हुआ उन्हें वाल्मीकि के पास लिवा लाने के लिए उसी कुंज में आ पहुंचता है।

चतुर्थ अंक

चतुर्थ अंक के प्रारम्भ में वेदवती नामक आश्रमकन्या अपनी सखी यज्ञवेदि को बताती है कि तिलोत्तमा नामक अप्सरा सीता का रूप धारण कर राम के सम्मुख जावेगी तथा सीता सा आचरण करती हुई सीता के प्रति उस के प्रेमभाव को जांचेगी। यज्ञवेदि जब उसे कहती है कि उन की इस मन्त्रणा को राम के मित्र कौशिक (विदूषक) ने सुन लिया है तो वेदवती तिलोत्तमा को वैसा करने से रोकने का निश्चय कर लेती है। इन्हीं के संवाद से हमें यह भी ज्ञात होता है कि वाल्मीकि के दिव्य प्रभाव से आश्रम की बावड़ी पर स्थित स्त्रियों को कोई पुरुष देख न सकेगा और सीता आजकल सारा दिन बावड़ी के तट पर ही बैठी रहती है। तदनन्तर वेदवती तिलोत्तमा के पास चली जाती है तथा यज्ञवेदि सीता के पास। (प्रवेशक)

सीता बावड़ी के तट पर पूर्व-वनवास काल में चित्रकूट की वनदेवता मायावती द्वारा उपहार में दिया शाल ओढे बैठी है तथा अपने दुःखों को स्मरण करती हुई विलाप कर रही होती है। यज्ञवेदि उसे शान्त करती है तथा पास ही राजहंसों के क्रीडामग्न जोड़े की ओर देख कर मनोविनोद करने को कह वहां से चली जाती है। इतने में, उधर से राम के साथ उस का बचपन का साथी कण्व 'वाल्मीकि के आदेश से' वन की सुषमा दिखला कर राम का मनोविनोद करने के लिए आता है। जब कण्व सन्ध्याकालीन नित्यकर्म सम्पादित करने के लिए राम को अकेले छोड़ कर चला जाता है तो राम

धुएं से पीड़ित नेत्र बावड़ी में धोने के लिए जाता है। वहां उसे सीता का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है उसे साक्षात् न पाने पर मूर्च्छित हो जाता है। तत्काल सीता अपने स्पर्श से उसे सचेत करती है। वह उसे सामने आने केलिए प्रार्थना करता है। सीता अव्यक्त रूप से उसे उत्तर भी देती जाती है। अपने प्रयत्न में असफल होने पर राम पुनः मूर्च्छित हो जाता है। सीता इस बार अपने आंचल से हवा कर के उसे सचेत करती है तथा राम सचेत होते ही सीता का शाल खींच लेता है और पहचान लेता है कि वह सीता का ही है। वह आदर पूर्वक उसे ओढ़ लेता है तथा अपना उतार देता है जिसे कि सीता उठा लेती है। तत्पश्चात् सायंकाल हो जाने पर सीता आश्रम को लौट जाती है।

राम इस घटना पर आश्चर्यपूर्वक विचार कर ही रहा होता है कि विदूषक आ कर राम को प्रातःकाल वेदवती तथा तिलोत्तमा के बीच, तिलोत्तमा का सीता का रूप धारण कर के राम के सम्मुख उपस्थित होने की छिप कर सुनी हुई बात सुनाता है। अब राम को विश्वास हो जाता है कि उसके साथ तिलोत्तमा ने ही उपहास किया है।

पंचम अंक

अगले दन प्रातः विदूषक तपस्वियों के एकत्र होने के समय की घोषणा करता है तथा राम को अपने साथ सभा मण्डप की ओर ले जाता है। राम अभी कल की बीती घटना पर विस्मय पूर्वक विचार कर रहा होता है। उस का मन नहीं मानता कि वह सब धोखा था, क्योंकि सीता का प्रतिबिम्ब देखने से, सीता परित्याग के पश्चात मृतप्रायः से उसके मन में नवीन चेतना का आविर्भाव हो गया था। सीता का ही बार बार स्मरण करते हुए राम पर विदूषक दोष लगाता है कि वह वाणी मात्र से सीता को चाहता है, हृदय से नहीं अन्यथा उसका परित्याग क्यों करता। प्रत्युत्तर में राम अपने को निर्दोष सिद्ध करता है। दोनों ही सीता के प्रसङ्ग से अत्यधिक सन्तप्त हो उठते हैं।

तपस्वियों के आने का समय निकट होने के कारण राम विदूषक को बाहर देखने के लिए भेजता है कि सभी द्वारपाल निश्चित स्थान पर खड़े हैं कि नहीं। विदूषक, वापसी पर राम को सूचित करता है कि बाहर बिल्कुल राम-लक्ष्मण से मिलती जुलती आकृति वाले दो तपस्वी-बालक खड़े हैं तथा वाल्मीकि द्वारा रचित 'रामायण' राम को सुनाने के लिए आए हैं। राम यह सुनते ही उत्कंठित हो जाता है तथा उन्हें शीघ्र ही भीतर लिवा लाने का आदेश देता है।

कुश तथा लव के भीतर प्रवेश करने पर उनको देखते ही राम के मन में विचित्र भावों का उदय होता है तथा उसके नेत्रों में आंसू छलछला उठते हैं। सीता ने लव को, राजा को प्रणाम करने तथा उसका कुशल समाचार पूछने का आदेश दिया था। स्वाभिमानी कुश पहले तो प्रणाम करने का विरोध करता है परन्तु राजा के सम्मुख जाते ही दोनों के सिर सहसा झुक जाते हैं। राम तपस्वी-बालकों को प्रणाम करते देख कर घबरा उठता है तथा उनका वही प्रणाम उनके गुरु के चरणों की भेंट कर देता है। तत्पश्चात् राम सिंहासन पर उन्हें अपनी गोदी में बिठा लेता है तथा प्रेमपूर्वक उनका आलिंगन करता है। उनके स्पर्श से राम को पुत्र-सुख का सा आनन्द अनुभव होने लगता है तथा सोचता है कि यदि सीता को भी सकुशल प्रसव हो गया होगा तथा उसकी सन्तान जीवित होगी तो वह भी अब तक उतनी बड़ी हो गई होगी।

इतने में विदूषक चिल्ला उठता है कि राम कुश-लव को नीचे उतारे, किंच रघुवंशियों के अतिरिक्त जो कोई उस सिंहासन पर बैठता है उस का सिर चूर चूर हो जाता है। राम तत्काल उन्हें नीचे उतार देता है तथा देख कर हैरान होता है कि राजसिंहासन पर बैठने के कारण उन्हें कोई आघात नहीं पहुँचा। उनसे प्रश्न करने पर राम को ज्ञात होता है कि वह दोनों जुड़वें भाई हैं, सूर्यवंशी हैं तथा उनका गुरु महर्षि वाल्मीकि है। वह यह भी बताते हैं कि उनके पिता को उनकी माता 'निर्दय' नाम से पुकारती है तथा उनकी माता को

वाल्मीकि 'वधू' एवं अन्य आश्रमवासी 'देवी' कहते हैं। इन सब बातों से रामका सन्देह दृढ़ हो जाता है कि वह सीता की ही सन्तान हैं तथा वह और भी अधिक अशांत हो जाता है। इतने में, नेपथ्य से कुश-लव को सम्बोधित करती हुई ध्वनि आती है कि वह 'रामायण' का गान प्रारम्भ करें राम रामायण सुनने के लिए मित्रों एवं सम्बन्धियों को वहां एकत्र होने के लिए सन्देश भेजता है।

षष्ठ अंक

सब के सभा मण्डप में एकत्र हो जाने पर राम की आज्ञा से कुश तथा लव दशरथ के विवाह से लेकर सीता-निर्वासन तक 'रामायण' की कथा सुनाते हैं। राम के वहां संदेह पड़ जाता है कि सम्भवतः सीता की मृत्यु हो जाने के कारण वाल्मीकि ने इसके आगे की कथा अप्रिय प्रसंग वश वहीं समाप्त कर दी होगी। तथापि आगे का प्रसंग जानने के लिए कण्व को बुलाया जाता है। कण्व तीन और श्लोकों में कथा पूरी करता है तथा उन्हें बतलाता है कि कुश और लव राम की ही सन्तान हैं। यह समाचार सुनते ही भावावेश में राम, लक्ष्मण, कुश तथा लव मूर्छित हो जाते हैं।

इतने में वाल्मीकि सीता के साथ प्रवेश करता है तथा वह दोनों सब को सचेत करते हैं। वाल्मीकि राम को, सीता की अग्नि-परीक्षा ले लेने पर भी केवल कुछ उच्छृङ्खल लोगों के कहने से उसका परित्याग करने के कारण कड़े शब्दों में डांटता है तथा तत्पश्चात् सीता को अपनी सच्चरित्रता प्रमाणित करने के लिए आदेश देता है। सीता भरी सभा में सब देवताओं, ऋषियों, लोकपालों तथा रघु प्रवर्तक सूर्यदेव को सम्बोधित करके शपथ पूर्वक कहती है कि वह सर्वथा शुद्ध चारित्रा है तथा पृथ्वी देवी से प्रार्थना करती है कि वह साक्षात् प्रकट हो कर सब के सम्मुख घोषित करे कि सीता सच्चरित्र-सम्पन्न पतिव्रता है वा नहीं।

सीता के पातिव्रत्य तेज के बल से पृथ्वी देवी भूतल से सहसा वहां

प्रकट होकर सब को विश्वास दिलाती है कि सीता का चरित्र सर्वथा पुनीत एवं निष्कलङ्क है एवं उसने कभी मन से भी राम के अतिरिक्त अन्य पुरुष का चिन्तन नहीं किया। तत्पश्चात् पृथ्वी देवी अन्तर्हित हो जाती है तथा राम सीता को स्वीकार कर लेता है।

अब राम लक्ष्मण को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहता है परन्तु लक्ष्मण की ही अभ्यर्थना पर उसे इस उत्तरदायित्व से मुक्त कर ज्येष्ठ पुत्र कुश को इस पद के लिए निश्चित करता है। तदनन्तर वाल्मीकि, राम के कहने पर कुश को सम्राट पद पर तथा लव को युवराज पद पर अभिषिक्त करता है। अन्त में, हर्षपूर्ण वातावरण में वाल्मीकि सब को आशीर्वाद देते हैं और नाटक समाप्त हो जाता है।

———

कथावस्तु का आधार

'कुन्दमाला' की कथा वाल्मीकि—रामायण के उत्तर काण्ड तथा भव-भूति द्वारा रचित 'उत्तर राम चरितम्' से ली गई है। मुख्यकथा—लोकापवाद के कारण सीता-परित्याग, प्रवास काल में उस का वाल्मीकि-आश्रम में निवास नैमिशवन में राम का अश्वमेध करना, कुश तथा लव का राम को रामायण सुनाना आदि—का आधार 'वाल्मीकि रामायण है तथा शेष स्थलों वाल्मीकि आश्रम में सीता का राम तथा अन्य पुरुषों के लिए अदृश्य होना, पृथ्वी देवी का स्वयं आ कर सीता की चरित्र-शुद्धि प्रमाणित करना, सीता-राम पुनर्मिलन आदि की रचना भवभूति के 'उत्तर राम चरितम्' अनुसार की गई है। पंचम अंक में नाटककार बहुत कुछ कालिदास के 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के सप्तम अंक से प्रभावित हुआ दीखता है। इस में राम का कुश-लव को पहचानने तथा सीता-राम के पुनर्मिलन के दृश्य दुष्यन्त के भरत को पहचानने तथा दुष्यन्त-शकुन्तला पुनर्मिलन के दृश्यों के समान ही अंकित किए गए हैं। प्रथम अङ्क में सीता को वन में अकेले छोड़ने पर सहानुभूति वश शोक-विधुर पशु-पक्षियों के दुःख के वर्णन पर भी 'शाकुन्तलम्' में कालिदास द्वारा वर्णित शकुन्तला के पति-गृह जाने के समय मृगों, मयूरों तथा लताओं के शोक के वर्णन की छाप है। (देखिए कुन्दमाला' I. 18 तथा 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्')

नाटक में मानवीय स्वभाव के चित्रण, नाटकीय प्रभाव में उत्कर्ष तथा अभिनय में सुकरता लाने के उद्देश्य से दिङ्नाग ने अपने पूर्व-वर्ती कवियों की रचनाओं में प्रस्तुत अनेक स्थलों में परिवर्तन एवं परिवर्धन किए हैं।

परिवर्तन वा परिवर्धन

क १. 'रामायण' में राम, लक्ष्मण को सीता को गंगा के पार तमसा नदी के तट पर स्थित वाल्मीकि के आश्रम में छोड़ आने के लिए आदेश देता

है वहां पहुंचने के लिए नाव द्वारा गंगा को पार करना पड़ता है। नाव द्वारा गंगा पर करने का दृश्य रंगमंच पर प्रस्तुत करना अति कठिन है अतः 'कुन्दमाला' में वाल्मीकि का आश्रम गंगा-तट पर स्थित दिखलाया गया है।

२. 'रामायण' में सीता को वन में छोड़ने पूर्व लक्ष्मण बता देता है कि उसे वाल्मीकि के आश्रम के निकट छोड़ा जा रहा है। उधर, वाल्मीकि भी सीता के आगमन को जान लेता है।

'आयान्ती चासि विज्ञाता मया धर्म समाधिना।'

'कुन्दमाला' में माल्मीकि तथा सीता को ऐसा कुछ ज्ञान नहीं।

(उत्तर काण्ड)

३. अंक २—४ तक की कथा 'रामायण' में बिल्कुल नहीं पाई जाती।

४.—'रामायण' में सीता अन्त में पृथ्वी में समा जाती है। नाट्यशास्त्र के नियमानुसार नाटक को दुःखान्त बनाना तथा उसमें मृत्यु दिखाना वर्जित है अतः 'कुन्दमाला' में 'उत्तररामचरितम्' के समान सीता-राम का पुनर्मिलन दिखाया गया है।

५.—पुनर्मिलन के पश्चात् 'कुन्दमाला' में कुश तथा लव को क्रमशः महाराज तथा युवराज पद पर अभिषिक्त किया जाता है। 'रामायण' तथा 'उत्तर राम चरितम्' में ऐसा नहीं हुआ।

ख १. 'उत्तर राम चरितम्' में करुण रस के अतिरिक्त अश्वमेध का घोड़ा रोक लेने पर कुश-लव का राम की सेना के साथ युद्ध वर्णन के द्वारा वीर रस का भी समावेश किया गया है। 'कुन्दमाला' में इस का अभाव है। यह केवल करुणरस पूर्ण नाटक है। कहीं कहीं 'उत्तररामचरितम्' के समान विप्रलम्भ शृङ्गार की झलक अवश्य मिलती है।

२. 'उत्तररामचरितम्' में संस्कृत नाटकों में प्रायः पाए जाने वाले विदूषक नामक पात्र का अभाव है। 'कुन्दमाला' में यह है। राम नाटकों में

सम्भवतः 'कुन्दमाला' ही एक ऐसा नाटक है जिसमें विदूषक पाया जाता है।

३. 'उत्तर राम चरितम्' में सीता कुश लव के स्तन्य-त्याग के पश्चात् उन्हें वाल्मीकि-आश्रम में छोड़ कर स्वयं पाताल चली जाती है। 'कुन्दमाला' में पूर्ण प्रवास काल वह वाल्मीकि आश्रम में ही बिताती है तथा कुश लव उस के साथ रहते हैं।

४. भवभूति ने सीता का प्रवास काल १२ वर्ष दिखलाया है; दिङ्नाग ने १० वर्ष।

५. 'उत्तर राम चरितम्' में सीता को ज्ञान है कि उस के गर्भ में दो शिशु हैं परन्तु 'कुन्दमाला' की सीता इस विषय में अनभिज्ञ है।

६. 'उत्तर राम चरितम्' में राम शम्बूक वध के कारण पुनः वन में जाता है तथा वहीं सीता के सम्पर्क में आता है। वहां वह पंचवटी में भी जाता है। 'कुन्दमाला' में वह अश्वमेध के कारण केवल नैमिशवन में जाता है।

७. 'उत्तर राम चरितम्' में सीता भगवती गंगा के वरदान के फलस्वरूप पुरुषों के लिए अदृश्य रहती है, 'कुन्दमाला' में वाल्मीकि के वर से। भवभूति ने सीता के प्रतिबिम्ब के अदृश्य होने की ओर कोई स्पष्ट संकेत नहीं किया नाही गंगा ने सीता को ऐसा वर दिया था तथापि राम और वासन्ती उसे देख नहीं पाते, दिङ्नाग ने भवभूति की इस त्रुटि को दूर किया है तथा छाया दृश्य का समावेश करके नाटक के सौन्दर्य एवं उसकी रोचकता में अभिवृद्धि की है।

८. 'उत्तररामचरितम्' में अदृश्य सीता मूर्च्छित राम को सचेत करने के लिए केवल उसका स्पर्श करती है। 'कुन्दमाला' में आंचल से हवा करती है तथा आलिंगन भी।

९. 'उत्तररामचरितम्' में राम अदृश्य सीता का हाथ पकड़ लेता है, कुन्द-

माला' में वह उसका शॉल (उत्तरीय) खींच लेता है तथा दोनों परस्पर शॉल बदल लेते हैं।

१०. 'उत्तररामचरितम्' में राम, प्रवास काल में सीता के सम्पर्क में केवल एक बार आता है। 'कुन्दमाला' में दो बार, एक बार अंक ३ में दूसरी बार अंक ४ में।

११. 'उत्तर राम चरितम्' में राम सीता को केवल उसके स्पर्श से पहचानता है। 'कुन्दमाला' में उसके वास स्थान की ओर से आती हुई वायु, चरण-चिन्हों, जल में पड़ते हुए प्रतिबिम्ब, आलिंगन तथा वनदेवता मायावती के दिए हुए शॉल से।

१२. 'उत्तररामचरितम्' में कुश-लव को ज्ञान नहीं कि वह सूर्यवंशी हैं। 'कुन्दमाला' में वे यह जानते हैं। इससे रामको उन्हें शीघ्र पहचानने में सहायता मिलती है।

१३. 'कुन्दमाला' में कुश-लव को राम अपने साथ सिंहासन पर बिठलाता है। कौशिक जब राम को कहता है कि 'यः किल अराघवः इमं सिंहासन-मधिरोहति तस्य मूर्द्धा शतधा शतधा विदलति' तो राम उन्हें नीचे उतार देता है। परन्तु कुश-लव को इस से कोई क्षति नहीं पहुंचती। इस से राम का सन्देह दृढ़ होता है कि वह उस की सन्तान हैं। 'उत्तर राम चरितम्' में कुश-लव के जृम्भकास्त्र के प्रयोगसे राम उन्हें पहचानने में समर्थ होता है।

१४. 'उत्तर राम चरितम्' में वाल्मीकि द्वारा आयोजित नाटक के अन्तर्गत दूसरे नाटक में कुश-लव राम को 'रामायण' सुनाते हैं, 'कुन्दमाला' में राम द्वारा आयोजित सभा मण्डप में। दोनों नाटकों में राम रामायण-श्रवण के अनन्तर पुत्रों को पहचानता है।

१५. 'उत्तर राम चरितम्' में सीता की चरित्र-शुद्धि प्रमाणित करने के लिए गंगा तथा पृथ्वी स्वयं सीता को साथ ले कर रामादि के समक्ष उपस्थित

होती हैं, सीता उन्हें नहीं कहती। कुन्दमाला' में सीता एतदर्थ स्वयं पृथ्वी का आह्वान करती है।

१६. 'उत्तररामचरितम्' में राम द्वारा सीता को स्वीकार करने के पश्चात् नाटक समाप्त हो जाता है। 'कुन्दमाला' में अंत में कुश-लव का क्रमशः सम्राट् तथा युवराज पद पर अभिषेक किया गया है। इस से नाटक की कथा पूर्णता आ गई है।

इन के अतिरिक्त दोनों नाटकों में और भी अनेक समानताएं तथा विभिन्नताएं हैं। ये सब परिवर्तन नाटक कार की नाट्यकुशलता का परिचय देते हैं। इनसे नाटक की रोचकता में अभिवृद्धि होने के साथ नाटकीय वातावरण में पर्याप्त स्वभाविकता भी आ गई है।

—०—

धार्मिक और सामाजिक परिस्थिति

प्रत्येक साहित्यिक रचना अपने काल की परिस्थितियों की परिचायक होती है। जिस रचना में उस काल की परिस्थिति का सच्चा प्रतिफलन नहीं होता आलोचक उसकी गणना वास्तविक साहित्य में करने से हिचकिचाते हैं। 'कुन्दमाला' नाटक इस कसौटी पर पूरा उतरता है। इस के अध्ययन से हमें तात्कालीन धार्मिक तथा सामाजिक दशा का स्पष्ट परिचय मिलता है।

दिङ्नाग के समय पौराणिक हिन्दु धर्म पूर्णता को प्राप्त हो चुका था। देवी देवताओं की पूजा खूब प्रचलित हो चुकी थी तथा लोगों की उन पर पूर्ण श्रद्धा थी। नाटक के प्रारम्भ में की गई गणेश तथा शिव की स्तुति तथा ब्रह्मा, विष्णु, महेश का सम्मान पूर्ण उल्लेख इसी बात का द्योतक है। अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए मनौतियाँ मानी जाती थीं। सीता सकुशल प्रसव होने पर गंगा को प्रतिदिन कुन्दमाला भेंट चढ़ाने की प्रतिज्ञा करती है। उस काल में अवतारवाद का भी खूब प्रचलन हो चुका था। दिङ्नाग ने राम का विष्णु के अवतार रूप में निरूपण किया है। उसने राम को 'रामाह्वयस्य मधुसूदनस्य,' 'रामाभिधानो हरिः' कह कर ही वर्णित किया है। गंगा को पवित्र नदी माना जाता था तथा उसे 'मातर्गंगे' के नाम से पुकारा जाता था। लोगों का विश्वास था कि गंगा के दर्शन एवं उसमें स्नान करने से बड़ा पुण्य होता है तथा समस्त पापों का क्षय हो जाता है।

तात्कालिक समाज सिद्ध, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर आदि पौराणिक देव-जातियों से सुपरिचित था, अतएव नाटक में उनका बार २ उल्लेख हुआ है। लोगों की यह भी धारणा थी कि पृथ्वी को शेषनाग ने अपने सिर पर उठाया हुआ है। उन दिनों सन्ध्या अग्निहोत्र आदि धार्मिक कृत्यों का पालन प्रतिदिन नियमित रूप से होता था। नाटक के प्रायः सभी मुख्य पात्र धार्मिक क्रियाओं के अनुष्ठान में सदा तत्पर दीखते हैं। अनेक प्रसंगों से स्पष्ट है कि आर्य परि-

चारों में दोनों समय यज्ञ होता था तथा यज्ञ में स्त्रियां भी भाग लेती थीं। उनके बिना यज्ञ अपूर्ण एवं निष्फल माना जाता था। विवाह का उद्देश्य सन्तानोत्पत्ति तथा यज्ञ समझा जाता था: 'अपत्यमिष्टं च वदन्ति देवाः फलद्वयं दारपरिग्रहस्य' घरों में पुंसवन, जात कर्म, उपनयन आदि संस्कारों को भी प्रधानता प्राप्त थी। एक स्थान पर प्रस्थान के समय की मंगल विधि का भी उल्लेख है।

ब्राह्मणों को तत्कालीन समाज में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। ये राजाओं के लिए भी आदरणीय थे। कुश तथा लव को ब्राह्मण-बालक समझने के कारण उन्हें आदर सूचक शब्दों में संबोधित करता है तथा उनके प्रणाम करने पर वह घबरा उठता है। तपस्वियों को भी मानपूर्ण पदवी प्राप्त थी। राम अपने बाल सखा ऋषि कण्व द्वारा मान पूर्वक संबोधित किये जाने पर भी संकोच का अनुभव करता है। तपस्वियों के तप का प्रभाव अमोघ एवं सर्वकार्यसाधक माना जाता था। देवता तक उन्हें कोई हानि न पहुंचा सकते थे। (V. 14)

दिङ्नाग के समय बहु विवाह प्रथा प्रचलित थी विशेषतः राजाओं में परन्तु राम जैसे लोगों को इससे घृणा थी। लोग वानप्रस्थ आश्रम में कम ही प्रवेश करते थे।'स्थाने खलु परिक्रामन्ति तपोवन पराङ्मुखः गृहमेधिनः' राम का यह वाक्य इसी बात का द्योतक है। अतिथि सत्कार को मुख्य धर्म माना जाता था वा घर आए अतिथि का आलिंगन करके अभिनन्दन किया जाता था। कुश-लव द्वारा केवल कुशल समाचार पूछे जाने पर राम उन्हें कहता है–'भवतोः किं वयमत्र कुशल प्रश्नस्य भाजनम्, न पुनरतिथिजनस्य समुचितस्य कण्ठग्रहस्य ?' उन दिनों छोटा भाई बड़े भाई का नाम न लेता था। राम से कुश का परिचय कराते समय लव कुश का नाम नहीं लेता, परन्तु स्त्रियां सास-ससुर का नाम लेने में संकोच नहीं करती थीं। सीता अनेक प्रसंगों में सास ससुर तथा पति का नाम लेती हैं। आपत्काल में इस प्रकार नाम लेने में कोई दोष भी नहीं।

स्त्रियां वैसे बड़ी लज्जाशील होती थीं। वे अपरिचित व्यक्तियों के समक्ष जल विहार तथा फूल बीनने में भी संकोच करती थीं—(चतुर्थ अंक)। स्त्रियों में पर्दा प्रथा भी प्रचलित थी। छठे अंक में रामायण सुनने के अवसर पर कौशल्या, सुमित्रा, कैकेयी तथा उर्मिला, श्रुतकीर्ति, मांडवी आदि पर्दे के पीछे बैठती हैं। यज्ञ आदि वैदिक कृत्यों में अधिकार होने पर भी स्त्रियों को समाज में सम्माननीय स्थान प्राप्त न था, उन्हें अबला ही समझा जाता था। उस समय लोग नंगे पांव चलते थे। राम, लक्ष्मण, सीता विदूषक आदि ग्रीष्म ऋतु में भी नंगे पांव घूमते दीखते हैं। यह दक्षिण की प्रथा है। लोगों की अन्ध विश्वास पूर्ण बातों पर श्रद्धा थी। राम जैसा व्यक्ति भी विदूषक के 'यः अराघवः इमं सिंहासनमधिरोहति तस्य मूर्धा शतधा शतधा विदलति'—वचन पर विश्वास कर लेता है।

राजा सदा प्रजा के हित साधन में तत्पर रहते थे। प्रजा के हित के लिए वह महान् से महान् कष्ट सहने को प्रस्तुत रहते थे। राजाओं की मृत्यु के उपरान्त उनकी मूर्तियां बनाई जाती थीं तथा उनकी समुचित पूजा की जाती थी। सीता, प्रथम अंक में वन में छोड़ कर जाते हुए लक्ष्मण से कहती है 'शुश्रूषितव्यः प्रतिमागतो महाराजः'। परन्तु कहीं पर देव-मूर्तियों का उल्लेख नहीं। सम्भवतः तब तक मूर्ति पूजा वर्तमान रूप में प्रारम्भ न हुई थी।

उस काल के समाज में गो सेवा तथा गो पूजा को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। गोवंश की वृद्धि तथा उस के कुशल-क्षेम के प्रति लोग विशेष चिन्तित रहते थे। नाटक में दो बार गौओं के कल्याण तथा उन के वंश की वृद्धि के लिए प्रार्थना की गई है।

'स्वस्ति गोभ्यः वर्धतां गोकुलं च।'

दिङ्नाग की शैली

दिङ्नाग की शैली प्रसाद गुण पूर्ण तथा सरल है इसकी भावव्यञ्जना शैली में कहीं भी दुरूहता नहीं। भाषा में भी कहीं क्लिष्टता नहीं तथा उस में लम्बे लम्बे समासों का सर्वथा अभाव है। इस से नाटक की क्रियाशीलता को पर्याप्त तीव्रता मिली है। दिङ्नाग की रचना भारवी, माघ, बाण आदि की कृत्रिम शैली एवं भाषा से सर्वथा मुक्त है। इसने अनुप्रास, यमक आदि, भाषा में चमत्कार लाने वाले अलंकारों का प्रयोग अवश्य किया है परन्तु भाषा की सरलता एवं भावों की स्पष्टता को कोई आघात नहीं पहुंचने दिया। भाषा में चमत्कार लाने की अपेक्षा दिङ्नाग ने भावों को सुबोध बनाने की ओर अधिक ध्यान दिया है। इसका यह अर्थ नहीं कि उसने अलंकारों अथवा शब्द शक्तियों का प्रयोग किया ही नहीं या यदि किया है तो कम। दिङ्नाग अलंकारों का समुचित प्रयोग करने में सिद्धहस्त था तथा उसने अलंकारों की सहायता से अनेक मुँह बोलते चित्र अंकित किए। उदाहरण के लिए देखिए—

'पदे पदे में पदमादधाना शनैः शनैरेतु मुहूर्तमार्या, कलहंसाः कलगिरः निर्लक्षणो लक्ष्मणः, आर्यस्य रम्ये भवनेऽपि वासस्तव प्रवासे वनवास एव, विजने वने, सजल जलद, इत्यादि। उसकी उपमाएं भी बड़ी हृदय ग्राहक हैं। जैसे, 'असितपक्षचन्द्रलेखेव दिने दिने परिहीयसे (द्वितीय अंक) स्वमति प्रबलेन हृदय सन्तापेन बडवानलेनेव भगवान् महासमुद्र आत्मनो महत्वे न परिहीयसे, अहं पुनः स्वभाव लघुतया देव्याः सीतया गतिं स्मृत्वा दावानलेनेव तुषार बिन्दुर्निरवशेषं परिशुष्यामि। (पंचम अंक)

प्रविश्य तरुमूलानि नीत्वा मध्यन्दिनातपम्।
अध्वनीना इव छाया निर्गच्छन्ति शनैः शनैः॥ (तृतीय अंक)

इसी प्रकार उत्प्रेक्षा, रूपक, निदर्शना, दृष्टान्त, अर्थान्तरन्यास आदि

अलंकारों के प्रयोग में भी कवि की कुशलता का परिचय मिलता है। इतना अवश्य कहना पड़ेगा कि कुछ स्थानों के अतिरिक्त दिङ्नाग के वर्णन परम्परा भुक्त हैं उन में मौलिकता तथा नवीनता का अभाव है।

सरलता दिङ्नाग का मूल मन्त्र है परन्तु उसने कहीं कहीं अति सरल शब्दों का प्रयोग अत्यन्त असाधारण अर्थ में किया है जैसे, 'विषाद' का प्रयोग उद्वेग के अर्थ में, 'वेग' का दबाव, 'नियुक्त' का प्रार्थना 'निष्कान्तम्' का मृत्यु, 'परिधानक' का पहनने वाला, 'महार्घम्' का भीषण, 'प्रणीतम्' का उपहार में दिया हुआ, 'अद्य' का आज से लेकर, 'प्रदर्शितम्' का दिया के अर्थ में प्रयोग हुआ है। व्याकरण की दृष्टि से इन शब्दों का प्रयोग शुद्ध होने पर भी देखने, प्रेक्षक तथा पाठक को कवि का अभिप्राय समझने में कठिनाई होती है।

दिङ्नाग को प्राचीन शब्दों के तुल्य नए शब्द गढ़ने का भी शौक है, जैसे 'अत्याहितम्' के अनुरूप 'महाहितम्', 'अन्तर्हिता' के अनुरूप 'अन्तर्भूता'।

कुछ शब्दों तथा प्रत्ययों के साथ कवि का विशेष अनुराग है तथा उन का वह बार २ प्रयोग करता है, जैसे 'मात्र—स्मरणमात्रेण, दर्शनमात्रेण, आपातमात्रेण, भाव—भावदोषात्, भावबन्धेन, अनुरागभावात्, परित्यक्त-बालभावो, पत् धातु—पात, संपतित, संनिपतित, संपात। केवल संपात शब्द का प्रयोग दस स्थानों पर हुआ है, अन्प्रत्यय—परिधानक, दारुणत्वसूचनः; छ से पूर्व च् (तुक्) का आगम—इवच्छाया, एवच्छत्रम्; संज्ञा बनाने के लिए क्त का प्रयोग—जीवित (जीवन) निष्कान्तम् (मृत्यु), इष्टम् (यज्ञ)।'

व्याकरण शास्त्र का पंडित होने पर भी दिङ्नाग की रचना में व्याकरण के अनेक दोष पाए जाते हैं। नामय के स्थान पर नमस्व, व्यवसातुम् के स्थान पर व्यवसितुम्, आकाङ्क्षतु के स्थान पर आकाङ्क्षमाण आदि प्रयोग दिङ्नाग अथवा उस के लिपिकारों के प्रमाद के द्योतक हैं।

इन कुछ त्रुटियों के अतिरिक्त दिङ्नाग की भाषा परिष्कृत एवं रुचिर है। दिङ्नाग की रचना की एक विशेषता यह भी है कि उसके पद्य तथा गद्य दूरान्वय दोष रहित हैं तथा गद्य भी ताल एवं लय पूर्ण है। उसने प्रायः सर्वत्र संक्षेप शैली का अवलम्बन किया है। वह कई स्थानों पर संज्ञा को स्वयंगम्य छोड़ कर केवल विशेषण का प्रयोग करता है जैसे, 'ज्येष्ठ—(भ्रातृ)—वचनानुवर्ती', अत्याहितम्-(कर्म)-आचरितम् आदि। इस से भाषा में सौष्ठव आ गया है तथा भाव सौन्दर्य में वृद्धि हुई है।

दिङ्नाग के कथोपकथन भी उसकी अपनी विशेषता हैं। कथोपकथन अथवा संवाद नाटक का प्राण होते हैं। कथानक को गति प्रदान करने के लिए आवश्यक है कि संवाद सुनते ही समझ में आ जाने वाले हों तथा छोटे हों। लम्बे संवाद सुनने तथा पढ़ने वालों में तो अरुचि उत्पन्न करते ही हैं साथ कथानक में भी नीरसता उत्पन्न कर देते हैं। दिङ्नाग किसी भी भाव का लम्बा चौड़ा वर्णन न करके उसकी मार्मिक व्यञ्जना मात्र कर देता है। उसके संवाद आदि से अन्त तक छोटे, सरल, चुस्त और मुहावरेदार हैं तथा प्रत्येक पात्र के मुख से उस के अनुरूप ही कथोपकथन कराया गया है। कथोपकथन प्रत्येक पात्र के चरित्र पर पर्याप्त प्रकाश डालते हैं। इस से उन में पर्याप्त स्वाभाविकता तथा रोचकता आ गई है तथा इन विशेषताओं के कारण वह दर्शक अथवा पाठक को बरबस अपनी ओर खींच लेते हैं। इन संवादों से नाटकीय प्रभाव में भी अपूर्व शक्ति आ गई है। छोटे होने पर भी वह प्रत्येक भाव को उत्तरोत्तर अधिक उत्कर्ष तक पहुंचाने तथा दर्शकों वा पाठकों में उत्सुकता निर्माण करने में विशेष सहायक सिद्ध हुए हैं। ऐसे वचनों के प्रयोग में दिङ्नाग को अपनी योग्यता का पूर्ण ज्ञान रहा है अतएव वह झट वहां कह देता है: 'अहो उदात्तरम्यः समुदाचारः' 'अहो संक्षेपः' आदि। अन्यत्र, जहां उस ने पूर्ववर्ती कवियों का अनुकरणमात्र किया है वहां चुप रहता है। कवि ने यत्र तत्र साधारण बोलचाल की भाषा का भी प्रयोग किया है

जैसे, 'तिलोत्तमा सिलोत्तमा' आदि। संवादों की सहायता से कथानक को आगे बढ़ाने का दिङ्नाग का ढंग सचमुच प्रशंसनीय है।

संवादों के समान दिङ्नाग का चरित्र चित्रण भी सर्वथा स्वाभाविक और सजीव है। उस के सभी पात्रों का अपना व्यक्तित्व है। वह नाटककार के हाथ में कठपुतली के समान नहीं खेलते। वह हमारे समान इसी जगत् के दुख सुख भोगते हुए, चलते फिरते जीव प्रतीत होते हैं। वह किसी वर्ग विशेष के पात्र नहीं तथा उन का चरित्र परिस्थितियों के अनुसार धीरे २ हमारे सामने विकसित होता है। दिङ्नाग ने उन की अन्तःप्रकृति तथा बाह्यप्रकृति का अति सुन्दर चित्रण किया है। मानवीय स्वभाव का मनोवैज्ञानिक चित्रण करने में वह पूर्णरूपेण सफल रहा है। जब किसी का अपने से बड़े पर वश नहीं चलता तो छोटों पर क्रोध करता है। सीता, राम पर वश न चल सकने के कारण पुत्रों पर क्रोधित होती है—'तस्याप्रभवन्ती एतेनवचनेन निरनुक्रोशस्य पुत्रौ इत्येवम् दारकौ निर्भर्त्सयति।' प्रवास में पति के दर्शन करने पर सीता के मन की दशा का चित्रण तथा शिशुओं को देखने से राम के हृदय में उमड़ पड़ने वाले पुत्रप्रेम का वर्णन सर्वथा मानवी-स्वभाव के अनुकूल है।

रामादि को अवतार मानते हुए भी दिङ्नाग ने अपने पात्रों को आदर्शवाद के सांचे में ढालने का प्रयत्न नहीं किया। उस ने अपने पात्रों की मानवीय दुर्बलताओं का स्पष्ट दिग्दर्शन कराया है। दिङ्नाग की सीता भवभूति की सीता के समान चुपचाप पति के अत्याचार को नहीं सह लेती, वह उस का विरोध करती हुई पाई जाती है तथा अपने पति को 'निर्दय, निरनुक्रोश, विपरीतः खलूपालम्भः, क एष यो युवाभ्यामेवं प्रेक्षिता' आदि कठोर वचन कहने में भी नहीं सकुचाती। राम में जो मानवोचित दुर्बलताएं हैं उन को भी नाटक में स्पष्ट दिखलाया गया है। सीता के पदचिह्न तथा उस का प्रतिबिम्ब आदि देखने से उत्पन्न राम की आकुलता तथा सीता को पाने की अधीरता आदि को कवि ने छिपाने का यत्न नहीं किया, चाहिए भी नहीं

था अन्यथा उस में कृत्रिमता आ जाती। यथार्थ चित्रण होने पर भी दिङ्नाग का चरित्र चित्रण आदर्शोन्मुख है। मन में विद्रोह की ज्वाला होने पर भी दिङ्नाग की सीता पति-निन्दा सुनने को कभी तैयार नहीं। उसे आदर्श पत्नी के समान अपने पति पर पूर्ण विश्वास है कि वह उसे कभी धोखा नहीं देगा।

प्रकृति चित्रण में दिङ्नाग ने कोई विशेषता नहीं दिखलाई। यथार्थवादी कवि के समान उस ने प्रकृति के सीधे-सादे, स्थूल चित्र ही अंकित किए हैं। इस से प्रतीत होता है कि कवि में कोमल कल्पना तथा प्रौढ़ वर्णन-शक्ति का अभाव था अन्यथा नैमिशवन की सुषमा, गंगा, आश्रम—वापिका, लताकुञ्जों तथा सूर्य के अस्ताचल की ओर जाने आदि दृश्यों का वर्णन सुन्दर रीति से कर सकता था।

छठे अंक में प्रस्तुत प्रकृति का भयावह चित्र तथा पृथ्वी का पाताल से रंगमंच पर प्रवेश का दृश्य अवश्य भयानक एवं अद्भुत रस का संचार करने में सफल रहा है अतः उत्तम है। उपमाओं के लिए कवि ने सभी चित्र प्रकृति से लिए हैं, इस से प्रतीत होता है कि कवि को प्रकृति का ज्ञान तो था परन्तु किन्हीं कारणों से उस ने उस के विशद एवं सुकोमल चित्रण में रुचि नहीं दिखाई।

'कुन्दमाला' करुण रस परिपूर्ण नाटक है। कवि ने करुण रस की व्यंजना इस रीति से की है कि पाठकों अथवा दर्शकों की सहानुभूति पात्रों के साथ स्वतः हो जाती है। लक्ष्मण द्वारा सीता को वन में छोड़ने का दृश्य किस वज्र-हृदय को पिघला देने में समर्थ नहीं। पशु-पक्षी भी सीता को विपन्न दशा में देख कर शोकाकुल हो उठते हैं। (I. 18)। द्वितीय अंक में सीता का भूतकाल की सुखद स्मृतियों का वर्णन शोक की गरिमा को और भी असह्य बना देता है। इसी अंक में, अपनी सखी वेदवती से राम द्वारा अश्वमेध के अवसर पर अन्य स्त्री का पाणि-ग्रहण करने की बात सुन कर प्रत्युत्तर में सीता

का 'आर्य पुत्रस्य हृदये प्रभवामि न पुनर्हस्ते' कथन सुनते ही दर्शकों का हृदय सीता की असहाय दशा पर व्यथित हो उठता है।

तृतीय अंक में नैमिशवन में आया हुआ राम, सीता पर किए अत्याचारों के कारण दारुण शोक से उद्विग्न हो उठता है तथा अपने आप को कोसता है। सीता की दुर्दशाका ध्यान आतेही वह शोक-सागर में डूब जाता है। राम की इस विकलता को देख कर सामाजिकों के हृदय में स्वाभाविक संवेदना जाग्रत हो उठती है। इसी अंक में सीता के हाथों से गुथी हुई कुन्दमाला एवं सीता के पदचिह्न तथा चतुर्थ अंक में बावड़ी में सीता का ही प्रतिबिम्ब देखने से सन्तप्त एवं छटपटाते हुए राम की विकल दशा हमारे कारुणिक भाव को उत्तेजित करने में कोई कमी नहीं छोड़ती। तृतीय तथा चतुर्थ अंक में राम तथा सीता के कथोपकथनों में भी करुण रस की मार्मिक अभिव्यंजना हुई है। यहां पर दोनों की अन्तर्वेदना प्रज्वलित हो उठती है तथा राम और सीता के साथ दर्शकों को भी विकल कर देती है। इन संवादों में एक दूसरे को दिए गए प्रेमपूर्ण उलाहने कारुणिकता को और भी अधिक तीव्र बना देते हैं। चतुर्थ अंक में राम का सीता को पाने के लिए अपने व्यर्थ प्रयत्न का वर्णन—

> 'तृषितेन मया मोहात् प्रसन्नसलिलाशया ।
> अञ्जलिर्विहितः पातुं कान्तारमृगतृष्णिकाम् ॥'

भी दर्शकों के हृदय में सहानुभूति उत्पन्न कर देता है।

पंचम तथा षष्ठ अंक में कुश तथा लव के दर्शन एवं परिचय के समय दर्शकों के नेत्र राम के साथ छलछला उठते हैं।

उपरोक्त सब प्रसंगों से स्पष्ट है कि दिङ्नाग के करुणारस पूर्ण वर्णन अत्यन्त हृदयस्पर्शी हैं। वह सीधे मर्मस्थलों पर चोट करते हैं। करुण भाव की व्यंजना में कवि की भावुकता मुखरित हो उठी है तथा वह अपने नाटक में करुणारस पूर्ण वातावरण की सृष्टि करने में सफल रहा है। दिङ्नाग ने

'कुन्दमाला' में जो करुणरस की गंगा प्रवाहित की है उस की विमल एवं सतत धारा में सीता-परित्याग जन्य मालिन्य सदा के लिए धुल गया है।

'कुन्दमाला' में करुण रस के अतिरिक्त कहीं २ विप्रलंभ शृंगार तथा वात्सल्य रस की भी झलक मिलती है। छठे अंक में अदभुत रस का भी अच्छा परिपाक हुआ।

त्रुटियां—

'कुन्दमाला' में नाटकीय दृष्टि से कुछ ऐसी त्रुटियां हैं जो कि नाटककार की असावधानी की द्योतक हैं।

पहले तो कवि ने इक्ष्वाकुओं की वंशावली का निर्देश करते समय बड़ी असावधानी दिखलाई है। उसने 'सगर, दिलीप, रघु, अज, दशरथ' के स्थान पर, सीता के मुख से विपरीत क्रम से 'रघु सगर दिलीप दशरथ' कहलवाया है। **दूसरे,** जब लक्ष्मण तथा बादरायण आदि वाल्मीकि के शिष्यों को इस बात का ज्ञान है कि राम विष्णु का अवतार है तो उन्हों ने उसकी दशा पर खिन्न न होना चाहिये था। **तीसरे,** चतुर्थ अंक में दर्शकों को बतलाया जाता है कि तिलोत्तमा 'रामायण' के गान में भाग लेने के लिए वाल्मीकि-आश्रम में आई है परन्तु वह उस अवसर पर कहीं नहीं दिखाई देती। **चौथे,** छठे अंक में सीता का स्वयं पृथ्वी का आह्वान करके उसे न पहचानना तथा रंगमंच पर उपस्थित सब व्यक्तियों का 'नमो भगवत्यै वसुन्धरायै' कह कर अभिनन्दन करने और पृथ्वी का अपना परिचय कराने पर भी सीता का 'भगवति का त्वम् ?' कह कर पूछना बड़ा अस्वाभाविक प्रतीत होता है। **पांचवें,** वाल्मीकि का कुश कथा लव को 'रामायण' सुनाने के समय राम के भावों को जांचने का निर्देश कुश-लव के मुख से स्पष्ट कहलवा देना अनुचित प्रतीत होता है। **छठे,** नाटक को प्रभाव-शाली बनाने के लिए घटनाओं की अने-

कता का होना आवश्यक होता है। इसका भी 'कुन्दमाला' में अभाव है।

उपरोक्त त्रुटियों तथा भाषा के कुछ दोषों के होते हुए भी दिङ्नाग एक सुन्दर नाटक प्रस्तुत करने में सफल रहा है। गुणों के साथ दोष होते ही हैं, फूल के साथ कांटे भी मिलते हैं। सर्वथा निर्दोष रचना ढूंढना भी विफल प्रयास होगा। अपने पूर्ववर्ती कवियों का अनुकरण करने के साथ साथ दिङ्नाग ने अनेक मौलिक उद्भावनाएं की हैं, विशेषतः इसका 'छाया दृश्य' दर्शनीय है। नाटक की सरल भाषा, हृदयग्राही संवाद, संक्षिप्त तथा काव्यमय वर्णन, स्वाभाविक तथा सजीव चरित्रचित्रण तथा प्रभावशाली नाटकीय प्रयोग दिङ्नाग को उच्च कोटि के कवियों वा नाटककारों में ला बिठाते हैं। दिङ्नाग की शैली की सब से बड़ी विशेषता यह है कि उसका नाटक सरलता से सफलता पूर्वक अभिनीत किया जा सकता है। यह गुण भास के अतिरिक्त संस्कृत के कम ही नाटककारों में पाया जाता है।

दिङ्नाग और भवभूति

दिङ्नाग तथा भवभूति दोनों संस्कृत के श्रेष्ठ नाटककार हुए हैं। भवभूति के तीन नाटक 'महावीर चरित,' 'मालती माधव' तथा 'उत्तर राम चरित' और दिङ्नाग का 'कुन्दमाला' नाटक संस्कृत साहित्य की अमूल्य निधि हैं। 'कुन्दमाला' तथा 'उत्तर रामचरित' की कथा वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड में प्राप्त प्रसंग पर आधारित है। दोनों नाटककारों ने मूल स्रोत से प्राप्त कथा में नाटकीय दृष्टि से आवश्यक अनेक परिवर्तन एवं परिवर्धन किये हैं। इन परिवर्तनों से कथावस्तु निखर उठी है। (देखिए पीछे 'कथा वस्तु का आधार')

संस्कृत-नाट्यशास्त्र के नियम का पालन करते हुए दोनों नाटककारों ने अन्त में राम-सीता का पुनर्मिलन दिखा कर नाटकों को सुखान्त बनाया है। दोनों ने नवीन नाटकीय प्रयोगों का आविष्कार कर अपनी नाट्य-कुशलता का भी परिचय दिया है। इस विषय में दोनों नाटकों में अदृश्य सीता की कल्पना तथा 'छायादृश्य' उल्लेखनीय हैं। यहां यह कह देना अप्रासंगिक न होगा कि 'कुन्दमाला' का छाया दृश्य 'उत्तर रामचरित' के कल्पित छाया दृश्य की अपेक्षा अधिक सुन्दर तथा रोचक है एवं नाटकीय दृष्टि से भी अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली है।

दिङ्नाग तथा भवभूति के उपरोक्त दोनों नाटकों का अध्ययन करने से पता चलता है कि दिङ्नाग भाव तथा भाषा दोनों क्षेत्रों में भवभूति का ऋणी है। 'कुन्दमाला' के अनेक वाक्य 'उत्तररामचरित' में प्रयुक्त वाक्यों का प्रतिरूप हैं तथा वह उसी प्रसंग में प्रयुक्त किए गए हैं जहां कि 'उत्तर रामचरित' में, जैसे—'जलभरितमेघस्तनितमांसलः' (उत्तर०)='सजल जलधर ध्वनित गम्भीर०' (कुन्द०) 'परिपाण्डु दुर्बल कपोल माननम्' (उत्तर०)= 'आपाण्डरेण......वदनेन' (कुन्द०); 'न जानामि आर्यपुत्र दर्शनेन कीदृशी-मवस्थामनुभवामि' (कुन्द०)='एतस्य एवंविधेन दर्शनेन कीदृश इव मे हृदया-

नुबन्ध इति न जानामि' (उत्तर०)।

छाया दृश्य आदि कलात्मक नाटकीय प्रयोगों में भी दिङ्नाग ने मूलतः भवभूति का अनुकरण किया है। 'कुन्दमाला' की कथा भी आदि से अन्त तक 'उत्तररामचरित' से मिलती जुलती है परन्तु उसे दोनों ने विभिन्न दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है। भवभूति ने राम को आदर्श महापुरुष तथा सीता को आदर्श पतिव्रता एवं देवी के रूप में अंकित किया है। वह राम के प्रत्येक कार्य को निर्दोष प्रकट करने में सदैव सचेष्ट रहा है। राम द्वारा सीता-परित्याग को भी न्याय्य सिद्ध करने में उसने कोई कसर नहीं उठा रखी। 'उत्तर रामचरित' की सीता भी राम के क्रूरतम व्यवहार को पतिपरायणा स्त्री के समान शुद्ध भाव से सह लेती है दिङ्नाग ने राम को विष्णु का अवतार मानते हुए भी उसे साधारण मानव के रूप में अंकित किया है। उसने उसकी मानव-सुलभ दुर्बलताओं को छिपाने का कोई प्रयत्न नहीं किया। कई आलोचक इस कारण दिङ्नाग पर असंगति-दोष लगाते हैं परन्तु यह सर्वथा अनुपपन्न है। जब विष्णु भगवान् ने मनुष्य रूप में अवतार ले लिया तो उन्हें इहलौकिक मानववत् चित्रित करना ही युक्ति संगत था। इसी प्रकार सीता के चरित्र चित्रण में भी दिङ्नाग ने निष्कारण परित्यक्ता सती नारी के स्वाभाविक मनोभावों का स्पष्ट चित्रण किया है। 'कुन्दमाला' की सीता निर्विवाद आदर्श पतिव्रता है परन्तु राम के द्वारा अपने प्रति किए क्रूर व्यवहार के कारण उस से असन्तुष्ट है। राम के व्यवहार को अनुचित जान स्पष्ट कह देती है 'सीताया अपि नाम एवं सम्भाव्यते इति सर्वथाऽलं महिलात्वेन।' वह राम को 'निरनुक्रोश' कहने में भी झिझकती नहीं। राम के सम्मुख खड़े कुश-लव को कहा गया सीता का वचन—'क एष यो युवाभ्यामेवं प्रेक्षितः'—उसके मन में भभकती हुई क्रोध की सहज ज्वाला का स्पष्ट द्योतक है। पर ध्यान रहे कि दिङ्नाग का चरित्र चित्रण यथार्थ होने पर भी आदर्शोन्मुख है।

पात्रों के सजीव चित्रण चित्रण में दोनों कवि समान रूप से सफल

रहे हैं। जैसा कि ऊपर कहा गया है, 'उत्तर रामचरित' के पात्र अधिकतर दिव्य गुण सम्पन्न हैं जब कि 'कुन्दमाला' के मानवीय स्वभाव के मूर्त प्रतीक। यहां यह कह देना भी अनुपयुक्त नहीं कि 'कुन्दमाला' में पात्रों की संख्या 'उत्तर रामचरित' की अपेक्षा कम है तथा उन में विविधता भी नहीं। इस कारण नाटक की कथावस्तु सीमित रही है तथा दर्शकों अथवा पाठकों में समुचित उत्सुकता का निर्माण नहीं हो सका। इस के अतिरिक्त 'उत्तर रामचरित' में तमसा, मुरला, पृथ्वी, गंगा आदि अनेक अतिमानवी चरित्र हैं जो कि स्वाभाविकता के विरूद्ध हैं उनका रंगमंच पर प्रवेश दर्शकों को अखरता है। किसी दिव्य नाटक के लिए वह सर्वथा उपयोगी हैं। 'कुन्दमाला' में केवल पृथ्वी एक ऐसा पात्र है और सीता के चरित्र की शुद्धि का दैवी प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए उसका लाना अनिवार्य था।

'कुन्दमाला' में 'उत्तरराम चरित' का सा घटना वैचित्र्य भी नहीं। वहां सीता-परित्याग, शम्बूक वध, कुश-लव का राम की सेना से युद्ध आदि अनेक घटनाएं घटित होती हैं, 'कुन्दमाला' में केवल एक ही घटना को दिखलाया गया है। इस घटना वैचित्र्य के अभाव के कारण नाटक की रोचकता एवं आकर्षकता को गहरा आघात पहुंचा है।

नाट्यशास्त्र के नियमानुसार नाटक में शृंगार अथवा वीररस मुख्य होना चाहिए परन्तु दिङ्नाग तथा भवभूति ने इस नियम की अवहेलना कर एक नवीन आदर्श की स्थापना की है। उन्होंने रूढ़ि का परित्याग कर अपने नाटकों में करुण रस को प्रधानता दी है। करुण रस की मार्मिक अभिव्यंजना करने में यद्यपि दिङ्नाग भवभूति की तुलना नहीं कर सकता तथापि वह अपने नाटक में करुण रस पूर्ण वातावरण की सृष्टि करने में पूर्ण सफल रहा है।

(देखिए—'शैली')

दोनों नाटकों में हास्य तत्त्व का अभाव है। संस्कृत नाटकों में हास्य रस की उत्पत्ति के लिए विदूषक नामक पात्र का समावेश किया जाता है।

उत्तररामचरितम्' में तो 'विदूषक' है ही नहीं, 'कुन्दमाला' में उसका समावेश तो किया गया है पर वहां वह नायक के सहायक और मित्र के रूप में आया है न कि जनता का मनोरंजन करने के लिए।

दिङ्नाग ने भावाभिव्यञ्जन के लिए आडम्बर शून्य भाषा को अपनाया है। उसमें जो सरलता, सरसता एवं हृदयग्राहकता है वह भवभूति की भाषा में विरल ही पाई जाती है। और तो और, दिङ्नाग का गद्य भी ताल तथा लयपूर्ण है। भवभूति की भाषा विशेषतः गद्य भाग की, अतीव कठिन तथा नाटक के लिए सर्वथा अनुपयुक्त है। उसमें सुदीर्घ समासों, क्लिष्ट शब्दों तथा सानुप्रास वाक्यों की भरमार है। संक्षेपतः, भवभूति ने काव्यसौन्दर्य तथा पांडित्य प्रदर्शन पर अधिक बल दिया है और दिङ्नाग ने नाटकीय सौन्दर्य पर।

नाटक के प्राण, कथोपकथन की रचना में भी दिङ्नाग भवभूति से बढ़ कर है। दिङ्नाग ने सर्वत्र संक्षेप शैली को अपनाया है तथा कहीं भी संवादों की स्वाभाविकता एवं सरलता को नष्ट नहीं होने दिया। भवभूति के संवाद प्रायः दुरूह तथा लम्बे हैं। उनमें वह सशक्तता भी नहीं जो दिङ्नाग के संवादों में है।

कवि के रूप में दिङ्नाग निस्सन्देह भवभूति के समकक्ष नहीं। उसमें भवभूति की सी मार्मिकता, भावगरिमा तथा प्रौढ़ कल्पना कहां। मानव-मनोभावों के सूक्ष्म चित्र तथा प्रकृति के संश्लिष्ट चित्रोपम वर्णन भी उसमें नहीं मिलते। दम्पति प्रेम के जो मंजुल चित्र हमें भवभूति ने दिए हैं वह भी दिङ्नाग में कहां। यहां यह निर्देश कर देना आवश्यक है कि भवभूति के अनेक प्रेम-प्रसंग कामुकता-भावपूर्ण हैं। दिङ्नाग ने नाटक में नैतिकता का पूर्ण ध्यान रखा है तथा सर्वत्र विशुद्ध एवं सात्विक प्रेम के चित्र अंकित किए हैं। दिङ्नाग में नई नई मौलिक उद्भावनाएं करने की शक्ति तथा एक कवि के लिए परमावश्यक वर्णनाशक्ति का भी अभाव है।

काव्यमय विशद वर्णन, भावुकता के मुखरण, प्रकृति के कलात्मक

निरूपण, करुण रस की मार्मिक अभिव्यंजना, कोमल कल्पना एवं मौलिक उद्भावना करने में यदि भवभूति श्रेष्ठ है तो नाटक की क्रियाशीलता तथा अभिनेयता एवं सप्राण संवादों की रचना की दृष्टि से दिङ्नाग अधिक सफल रहा है।

प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण

राम—

राम कुन्दमाला नाटक का धीरोदात्त नायक है। वह विनयशील, आत्म-त्यागी, अहंकार शून्य, गम्भीर तथा दृढ़व्रती है। स्वायत्त राजा होने पर भी वह सच्चा प्रजातन्त्रवादी है तथा लोक-इच्छा का समुचित आदर करता है। उसकी न्याय प्रियता का बखान तो वाल्मीकि जैसे ऋषि भी करते नहीं थकते। प्रजा की हित साधना तथा कुल-कीर्ति की रक्षा उसके जीवन का सर्वोच्च ध्येय हैं। अपने विमल इक्ष्वाकु कुल के कलंकित होने की आशंका मात्र से वह प्राणप्रिया सीता का भी परित्याग करने में घबराया नहीं। राम भावना से कर्त्तव्य को ऊँचा मानता है। सीता परित्याग-जनित दुःख से आक्रान्त होने पर भी वह एक आदर्श राजा के समान प्रजा के प्रति निज कर्त्तव्य पालन में अप्रमत्त रहा।

कर्तव्य क्षेत्र में कठोर होने पर भी राम स्वभाव से निष्ठुर नहीं वह हृदय से अति कोमल है। सीता के प्रवास दुःख का ध्यान आते ही उसका मन व्यथित हो उठता है तथा नेत्रों से अविरल अश्रुधारा बह निकलती है। निर्वासित सीता के पद चिन्ह आदि देख कर प्रेमवश वह पागल सा हो जाता है। सीता के साथ उसका प्रेम निष्कपट एवं अहैतुक है। राम की प्रेम

भावना सचमुच आदर्श एवं लोकोत्तर है। सीता-निर्वासन के पश्चात् वह प्रासाद में भी वनवासी के समान रहा। मलय समीर तथा चन्द्रकिरणें भी उसके लिए सन्ताप का कारण बन गई। प्रेम-साधना के मार्ग में वह कहीं भी विचलित नहीं हुआ। अश्वमेध के अवसर पर दूसरा विवाह करने की अपेक्षा उसने सीता की सुवर्ण-मूर्ति रख कर यज्ञ पूरा करने का निश्चय किया। वह परस्त्री के विषय में बात करना वा सुनना पाप समझता है।

राम के हृदय में वात्सल्य भाव की भी पावन सरिता बहती है। कुश-लव को न पहचानते हुए भी उसके हृदय में सहज पितृप्रेम उमड़ पड़ता है। पितृप्रेम की उसकी कल्पना कितनी सच्ची है,

यां यामवस्थामवगाहमानमुत्प्रेक्षते स्वं तनयं प्रवासी।
विलोक्य तां ताञ्च गतं कुमारं जातानुकम्पो द्रवतामुपैति ॥

राम के चरित्र का औदार्य वहां देखने योग्य है जहां वह कुश-लव से रामायण सुनते समय उन्हें माता कैकेयी का प्रसंग छोड़ कर आगे की कथा सुनाने को कहता है। वह चौदह वर्ष का कठोर वनवास दिलवाने वाली माता कैकेयी की निन्दा सुनना नहीं चाहता। राम को अभिमान छू तक नहीं गया। वह अपने मित्रों (कण्व आदि) द्वारा 'महाराज' कहलवाने में संकोच का अनुभव करता है तथा 'मित्र' कहलाने में आनन्द। स्वतन्त्र शासक होने पर भी अपने ऊपर मन्त्रियों के नियन्त्रण को बुरा नहीं मानता बल्कि आवश्यक समझता है। राम शालीनता की भी मूर्ति है। वह वाल्मीकि आदि के सम्मुख सीता का हाथ पकड़ने में लजाता है।

राज-कार्यों में व्यस्त राम धार्मिक कृत्यों का पालन भी नियमित रूप से एवं सोत्साह करता है। धर्मभीरू वह इतना है कि सीता के हाथों की गुथी हुई कुन्दमाला को इस भय से नहीं पहनता कि वह किसी देवता का उपहार होगी। उसके मन में तपस्वियों के लिए विशेष आदर है। ब्राह्मण के उसको प्रणाम करने पर उसे अत्यधिक कष्ट का अनुभव होता है। कुश-लव को ब्राह्मण बालक समझने के कारण उनका प्रणाम उसके लिए असह्य बन गया। अधिक

क्या, राम एक आदर्श राजा, आदर्श पति तथा आदर्श धर्मात्मा है। वाल्मीकि आदि महर्षि भी उसके आचरण की प्रशंसा करते नहीं थकते।

सीता—

सीता इस नाटक की नायिका तथा राम की धर्मपत्नी है। उस में आदर्श नारी के सब गुण पाए जाते हैं। आत्म-बलिदान, पवित्रता, साहस तथा सहनशीलता की तो वह साक्षात् मूर्ति है। उसे इस बात का अभिमान है कि उसका पति एक आदर्श राजा है। प्रजा की आराधना के लिए राम द्वारा निर्वासित किए जाने पर भी उसकी पति भक्ति में कोई विकार नहीं आया। उसे विश्वास है कि राम का उस के प्रति एकनिष्ठ एवं अटूट प्रेम है। निष्कारण क्रूर व्यवहार का शिकार होने पर भी सखियों से पतिनिन्दा सुनना नहीं चाहती। अपनी सखी वेदवती से राम द्वारा अश्वमेध के अवसर पर दूसरी स्त्री का पाणि ग्रहण करने की बात सुन कर इतना भर कह देती है कि 'आर्य पुत्रस्य हृदये प्रभवामि न पुनर्हस्ते।' सखियां उसका दृढ़ अनुराग देख कर चकित रह जाती हैं। निर्वासित होने पर भी उसे राम के स्वास्थ्य की चिन्ता बनी रहती है वह लक्ष्मण को इस विषय में विशेष आदेश देती है कि वह उसकी अनुपस्थिति में राम के स्वास्थ्य का सदा ध्यान रखे।

सीता आदर्श पतिव्रता है पर अतिमानवी नहीं। वह भी कोमल हृदया नारी है। उसे अपने सद्गुणों का पूर्ण ज्ञान है, अतएव राम के व्यवहार को अनुपपन्न जान कर वह स्वाभिमान पूर्वक कहती है। 'सीताया अपि नाम एवं सम्भाव्यते इति सर्वथाऽलं महिलात्वेन।' निष्कारण परित्यक्ता होने के कारण वह लज्जा का अनुभव करती है तथा प्राकृतिक क्रोधवश राम को 'महाराज', 'निरनुक्रोश' आदि कह कर मन का क्षोभ प्रकट करती है, परन्तु अन्य किसी से पति के विषय में यह शब्द सुनने को तैयार नहीं। उसके नारीत्व को राम के अनपेक्षित व्यवहार से आघात पहुंचा है और वह उसका विरोध करती है

परन्तु झटिति उसका पति प्रेम जाग्रत हो उठता है और अपनापन खोकर उसके प्रति सचिन्त हो जाती है। प्रवास काल में राम को देखने पर उसके मन में राम के प्रति स्वाभाविक क्रोध तथा प्रेम के परस्पर नितान्त विरोधी भावों का संघर्ष होता है। इसी प्रकार एक ओर तो कुश-लव को महाराज (राम) के सम्मुख सादर अवनत होने का आदेश देती है और दूसरी ओर राम को साश्चर्य निहार रहे उनको 'क एषः, यो युवाभ्यमेवं प्रेक्षितः' कह कर डांटती है। बिना सोचे समझे उसका परित्याग करने के कारण वाल्मीकि जब राम को डांटता है तो उसका नारी हृदय पिघल उठता है और राम के दण्ड का कारण अपने को समझ कर सदय हो जाती है। यह प्रसंग उसके संकुचित चित्त तथा स्वाभाविक अन्तर्द्वन्द्व का स्पष्ट दिग्दर्शन कराते हैं।

सीता सास-ससुर के प्रति सादर है तथा लक्ष्मण से उसका विशेष प्रेम है। वह सन्ध्या-वन्दन आदि भी नियमित रूप से करती है।

लक्ष्मण—

लक्ष्मण राम का आज्ञानुवर्ती भाई है। वह उसकी आज्ञा को सर्वोपरि मानता है तथा उसके लिए अपनी इच्छाओं एवं धारणाओं का भी बलिदान करने को सर्वदा प्रस्तुत रहता है। अनिच्छा होने पर भी बड़े भाई की आज्ञासे सीता को वन में छोड़ आता है। सीता के प्रति वह हृदय से दुःख का अनुभव करता है। अपना कोई दोष न होने पर भी, सीता को राम की आज्ञा से वन में छोड़ने मात्र से अपने को 'वध्यः' तथा 'पातकी' समझता है। इस कार्य से उसे इतनी ग्लानि है कि वह चाहता है कि इससे तो वह लंका-युद्ध में मर जाता तो अच्छा था। उधर, राम के दुःख से भी वह झट सन्तप्त हो उठता है तथा उसके निवारण के लिए सतर्क रहता है। कोमल हृदय होने पर भी इसे परिस्थितिवश कठोर होना पड़ता है।

आत्म त्याग की भावना लक्ष्मण में कूट कूट कर भरी हुई है। राम उसे अपना उत्तराधिकारी (कोशल देश का सम्राट्) बनाना चाहता है परन्तु

वह अस्वीकार कर देता है। वह राम का अनुचर बना रहने में ही अपना सौभाग्य समझता है। इतिहास में इस प्रकार के स्वार्थ त्याग की चरमसीमा के उदाहरण कम ही मिलते हैं इसके साथ ही वह राम के सिंहासन पर बैठना अनधिकार चेष्टा समझता है तथा कुश को सम्राट् पद पर अभिषिक्त करने के लिए सुझाव देता है। इस से उस की परम्परा-पालन के प्रति निष्ठा तथा लोकव्यवहार के ज्ञान की कुशलता का भी परिचय मिलता है।

कुश तथा लव—

कुश तथा लव राम के यमज पुत्र हैं। ये सीता के प्रवास काल में उत्पन्न हुए थे। दोनों की आकृति राम-लक्ष्मण से मिलती है। दोनों ही अति चञ्चल, शील सम्पन्न तथा धैर्यवान् हैं। हृदयहारी सौन्दर्य तथा मुग्धता के कारण वे सब आश्रम वासियों के आकर्षण का केन्द्र हैं। सौम्यता उनका विशेष गुण है। क्षत्रिय-बालक होने के कारण स्वाभिमानी भी हैं। वे जानते हैं: 'अप्रणन्तारः किल अस्मद्वंश्यः।' कुश तो सीता के आदेश से भी राम के सम्मुख अवनत होना अपमान समझता है; परन्तु उच्चवंशज होने के कारण शालीनता के गुण से भी सम्पन्न हैं तथा शिष्टाचार का पालन करना जानते हैं। राम के सम्मुख आते ही दोनों का सिर स्वतः झुक जाता है। राम जानता नहीं कि वह उसकी सन्तान है परन्तु उनकी मधुर आकृति तथा सरलता से आकृष्ट हो कर उनका आलिंगन करने को अधीर हो उठता है। भोले वे इतने हैं कि इन्हें माता-पिता के नाम तक का ज्ञान नहीं। रामायण सुनाने के अवसर राम के मनोभावों को जानने का वाल्मीकि का गोपनीय आदेश भी विदूषक को बतला देते हैं। राम को दुखी देख कर झट सहानुभूति पूर्ण हो जाते हैं। संक्षेपतः, वन में उत्पन्न होने तथा बड़ा होने पर भी उन में राजकुमारों के योग्य सब गुणों का सम्यक् विकास हुआ है।

वाल्मीकि—

वाल्मीकि 'कुन्दमाला' का मुख्य पात्र है। नाटक की सब घटनाएं प्रायः उसी पर केन्द्रित हैं तथा सभी घटनाएं या उसके आश्रम में घटित होती हैं अथवा उसके निकट। रामायण का प्रणेता, वाल्मीकि एक सिद्ध महर्षि है तथा विश्व प्रेम का पुतला। अपने शिष्यों से वन में रोती हुई किसी असहाय अबला का समाचार सुनकर झट वहां दौड़ा जाता है। वहां सती सीता को शोचनीय दशा में देखकर उसके संरक्षण का भार अपने ऊपर ले लेता है। वाल्मीकि दशरथ का बाल-मित्र था। रघुवंशियों के सब संस्कार वही सम्पन्न कराता था। राम भी उसकी श्रेष्ठता को स्वीकार करता है। वह वाल्मीकि के आए बिना अश्वमेध यज्ञ की दीक्षा नहीं लेता।

वाल्मीकि न्यायप्रिय है। न्याय का पालन कराने के लिए वह कभी कभी प्रचंड रूप धारण कर लेता है। निष्कारण सीता का परित्याग करने के कारण राम को भर्त्सना युक्त वचन कहने के अवसर पर वह भीषण रूप में हमारे सामने आता है। उसे अपनी उच्चता का भी पूर्ण ज्ञान है। कण्व से कुश-लव का परिचय प्राप्त करनेके पश्चात्, जब वाल्मीकि सीता को मूर्छित राम की ओर दृष्टिपात करने को कहता है तो सीता उत्तर देती है कि यह उसके पति की आज्ञा के विरुद्ध है। इस पर वाल्मीकि का क्रोध भड़क उठता है और कहता है: 'मयि स्थिते को वा अभ्यनुज्ञायाः, प्रतिषेधस्य वा।' इस के साथ ही वाल्मीकि सहृदय भी है। राम आदि के मूर्च्छित होने पर उन्हें सचेत करने के लिए तत्काल चिन्तित हो उठता है।

वाल्मीकि में वह सामर्थ्य है कि वह असम्भव को सम्भव में परिणत कर देता है। उसकी आज्ञा सर्वमान्य है। उसी के प्रभाव से सीता आश्रम में पुरुषों के लिए अदृश्य हो जाती है। वह सचमुच एक दिव्य शक्ति सम्पन्न ऊर्जस्वी चरित्र है। उसमें असत् को सत्में परिवर्तित करनेकी अमोघ शक्ति है।

संकेत चिह्न

प्र०	प्रथम पुरुष/प्रथमा विभक्ति
म०	मध्यम पुरुष
उ०	उत्तम पुरुष
ए०	एक वचन
द्वि०	द्विवचन/द्वितीया विभक्ति
ब०	बहुवचन
तृ०	तृतीया विभक्ति
च०	चतुर्थी विभक्ति
प०	पञ्चमी ,,
ष०	षष्ठी ,,
स०	सप्तमी ,,
द्वन्द्व०	द्वन्द्व ,,
तत्पु०	तत्पुरुष समास
कर्मधा०	कर्मधारय ,,
द्विगु०	द्विगु समास
बहुव्री०	बहुव्रीहि ,,
भ्वा०	भ्वादिगण
अदा०	अदादि गण
दिवा०	दिवादिगण
स्वा०	स्वादिगण
तुदा०	तुदादि गण
जुहो०	जुहोत्यादिगण
क्र्या०	क्र्यादिगण
रुधा०	रुधादिगण
चुरा०	चुरादिगण
प०	परस्मैपद
आ०	आत्मनेपद
उ०	उभयपद

विशेष—भाषानुवाद के भाग में दो प्रकार के कोष्ठक चिन्हों का प्रयोग किया गया है। (Round Bracket) में वह शब्द दिए गए हैं जिनका मूल संस्कृत पाठ नहीं हैं परन्तु भाषानुवाद के लिए आवश्यक हैं। [Square Bracket] में कठिन संस्कृत शब्दों का अर्थ स्पष्ट करने के हेतु उसी शब्द का दूसरा अर्थ लिखा गया है।

नाटक के पात्र

(पुरुष पात्र)

सूत्रधार—नाटक का संयोजक

राम—नायक

लक्ष्मण—राम का छोटा भाई

कुश—राम का ज्येष्ठ पुत्र

लव—राम का छोटा पुत्र

वाल्मीकि—एक महान् ऋषि, रामायण का प्रणेता

सुमन्त्र—राजा का रथवाहक

कौशिक—विदूषक

कंचुकी

कण्व—वाल्मीकि का शिष्य तथा राम का बचपन का साथी

बादरायण—वाल्मीकि का दूसरा शिष्य एक ऋषि

(स्त्री-पात्र)

सीता—नायिका, रामकी पत्नी

यज्ञवेदि—आश्रम कन्या

मुनिकन्या—(द्वितीय अंक के प्रारम्भ में)

वेदवती—आश्रम कन्या, सीता की सखी

पृथ्वी—पृथ्वी देवी

[इनके अतिरिक्त राम की माताओं—कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा; भरत, लक्ष्मण, तथा शत्रुघ्न की पत्नियों, कुछ तपस्विनियों, अप्सराओं ऋषियों, देवताओं, विभिन्न देशों के राजाओं आदि का भी नाटक में उल्लेख है परन्तु वह रंग मंच पर उपस्थित नहीं होते ।]

ॐ

कुन्दमाला

प्रथमोऽङ्कः

जम्भारिमौलिमन्दारमालिकामधुचुम्बिनः ।
पिबेयुरन्तरायाब्धिं हेरम्बपदपांसवः ॥१॥

अन्वय—जम्भारि-मौलि-मन्दार-मालिका-मधु-चुम्बिनः हेरम्ब-पद-पांसवः अन्तराय-अब्धिं पिबेयुः ॥ १ ॥

व्याकरण—जम्भारिमौलिमन्दारमालिकामधुचुम्बिनः—जम्भस्य अरिः जम्भारिः तस्य मौलौ याः मन्दाराणां मालिकाः तासां यद् मधु तद् चुम्बितुं शीलं येषां ते (बहुव्री०)। मन्दार—√मदि+आरन्। चुम्बिनः—√चुम्ब्+णिनि (इन्)। हेरम्बपदपांसवः—हेरम्बस्य पदयोः पांसवः (ष०तु०)। अन्तरायाब्धिम्—अन्तरायाणां अब्धिम् (ष० तत्पु०)। अब्धि—अप्+√धा (धारण करना)+कि, आपो धीयन्ते अत्र। पिबेयुः+√पा (पीना), विधिलिङ्, प्र० ब० ॥१॥

कठिन शब्दार्थ—जम्भारिः—जम्भनामक राक्षस का शत्रु, इन्द्र। मौलि—मस्तक, मुकुट। मन्दार—पांच देव वृक्षों में से एक। हेरम्ब—विघ्न विनाशक गणेश। पांसवः—धूलिकण। अन्तराय—विघ्न। अब्धिम्—सागर को ॥१॥

प्रथम अङ्क

इन्द्र के मस्तक पर (विराजमान) मन्दार पुष्पों की माला के (पुष्पों का) मकरन्द [पुष्परस] पान करने वाले (श्री) गणेश के चरणों के रजकण (सब के) विघ्नों के सागर को पीलें [सुखा दें], अर्थात् सब के विघ्नों का विनाश करें ॥१॥

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

ज्वालेवोर्ध्वविसर्पिणी परिणतस्यान्तस्तपस्तेजसो
गङ्गातोयतरङ्गसर्पवसतिर्वल्मीकलक्ष्मीरिव ।
सन्ध्येवार्द्रमृणालकोमलतनोरिन्दोः सदास्थायिनी
पायाद्वस्तरुणारुणांशुकपिला शम्भोर्जटासन्ततिः ॥२॥

अन्वय—परिणतस्य अन्तः-तपः-तेजसः ऊर्ध्व-विसर्पिणी ज्वाला इव, गङ्गा-तोय-तरङ्ग-सर्प-वसतिः वल्मीक—लक्ष्मीः इव, आर्द्र-मृणाल-कोमल-तनोः-इन्दोः सदास्थायिनी सन्ध्या इव, तरुण-अरुण-अंशु-कपिला शंभोः जटा—सन्ततिः वः पायात् ॥२॥

व्याकरण—परिणतस्य—परि √नम् + क्त, ष०ए० । अन्तस्तपःतेजसः—तपस्तेजः=तपः एव तेजः, अन्तर्वर्तमानं यत् तपस्तेजः, तद् अन्तः यस्य । तेजसः—तेजस्, ष०ए० । ऊर्ध्वविसर्पिणी—ऊर्ध्वं विसर्पति इति (उपपद स०) । विसर्पिणी— वि+√सृप्लृ (जाना)+ णिनि (इन्) । गङ्गातोयतरङ्गसर्पवसतिः—गङ्गायाः तोयस्य तरङ्गाः एव सर्पाः तेषां वसतिः । तरङ्ग—√तृ (तरणे)+अङ्गच् । आर्द्रमृणालकोमलतनोः (बहुव्री०)— आर्द्रं यत् मृणालं तद्वत् कोमला तनुः यस्य । इन्दोः—इन्दु, ष० ए० ॥२॥

तरुणारुणांशुकपिला—तरुणस्य अरुणस्य अंशवः इव कपिला (कर्मधा०) । तरुण— √तृ+उनन् । अरुण—√ऋ (गतौ)+उनन् । जटासन्ततिः—जटानां सन्ततिः (ष० तत्पु०) । वः— युष्मद्, द्वि० ब० । पायात्—√पा (रक्षा करना), आशीर्लिङ्, प्र०ए० ॥ २ ॥

कठिन शब्दार्थ—परिणतस्य—पूर्णता (प्रखरता) को प्राप्त । ऊर्ध्वविसर्पिणी—ऊपर उठने वाली । तोय—जल । वसतिः—निवास स्थान । मृणाल—कमल-नाल । अंशु—किरण । सन्ततिः—समूह । वः—आप सब की । पायात्—रक्षा करे ॥२॥

आदिष्टोऽस्मि परिषदा—तत्रभवतोऽरारालपुरवास्तव्यस्य कवेर्दिङ्नागस्य कृतिः कुन्दमाला नाम, सा त्वया प्रयोक्तव्येति, तद्यावदस्य संदर्भस्य प्रयोगसाचिव्यविधायिनीमार्यामाहूय रङ्गभूमिमवतरामि।

व्याकरण—आदिष्टोऽस्मि—आदिष्टः + अस्मि। आदिष्टः—आ + √दिश् (कहना) + क्त, प्र०ए०। अस्मि √अस् (होना), लट्, उ० ए०। परिषदा—परिषद्, स्त्री०, तृ० ए०। वास्तव्यस्य—√वस् (रहना) + तव्यत्, ष० ए०। सा—तद् (स्त्री०) प्र० ए०। त्वया—युष्मद्, तृ० ए०। प्रयोक्तव्या—प्र + √युज् (नियोजने) + तव्यत्, प्र०ए०। तद्यावदस्य—तद् + यावत् + अस्य। प्रयोगसाचिव्यविधायिनीम्—प्रयोगे साचिव्यं विदधातीति ताम् (उपपद स०)। आहूय—आ √ह्वे (शब्दे) ल्यप्। अवतरामि—अव + √तॄ (तैरना), लट्, उ० ए०।

(नान्दी के पश्चात् सूत्रधार का प्रवेश)

प्रखर आन्तरिक तप के तेज की ऊपर उठती हुई (ज्वालाओं) जैसी, गङ्गा-तरङ्ग रूपी सर्पों के वासस्थान, बांबी के समान शोभायमान, अभिनव [ताजे] कमल के नाल के समान कोमल चंद्रमा (के शिवाजी के मस्तक पर होने के कारण) सदा रहने वाली सन्ध्या (काल की स्थिति) जैसी, बालसूर्य की किरणों के समान कपिल (सुनहरी) शिवजी की जटाओं का समूह आपकी रक्षा करे ॥२॥

दर्शक-समाज ने मुझे आदेश दिया है, "अरारालपुर निवासी समादरणीय कवि दिङ्नाग की कुन्दमाला नामक रचना है, उस का तुम अभिनय करो।" तो मैं इस नाटक के अभिनय में सहायिका आर्या [नटी] को बुलाकर रङ्गमंच पर जाता हूं।

(नेपथ्ये)

इत इतोऽवतरत्वार्या ।

सू—अये को नु खल्वयमार्यासमाह्वानेन सहायमिव मे सम्पादयति । (विलोक्य) कष्टं भोः । कष्टं भोः । अतिकरुणं वर्तते—

लंकेश्वरस्य भवने सुचिरं स्थितेति
रामेण लोकपरिवादभयाकुलेन ।

व्याकरण—अवतरत्वार्या—अवतरतु + आर्या, अव + √तृ (तैरना) लोट्, म० ए० । खल्वयमार्या—खलु + अयम् + आर्या । समाह्वानेन—सम् + आह्वानेन । वर्तते—√वृत् (होना), लट्, प्र० ए० ।

अन्वय—अयं लक्ष्मणः, लङ्केश्वरस्य भवने सुचिरं स्थिता-इति-लोक-परिवाद-भय-आकुलेन रामेण जनपदात् अपि निर्वासितां गर्भ-गुर्वीं सीतां वनाय परिकर्षति ॥३॥

व्याकरण—अयम्—इदम् (पुं०) प्र० ए० । लङ्केश्वरस्य—लङ्कायाः ईश्वरः तस्य (ष०तत्पु०) । स्थिता—√स्था + क्त, प्र०ए० । लोकपरिवादभयाकुलेन—लोकपरिवादात् भयेन आकुलेन (सुप्सुपा) । निर्वासिताम्—निः√ + वस् + णिच् + क्त, द्वि० ए० । गर्भगुर्वीम्—गर्भेण गुर्वीम् (तृ० तत्पु०) । परिकर्षति—परि + √कृष् भ्वा० लट्, प्र० ए० ॥ ३ ॥

कठिन शब्दार्थ—परिवाद—निन्दा । आकुलेन—व्याकुल । जनपदात्—राज्य से । निर्वासिताम्—निकाली हुई । परिकर्षति—ले जाने की शीघ्रता कर रहा है ।

(नेपथ्य में)

इधर से, इधर से आर्या उतरें ।

सूत्रधार—अरे ! आर्या को बुलाता हुआ यह कौन मेरी सहायता सी कर रहा है । (देखकर) ओह, ओह, (यह) बड़ा कारुणिक [दुःखद] (दृश्य) है—

निर्वासितां जनपदादपि गर्भगुर्वीं
सीतां वनाय परिकर्षति लक्ष्मणोऽयम् ॥३॥

(इति निष्क्रान्तः)

इति स्थापना

(ततः प्रविशति रथाधिरूढा सीता सारथिर्लक्ष्मणश्च)

ल०—इत इतोऽवतरत्वार्या। एतानि गहनतरुलताप्रतानसंरुद्धतया रथप्रवेशायोग्यानि भागीरथीतीरकाननानि। तदवतरत्वार्या।

सी०—वत्स लक्ष्मण अतिप्रवृत्ततुरंगमवेगकम्पितदेहा अत्र न
वच्छ लक्खण अदिप्पउत्ततुरंगमवेअकंपिअदेहा एत्थ ण

व्याकरण— गहनतरुलताप्रतानसंरुद्धतया——गहनानां तरूणां लतानां च प्रतानैः संरुद्धानि (काननानि), तेषां भावः तत्ता तया। संरुद्धतया—सम्+ √रुध् (रोकना)+क्त, तस्य भावः तत्ता तया।

यह लक्ष्मण, '(सीता) रावण के भवन (प्रासाद) में दीर्घ काल तक रही है' इस कारण लोकनिन्दा के भय से व्याकुल [विक्षुब्ध] राम द्वारा राज्य से निकाली हुई कठोर गर्भा (पूर्ण गर्भा) सीता को वन में (छोड़ने के लिए) शीघ्र लिये जा रहा है॥३॥

(निकल जाता है)

इति स्थापना

(रथ पर बैठे हुए सीता, सारथी तथा लक्ष्मण का प्रवेश)

लक्ष्मण—आर्ये! इधर [यहां] उतरिए। घने वृक्षों तथा फैली हुई लताओं से व्याप्त गंगा-तट के वन-प्रदेशों में रथ नहीं जा सकता। अतः देवी (रथ से) उतरें।

सीता—वत्स लक्ष्मण! घोड़ों की तीव्र गति से शरीर के कांपने

पारयामि संस्थातुं किं पुनरवतरितुम् ।
पारेमि संठादुं किं पुण ओदरिदुं ।

ल०—सुमन्त्र ! ननु तुरंगमनियमने क्रियतां यत्नः ।

सु०—क्रियमाणमपि यत्नमतिवर्त्तन्ते गान्धर्वप्रिया वाजिनः तथाहि—

अमी पतद्भिः श्रवणेष्वमन्द्रं विकृष्यमाणाः कलहंसनादैः ।
अनाश्रवाः प्रग्रहसंयमस्य तुरंगमास्तूर्णतरं प्रयान्ति ॥ ४ ॥

अन्वय— श्रवणेषु पतद्भिः कलहंसनादैः अमन्द्रं विकृष्यमाणाः प्रग्रह-संयमस्य अनाश्रवाः अमी तुरङ्गमाः तूर्णतरं प्रयान्ति ॥४॥

व्याकरण—तुरङ्गम— √तुर् (त्वरणे)+मुम् (म्) । √गम् (गमने) + खच् । तुरंगमनियमने—तुरंगमाणां नियमने (ष० तत्पु०) । क्रियताम्— √कृ (करणे), कर्मवाच्य, लोट्, प्र० ए० ।

क्रियमाणम्— √कृ (करना)+शानच् द्वि० ए० । अतिवर्तन्ते—अति+ √वृत् (वर्तने), लट्, प्र०ब० । गान्धर्वप्रियाः—गान्धर्वं प्रियं येषां ते (बहुव्री०) ।

पतद्भिः — √पत् (गिरना)+शतृ, तृ०ब० । कलहंसनादैः—कलहंसानां नादैः (ष० त०) । अमन्द्रम्—न+मन्द्रम् (नञ् तत्पुरुष) । विकृष्यमाणाः—वि+ √कृष् (कर्मवाच्य)+शानच् प्र० ब० । प्रग्रहसंयमस्य—प्रग्रहैः संयमः तस्य (तृ० तत्पु०) । अनाश्रवाः—न+आ+ √श्रु (श्रवणे)+अच् ।

के कारण (मैं) अपने को धारण [खड़ा] करने अथवा सम्भालने में भी असमर्थ हूं, उतरना तो दूर रहा ।

लक्ष्मण—सुमन्त्र ! घोड़ों को रोकने का प्रयत्न कीजिए ।

सुमन्त्र –यत्न करने पर भी संगीत-प्रिय घोड़े काबू में नहीं आरहे । क्योंकि :—

ल०—सुमन्त्र ! अतिरभसप्रवृत्तवेगत्वादनालक्षितसमविषमास्तुरंगमा गंगाप्रपाते स्यन्दनं विनिपातयन्ति, तत् सर्वात्मना क्रियतां यत्नः ।

(सुमन्त्रः रज्ज्वाकर्षणमभिनयति)

ल०—एष स्थितो रथः, तदवतरतु देवी ।

व्याकरण— (नञ् तत्पु०) । अमी—अदस् (पुं०) प्र० ब० । प्रयान्ति—प्र + √या (गमने), लट्, प्र० ब० ॥४॥

अतिरभस प्रवृत्तवेगत्वात्—अतिरभसेन प्रवृत्तः यः वेगः तत्त्वात् । गङ्गाप्रपाते—गङ्गायाः प्रपाते (ष० तत्पु०) प्रपात—प्र + √पत् + घञ् ।

एषः—एतद् (पुं०), प्र० ए० । स्थितः—√स्था (ठहरना) + क्त, प्र० ए० ।

कठिन शब्दार्थ—अमन्द्रम्—अत्यधिक । विकृष्यमाणः—खींचे जाते हुए । प्रग्रह—लगाम । अनाश्रवाः—ध्यान न देते हुए । तूर्णतरम्—शीघ्रतर ॥४॥

कानों में पड़ती हुई कलहंसों की ध्वनि से (उसी ओर) अत्यधिक आकृष्ट हुए २ (अतएव) लगाम खींचने की ओर से अनवधान [ध्यान न देते हुए], यह घोड़े अतिशीघ्र भागे जा रहे हैं ॥४॥

लक्ष्मण— सुमन्त्र ! अत्यधिक प्रसन्नता [उत्साह] से बढ़ी हुई गति के कारण ऊंचे नीचे प्रदेशों को न देखते हुए (यह) घोड़े रथ को (कहीं) गंगा-प्रवाह में न गिरा दें, अतः पूर्ण शक्ति से (घोड़ों को रोकने का) प्रयत्न कीजिए ।

(सुमन्त्र लगाम खींचने का अभिनय करता है)

लक्ष्मण—रथ रुक गया है, अतः आप उतरें ।

(*सीता अवतीर्य परिक्रामति*)

ल०—सुमन्त्र ! दीर्घमार्गपरिश्रान्ता एते तुरङ्गमाः, तद्विश्रामयैतान् ।

सु०—यदाज्ञापयति देवः (*इति रथमधिरुह्य निष्क्रान्तः*)

ल०—(*परिक्रम्य आत्मगतम्*) समादिष्टोऽहमार्येण, अथवा स्वामिना—

वत्स लक्ष्मण ! देव्याः किल सीतायाः रावणभवनसंस्थाना-च्चारित्रं प्रति समुत्पन्नविमर्शानां पौराणामन्यादृशाः प्रलापाः प्रवर्त्तन्ते, तन्न शक्नोमि सीतामात्रस्य कृते शरच्चन्द्रनिर्मल

व्याकरण— दीर्घ मार्गपरिश्रान्ताः— दीर्घेण मार्गेण परिश्रान्ताः (तृ० तत्पु०) । परिश्रान्ताः—परि + √श्रम् + क्त, प्र० ब० । एते—एतद् (पुं०), प्र० ब० । विश्रामय—वि + √श्रम् + णिच् , लोट् , म० ए० ।

आज्ञापयति—आ + √ज्ञा (जानना) + आप् + णिच्, लट् , प्र० ए० । रथम् अधिरुह्य—'अधि' के योग मे 'रथ' में द्वितीया । अधिरुह्य—अधि + √रुह् (उगना) ल्यप् । निष्क्रान्तः – निः + √क्रम् (चलना) + क्त, प्र० ए० ।

परिक्रम्य—परि + क्रम् + ल्यप् । समादिष्टः—सम + आ + √दिश् + क्त, प्र०ए० । स्वामिना—स्वामिन् , तृ०ए० । समुत्पन्नविमर्शानाम्—सम्यक् उत्पन्नः विमर्शः येषां तेषाम् (बहुव्रीहि) । प्रवर्तन्ते— प्र + √वृत् (आत्मने०), लट् प्र०ब० । शक्नोमि—√शक्, लट् , उ० ए० । शरच्चन्द्रनिर्मलस्य—शरच्चन्द्र इव निर्मलस्य (कर्मधा०) । प्रार्थितः—प्र + √अर्थ + क्त, प्र०ए० । आरोप्य—आ +

(सीता उतर कर इधर उधर घूमती है)

लक्ष्मण—सुमन्त्र ! दीर्घ मार्ग (यात्रा) के कारण यह घोड़े थक गए हैं, अतः इन्हें विश्राम कराईए ।

सुमन्त्र— जो आप की आज्ञा । (रथ पर चढ़ कर निकल जाता है)

स्येक्ष्वाकुकुलस्य कलङ्कमुत्पादयितुम् । सीतया चाहं गर्भिणीभावसुलभेन दोहदेन भागीरथीदर्शनं प्रार्थितः। तस्मात् त्वमनेन गङ्गागमनव्याजेन सुमन्त्राधिष्ठितं रथमारोप्य कस्मिंश्चिद्वनोद्देशे परित्यज्य निवर्तस्व-इति । तदहमपि स्वजनविस्रम्भनिर्विशङ्कां देवीमादाय गृहहरिणीमिव वध्यभूमिं वनमुपनयामि ।

सी०— वत्स लक्ष्मण ! अतिशयितगर्भभरोद्वहनपरिश्रान्तौ न
वच्छ लक्खण ! अदिसइदगब्भभरुव्वहणपरिस्संता ण

√रुह् + णिच् + ल्यप् । परित्यज्य—परि + √त्यज् + ल्यप् । निवर्तस्व—नि + √वृत् (आ०), लोट्, म०ए० । स्वजनविस्रम्भनिर्विशङ्काम्—स्वेषु जनेषु यः विस्रम्भः तेन निर्विशङ्काम् (तृ० तत्पु०) । आदाय—आ + √दा (देना) + ल्यप् । वध्यभूमिमुपनयामि—'उप' के योग में 'भूमि' में द्वितीया विभक्ति । उपनयामि—उप + √नी (ले जाना), लट्, उ० ए० ।

लक्ष्मण—(घूम कर, अपने आप) मुझे आर्य ने, नहीं-नहीं महाराज ने आज्ञा दी है, 'प्रिय लक्ष्मण, देवी सीता के रावण के घर रहने के कारण (उसके) चरित्र के विषय में सन्दिग्ध नागरिकों में और ही प्रकार के (अनेक अशुभ) प्रवाद प्रचलित हो गए हैं; तो केवल सीता के कारण शरत्कालीन चन्द्रमा के समान विमल इक्ष्वाकु-वंश को मैं कलङ्कित नहीं कर सकता। गर्भिणी की अवस्था में स्वाभाविक दोहद [गर्भेच्छा] के कारण सीता ने मुझे गंगा के दर्शनों के लिए प्रार्थना की है, अतः तुम इस गंगा जाने के बहाने (सीता को) सुमन्त्र द्वारा चालित रथ पर बिठा कर किसी वन-प्रान्त में छोड़ आओ ।' सो, मैं अपने सम्बन्धियों पर विश्वास के कारण निश्शंक देवी को, वध्यशाला ले जाई जाती हुई पालतू हरिणी के समान, वन में छोड़ने के लिए ले जा रहा हूँ ।

प्रभवतो मे चरणौ । तदग्रतो भूत्वा निवेदय कियद्दूरे भगवती
प्पहवंति मे चलणा । ता अग्गदो भविअ णिइवेहि कीसदूरे भअवई
भागीरथी वर्तत इति ।
भाईरई वट्टदित्ति ।
ल०—नन्वासन्नैव भगवती भागीरथी तदलं विषादेन, संप्राप्ता एव
वयम् । पश्य—
आदाय पङ्कजवनान्मकरन्दगन्धान्
कर्षन्नितान्तमधुरान् कलहंसनादान् ।

व्याकरण—परिश्रान्तौ—परि+√श्रम्+क्त, प्र० द्वि० । भूत्वा—भू+क्त्वा । नन्वासन्नैव—ननु+आसन्ना+एव । आसन्ना—आ+√सद्+क्त (स्त्री०), प्र० ए०। सम्प्राप्ताः—सम्+प्र+√आप् (प्राप्त करना)+क्त, प्र० ब० । पश्य—√दृश् (देखना), लोट्—म० ए० ।

अन्वय—गङ्गा-अनिलः पङ्कज-वनात् मकरन्द-गन्धान् आदाय नितांत-मधुरान् कलहंस-नादान् कर्षन् शीताः तरङ्गकणिकाः विकिरन् इव तव सभाजन—आकाङ्क्षया इव अभि—उपैति ॥५॥

व्याकरण—गङ्गानिलः—गङ्गायाः अनिलः (ष० तत्पु०) । पंकज-वनात् (ष० तत्पु०)। मकरन्द गन्धान्—मकरन्दस्य गन्धान् (ष० तत्पु०) । आदाय—आ+√दा+ल्यप् । कर्षन्—√कृष्+शतृ, प्र० ए० । विकिरन्—वि+√कृ (फेंकना)+शतृ, प्र०ए० । उपैति—उप+आ+एति; √इ(जाना) लट्—प्र० ए० ॥ ५ ॥

सीता—प्रिय लक्ष्मण ! गर्भ का प्रवृद्ध [गुरु] भार उठाने के कारण थके हुए मेरे चरण आगे नहीं बढ़ रहे । जरा (आगे) चल कर पता दो कि भगवती गङ्गा कितनी दूर है ।
लक्ष्मण—भगवती गंगा निकट ही है अतः उद्विग्न [व्यग्र] न होइये, हम पहुंच ही गए हैं । देखिए—

शीतास्तरङ्गकणिका विकिरन्नुपैति
गंगानिलस्तव समाजनकाङ्क्षयेव ॥ ५ ॥

सी०— (स्पर्शं नाटयति) साम्प्रतं जननीकरस्पर्शसुखशीतलस्य भागी-
संपदं जणणीकरप्परिससुहसीअलस्स भाई-
रथीतरङ्गमारुतस्य स्पर्शेन परिश्रमस्येव पापस्य परिक्षयो जातः ।
रईतरंगमारुदस्स परिसेण परिस्समस्स विअ पावस्स परिक्खओ जाओ,

कठिन शब्दार्थ——अनिलः— पवन, वायु । पङ्कज — कमल ।
मकरन्द—पुष्परस । कर्षन्—लाती हुई । विकिरन्—बिखेरती हुई । सभा-
जनकाङ्क्षया—सम्मानित करने की इच्छा से ।

व्याकरण——जननीकरस्पर्शसुखशीतलस्य—जनन्याः करस्य स्पर्शेन यत्
सुखं तद्वत् शीतलस्य (कर्मधा०)। भागीरथीतरङ्गमारुतस्य – भागीरथ्याः
तरङ्गाणां मारुतस्य (ष०तत्पु०)। गङ्गावगाहनम्—गङ्गायां अवगाहनम् (स०
तत्पु०)। समुत्साहयति—सम् + उद् + णिच् , लट्०, प्र० ए० । आदेशय—आ
+ √दिश् ।

गङ्गा की [गंगा में से हो कर आती हुई] वायु कमलों के वन से मकरन्द
की सुगन्धि को ले कर, कलहंसों की अतीव मधुर ध्वनियों को (अपने
साथ) लाती हुई (तथा) तरंगों के शीतल जलकणों को बिखेरती हुई,
मानों आपको सम्मानित करने की इच्छा से (इधर) आ रही है ॥५॥

टिप्पणी—पांचवें श्लोक म प्रकृति पर मानवीय भावों का आरोप किया
गया है । लक्ष्मण सीता के प्रति स्नेह तथा उदारभाव के कारण समझता है कि
गंगा-पवन सीता का अभिनन्दन करने के लिए ही बह रहा है ।

तथापि दोहदकौतूहलं गङ्गावगाहने मां समुत्साहयति । तदस्मात्तट-
तह बि दोहदकुदूहलं गंगावगाहणे मं समुस्साहेदि । ता इमादो तट-
प्रपाताद्यथा परिश्रान्तावतरामि तथादेशय मे मार्गम् ।❀
प्पपादादो जह परिस्संता ओदरामि तह आदेसेहि मे मग्गम् ।
ल०— (*निर्दिश्य*) अत्यन्तविश्रान्तमनुष्यसंचारतया दुरवतारा-
स्तटप्रदेशाः । तस्मात् प्रपदमास्थाय सम्यक्—

व्याकरण— अत्यन्तविश्रान्तमनुष्यसंचारतया—अत्यन्तं विश्रान्ताः ये मनुष्याः तेषां यः संचारः तस्य भावः तत्ता तया (ष० तत्पु०)। विश्रान्त—वि + √श्रम् + क्त। दुरवताराः—दुर् + अव + √तृ (तैरना) + खल्, प्र० ब०। आस्थाय—आ + √स्था + ल्यप्।

सीता—(वायु के स्पर्श के अनुभव का अभिनय करती है) अब माता के स्पर्श के समान सुखद तथा शीतल गङ्गा की तरङ्गों (में से आते हुए) पवन के स्पर्श से (मेरा) परिश्रम (गङ्गा स्पर्श से नष्ट होने वाले) पापों के समान दूर हो गया है। तथापि दोहद की इच्छा मुझे गङ्गा में स्नान करने के लिए प्रेरित [उत्साहित] कर रही है। तो मुझे ऐसा मार्ग दिखाओ जिस से इस निम्नतट-प्रदेशों से थकी हुई मैं नीचे उतर सकूँ।

लक्ष्मण—मनुष्यों के आवागमन के अभाव के कारण तट-प्रदेशों से उतरना कठिन है। अतः पांव का अग्रभाग [पंजा] अच्छी प्रकार रखते हुए—

❀टिप्पणी—सीता की यह उक्ति अत्यन्त सोद्देश्य है। सीता को अब माता के हाथों का सुखद स्पर्श प्राप्त न होगा। गङ्गा ही अब उसकी मातृ-स्थानीय होगी तथा उसकी तरङ्गों से उठता हुआ पवन मातृ-हस्त।

हिन्दु गङ्गा को पतित पावनी मानते हैं तथा उनका विश्वास है कि उस में एक डुबकी लगाने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

वामेन नीवारलतां करेण जानुं समालम्ब्य च दक्षिणेन ।
पदे पदे मे पदमादधाना शनैः शनैरेतु मुहूर्त्तमार्या ॥ ६ ॥

सी०—(*यथोक्तमवतीर्य*) वत्स ! सुष्ठु परिश्रान्तास्मि, एतस्यां पादप-
वच्छ सु परिस्संतम्हि, एतस्सि पाअव-
च्छायायां मुहुर्त्तमुपविश्य विश्रमिष्यामि ।
च्छायाए मुहुत्तं उपविसिअ विस्समिस्सं ।

ल०—यदभिरुचितं देव्यै ।

अन्वय—वामेन करेण नीवारलतां दक्षिणेन च (करेण) जानुं समालम्ब्य मे पदे पदे पदं आदधाना आर्या शनैः शनैः एतु ॥६॥

व्याकरण— नीवारलताम् — नीवाराणां लताम् (ष० तत्पु०) । समालम्ब्य—सम् + आ + √लम्ब्+ल्यप् । आदधानः— आ+ √धा (रखना) + शानच्, प्र० ए० । एतु—√इ, लोट्—म० ए० ।

व्याकरण—यथोक्तम्—यथा + उक्तम् । उक्तम्—√वच् (कहना) +क्त, प्र० ए० । अवतीर्य—अव + √तृ + ल्यप् । एतस्याम्—एतद् (स्त्री०), स० ए० । उपविश्य—उप+√विश (प्रवेश करना)+ल्यप् । विश्रमिष्यामि— वि+√श्रम्, लृट्—उ० ए० ।

कठिन शब्दार्थ—नीवार—वन्य-धान्य । जानुम्—घुटने को । समालम्ब्य—पकड़ कर । आदधाना—रखते हुए ।

बाएँ हाथ से नीवारलता को तथा दाएँ से घुटने को पकड़ कर मेरे पैरों (के चिह्नों) पर पैर रखते हुए [अर्थात् मेरे पीछे पीछे] आप धीरे धीरे आवें ॥ ६ ॥

सीता—(निर्देशानुसार उतर कर) वत्स ! (मैं) बहुत थक गई हूं, वृक्षों की इस छाया में कुछ काल बैठ कर विश्राम करूँगी ।

लक्ष्मण—जैसी आप की इच्छा ।

(सीता उपविश्य विश्रान्तिं नाटयति)

ल०—अहो असंहार्यपरिच्छदाः सुकृतिनः । तथा हि—

तरङ्गा वीजन्ते सजलकणिकान् शीतमरुत-
स्तथैते सङ्गीतं दधति कलहंसाः कलगिरः
सखीव छायेयं रमयति परिष्वज्य हृदयं
वने शून्येऽप्यस्मिन् परिजनवतीवाऽत्रभवती ॥ ७ ॥

व्याकरण— असंहार्यपरिच्छदाः — असंहार्याः परिच्छदाः येषां ते (बहुव्री०) । सुकृतिनः—सुकृतिन्, प्र० ब० ।

अन्वय—तरङ्गाः सजल-कणिकान् शीत मरुतः वीजन्ते, तथा कलगिरः एते कलहंसाः सङ्गीतं दधति । इयं छाया हृदयं परिष्वज्य सखीवत् रमयति, अस्मिन् शून्ये अपि वने अत्रभवती परिजनवती इव ॥ ७ ॥

व्याकरण— वीजन्ते— √वीज् (आत्मने०), लट्—प्र० ब० । कलगिरः—कलाः गिरः येषां ते (बहुव्री०) । दधति—√धा, लट —प्र० ब० । परिष्वज्य—परि+√स्वञ्ज्+ल्यप् । रमयति—√रम (रमणकरना)+णिच्, लट् , प्र० ए० ॥ ७ ॥

कठिन शब्दार्थ—मरुत्—पवन । कलगिरः—मधुर स्वर वाले । परिष्वज्य—आलिङ्गन करके । परिजनवती—सेवकों से युक्त ॥७॥

(सीता बैठकर विश्राम करने का अभिनय करती है)

लक्ष्मण—अहो ! पुण्यात्माओं से (आनन्द-उपभोग) के उपकरण कभी पृथक् नहीं होते । [अर्थात् पुण्यशील व्यक्ति जहां कहीं, जिस किसी स्थान में रहते हैं उनके लिए सेवा की सामग्री जुट ही जाती है ।] जैसे कि—

सी०—यथा भणितं कुमारेण, स्वजनमध्यगताया इवात्राभिरमते
जह भणिदं कुमारेण, सअणमज्झगदाए विअ एत्थ अहिरमदि
मे हृदयम्।
मे हिअअं।
ल०—(आत्मगतम्) एषा विश्रान्ता सुखोपविष्टा च देवी, तदयमे-
वावसरो यथास्थितं व्यवसितुम्।

व्याकरण—भणितम्—√भण् (कहना)+क्त, प्र०ए०। अभिरमते—अभि+√रम् (आ०), लट्, प्र० ए०। मे=मम—अस्मद्, ष० ए०।

विश्रान्ता—वि + √श्रम्+क्त, (स्त्री०), प्र० ए०। सुखोपविष्टा—सुखेन उपविष्टा। उपविष्टा—उप+√विश्+क्त, (स्त्री०) प्र० ए०। व्यवसितुम्—वि+अव+√सो+तुमुन्। निपत्य—नि+√पत्+ल्यप्।

(गङ्गा की) तरंगे जलकणों से भरी हुई शीतल पवन चला रही हैं, मधुर स्वर वाले ये कलहंस संगीत कर रहे हैं, तथा यह छाया (सीता का) आलिङ्गन करके सखी के समान (उसके) हृदय को आनन्दित कर रही है। इस शून्य वन में भी देवी (सीता) मानों परिजनों से युक्त हैं ॥ ७ ॥
सीता—कुमार ने ठीक कहा है, यहां मेरा मन अपने बन्धुओं में बैठी हुई की तरह आनन्दित हो रहा है।

टिप्पणी—सातवें श्लोक में लक्ष्मण ने सीता के अधिकार पूर्ण व्यक्तित्व को अभिव्यक्त किया है कि किस प्रकार प्रकृति सीता की चेरी बन कर उस की सेवा कर रही है। तरंगे पंखा झेलने वाली दासियों का, हंस गाने वाले चारणों अथवा गायिकाओं का तथा सुन्दर छाया सखियों का कार्य कर रही है। प्रासाद से वन में आने पर भी सीता की सेवा में कोई अन्तर नहीं पड़ा।

(प्रकाशम्) (सहसा पादयोर्निपत्य) अयमनवरतप्रवासदुःखभागी निर्लक्षणो लक्ष्मणो विज्ञापयति—स्थिरीक्रियतां हृदयम्।

सी०—(ससम्भ्रमम्) अपि कुशलमार्यपुत्रस्य ?

अवि कुसलं अंअउत्तस्य ?

ल०—(वनं निर्दिश्य) एवं गते कीदृशं कुशलमार्यस्य ?

सी०—आर्यया कैकेय्या पुनरपि समादिष्टो वनवासः ?

अज्जूए केकईए पुणो वि समादिठ्ठो वणवासो ?

ल०— समादिष्टो वनवासः, न पुनरम्बया।

व्याकरण—गते— √गम्+क्त, सति सप्तमी। कीदृशम्—कीदृश, द्वि० ए०।

समादिष्टा—सम्+आ+√दिश्+क्त (स्त्री०) प्र० ए०।

लक्ष्मण—(अपने आप) देवी ने विश्राम कर लिया है तथा सुखपूर्वक बैठी है। (राम का सीता-निर्वासन विषयक) निश्चय प्रकट करने का यही अवसर है। (प्रकट) (सहसा चरणों में गिर कर)

सदा वनवास के दुःखों में साथ देने वाला यह गुणहीन लक्ष्मण कुछ निवेदन करना चाहता है—मन को दृढ़ कर लीजिए।

सीता—(उद्वेग के साथ) आर्यपुत्र तो सकुशल हैं ?

लक्ष्मण—(वन की ओर संकेत करते हुए) इस परिस्थिति में आर्य की कुशलता कैसी ?

सीता—(क्या)माता कैकेयी ने पुनः वनवास की आज्ञा दी है ?

लक्ष्मण—वनवास की आज्ञा (तो) हुई है, पर माता जी की ओर से नहीं।

सी०—केन पुनः समादिष्टः ?

केण उण समादिठ्ठो ?

ल०—आर्येण ।

सी०—कथं समादिष्टः ?

कहं समादिठ्ठो ?

ल०—(*वाष्पस्तम्भमभिनीय*)

आर्यस्यादेश इत्येववक्तुमिच्छामि यत्नतः ।
तथापि हृदयं गत्वा ग्रन्थिं बाध्नति भारती ॥ ८ ॥

अन्वय—आर्यस्य आदेशः इति एव यत्नतः वक्तुं इच्छामि तथापि भारती हृदयं गत्वा ग्रन्थिं बध्नाति ॥ ८ ॥

व्याकरण—क्तुम्—√वच् (कहना)+तुमुन् । गत्वा—√गम्+क्त्वा । बध्नाति—√बंध् (बांधना), लट् , प्र० ए० । ॥ ८ ॥

कठिन शब्दार्थ—आदेशः—आज्ञा । भारती—वाणी । ग्रन्थि—गांठ ॥ ८ ॥

सीता—तो किसने आज्ञा दी है ।

लक्ष्मण—आर्य ने ।

सीता—क्यों ?

लक्ष्मण—(आंसू रोकने का अभिनय करके)

आर्य (राम) की आज्ञा है, केवल इसी कारण जैसे तैसे (वह) कहना चाहता हूँ, तथापि मेरी वाणी हृदय तक पहुंच कर रुक जाती है ॥ ८ ॥

सी०– किं मम समादिष्टो वनवासः ?

किं मम समादिट्ठो वणवासो ?

ल०— न केवलं तव, आत्मनोऽपि ।

सी० – कथमिव ?

कहं विअ ?

ल०— प्रकामभुक्ते स्वगृहाभिमानात्
सुहृज्जनेनाहितयागवह्नौ ।
आर्यस्य रम्ये भवनेऽपि वास-
स्तव प्रवासे वनवास एव ॥ ९ ॥

अन्वय—स्वगृह-अभिमानात् सुहृद्-जनेन प्रकाम-भुक्ते आहित-यागवह्नौ रम्ये भवने अपि आर्यस्य वासः तव प्रवासे वनवासः एव ॥ ९ ॥

व्याकरण—भुक्ते – √भुज्+क्त, स० ए० । स्वगृहाभिमानात्—स्वगृहस्य अभिमानात् (ष०तत्पु०) । आहित—आ+√धा (रखना)+क्त ॥ ९ ॥

कठिन शब्दार्थ—स्वगृहाभिमानात् —अपना घर समझ कर । प्रकामभुक्ते– आनन्दपूर्वक उपभुक्त । आहितयागवह्नौ—(जिस भवन में) यज्ञ की अग्नि स्थापित की गई हो ॥ ९ ॥

सीता—क्या मुझे वनवास दिया है ?

लक्ष्मण—केवल आपको (ही) नहीं, अपने आपको भी ।

सीता—वह कैसे ?

लक्ष्मण—अपना घर मान कर मित्रों द्वारा सानन्द उपभोग किए गए, (तथा) यज्ञ की (निरन्तर जलती हुई) अग्नि से युक्त, सुन्दर प्रासाद में भी आर्य का निवास आपके [प्रवास के कारण] वनवास ही है ॥ ९ ॥

सी०—वत्स ! परिस्फुटं कथय, अद्य कथं मम वनवास आर्य
वच्छ परिप्फुडं कहेहि, अज्ज कहं मम वणवासो अज्जउत्तस्स
पुत्रस्य वनवास इति ।
वणवासोत्ति ।

ल०—किमपरं कथयामि मन्दभाग्यः ।

त्यक्ता किल त्वमार्येण चारित्रगुणशालिना ।
मयापि किल गन्तव्यं त्यक्त्वा त्वामिह कानने ॥ १० ॥

सी० —हा तात, आर्य कोसलाधिप ! अद्योपरतोऽसि ।
हा ताद, अय्य कोसलाहिप ! अज्ज उवरदोसि ।

(मोहं गच्छति)

अन्वय—चरित्र गुणशालिना आर्येण त्वं त्यक्ता किल, त्वाम् इह कानने त्यक्त्वा मया अपि गन्तव्यम् किल ॥१०॥

व्याकरण—चारित्रगुणशालिना—चारित्रगुणैः शालते यः तेन (बहुव्री०) त्यक्ता—√त्यज् (छोड़ना + क्त, प्र० ए० । त्वाम्—युष्मद, द्वि० ए० । त्यक्त्वा—√त्यज् +क्त्वा । गन्तव्यम्—√गम् +तव्यत् ॥१०॥

सीता—वत्स ! स्पष्ट कहो, आज यह मेरा वनवास, आर्यपुत्र का वनवास, यह कैसी (बात है) ?

लक्ष्मण—मैं अभागा और क्या कहूं ?

(प्रजारंजन आदि) चारित्रिक गुणों से सम्पन्न राम ने तो आपका परित्याग कर ही दिया है, आपको इस वन में छोड़ कर मुझे भी (लौट) जाना है ॥१०॥

सीता—हा तात ! पूज्य कौशलराज ! (मेरे लिए तो) आप आज मृत्यु को प्राप्त हुए हैं ।

(मूर्च्छित हो जाती है)

ल०—(ससम्भ्रमम्) कष्टं भोः ! कष्टं भोः ! निर्घातपातदारुणेनानेन परित्यागवार्ताश्रवणेन नूनमुपरता देवी (*निर्वर्ण्य*) दिष्ट्या श्वसिति। तत्को नु खल्वस्याः प्रत्यानयनेऽभ्युपायः। (*विषादं नाटयति*) आश्चर्यमाश्चर्यम्—

भागीरथीशीकरशीतलेन सम्भाव्यमाना मृदुनानिलेन।

व्याकरण—अद्योपरतोऽसि— अद्य + उपरतः+असि। उपरत—उप+√रम्+क्त, प्र०ए०। असि—√अस्, लट्—म० ए०।

निर्घातपातदारुणेन—निर्घातपातेन इव दारुणेन (कर्मधा०)। निर्घात—निः+√हन् (मारना)+घञ्। परित्यागवार्ता—परित्यागस्य वार्ता (ष. तत्पु०)। निर्वर्ण्य—निर्+√वर्ण+ल्यप्। प्रत्यानयने—प्रति+आ+√नी+ल्युट् (अन), स० ए०।

अन्वय—भागीरथी–शीकर–शीतलेन मृदुना–अनिलेन सम्भाव्यमाना मत्–भाग्य–शेषेण च बोध्यमाना राजसुता कथंचित् प्रत्यागता ॥११॥

व्याकरण—भागीरथी-शीकर शीतलेन—भागीरथ्याः शीकरैः शीतलेन (तृ० तत्पु०)। शीकर—√शीक्+अरन्। शीतल—√शीत+लच्।

कठिन शब्दार्थ— शीकर—जलकण। मृदुना—कोमल (मंद)। अनिलेन—वायु से। सम्भाव्यमाना—सेवा की जाती है। प्रत्यागता—सचेत हो गई है।

लक्ष्मण—(उद्वेग से) अ हह ! वज्रपात के समान कठोर निर्वासन का यह समाचार सुन कर आर्या ने निश्चित ही प्राण छोड़ दिए हैं। (देख कर) सौभाग्य से श्वास ले रही है। इसे सचेत करने का क्या उपाय है ? (निराशा का अभिनय करता है) बड़ा आश्चर्य है कि—

मद्भाग्यशेषेण च बोध्यमाना प्रत्यागता राजसुता कथञ्चित् ॥ ११ ॥

सी०—वत्स लक्ष्मण ! किं गतोऽसि ?
वच्छ लक्खण ! किं गदोसि ?

ल०—आज्ञापय, तिष्ठाम्येष मन्दभाग्यः।

सी०—किमुपालभ्यास्मि परित्यक्ता ?
किं उवालभिअ अंमि परिच्चत्ता ?

व्याकरण—मृदुना—मृदु, (तृ० ए०)। सम्भाव्यमाना—सम्+√भू+णिच्, (कर्मवाच्य)+शानच् (स्त्री). प्र० ए० । बोध्यमाना—√बुध्+णिच् (कर्मवाच्य),+शानच्, (स्त्री०), प्र० ए० । प्रत्यागता –प्रति+आ+√गम्+क्त (स्त्री०) प्र० ए० ॥११॥

गतः—√गम+क्त, प्र० ए० । असि—√अस्, लोट् , म० ए० ।

आज्ञापय—आ+√ज्ञा+णिच् (पय्), लोट्०, म० ए० ।

उपालभ्य—उप+आ+√लभ+ल्यप् । परित्यक्त परि+√त्यज्+क्त, स्त्री०- प्र० ए० ।

गंगा के जलकणों से शीतल (एवं) मन्द पवन से सेवा की जाती हुई, तथा मेरे शेष भाग्य से प्रबुद्ध की जाती हुई राज कुमारी ने किसी न किसी प्रकार चैतन्य को (पुनः) प्राप्त कर लिया है। ११ ॥

सीता—वत्स लक्ष्मण ! क्या चले गए हो ?
लक्ष्मण—आज्ञा दीजिए, (मैं) अभागा यह खड़ा हूँ।
सीता—क्या दोष लगा कर मेरा परित्याग किया गया है ?

ल०—कीदृशो देव्या उपालम्भः ?

सी०—अहो मेऽधन्यत्वम्, किमुपालम्भमात्रेण विना निगृहीतास्मि। किमस्ति किमपि तेन सन्दिष्टम् ?

अहो मे अधण्णत्तणं, किं उवालम्भमेत्तएण विणा णिगहिदह्मि। किं अत्थि किं वि देण संदिट्ठं ?

ल०—अस्ति !

सी०—कथय कथय।

कहेहि कहेहि।

ल०—*तुल्यान्वयेत्यनुगुणेति गुणोन्नतेति*
दुःखे सुखे च सुचिरं सहवासिनीति।

व्याकरण—निगृहीता—नि + ग्रह् + क्त, स्त्री० प्र० ए०। सन्दिष्टम्—सम् + √दिश् + क्त, प्र०ए०।

अन्वय—सीते ! अहं जानामि, तुल्य-अन्वया इति, गुणोन्नता इति, सुखे दुःखे च सहवासिनी इति (अहं) केवलं जनवादभीत्या भवतीं त्यजामि, भावदोषात् तु न ॥१२॥

व्याकरण—तुल्यान्वया—तुल्यः अन्वयः यस्याः सा (बहुव्री०)। अनुगुणा—अनुकूलाः गुणाः यस्याः सा; (बहुव्री०)। जानामि—√ज्ञा, लट्, उ० ए०। जनवादभीत्या जनवादात् भीतिः तया (पं० तत्पु०) ॥१२॥

लक्ष्मण—आपका क्या अपराध हो सकता है ?

सीता—मैं कितनी अभागिन हूं, क्या मुझे बिना किसी अपराध के दण्ड दिया गया है ? उन्होंने कोई सन्देश भी दिया है ?

लक्ष्मण—है।

सीता—कहो कहो।

जानामि केवलमहं जनवादभीत्या
सीते त्यजामि भवतीं न तु भावदोषात् ॥ १२ ॥

अयमार्यस्य संदेशः ।

सी०—कथं जनवादभयेनेति । किमपि वचनीयं मेऽस्ति ?

कहं जणवादभयेणेत्ति । किंवि वअणीअं मे अत्थि ?

ल०—कीदृशमार्याया वचनीयम् ।

ऋषीणां लोकपाला ामार्यस्य मम चाग्रतः
अग्नौ शुद्धिं गता देवी किन्तु—

अन्वय—ऋषीणां लोक पालानां आर्यस्य मम च अग्रतः देवी अग्नौ शुद्धिं गता, किन्तु लोकः निरंकुशः ॥१३॥

कठिन शब्दार्थ—अन्वय—वंश । जनवाद—लोक निन्दा, लोकापवाद । भावदोष— चित्त विकार ।

लक्ष्मण—'सीते ! मैं जानता हूं (कि तुम मेरे) समान वंश वाली, अनुकूल गुण (कर्म-स्वभाव) युक्त, गुणों के कारण उच्च पदवी पर पहुंची हुई ,तथा सुख दुःख को साथिन हो। (मैं केवल लोक निन्दा के भय से तुम्हारा परित्याग कर रहा हूँ, (किसी) चित्त विकार के कारण नहीं" ॥१२॥

यह है आर्य का सन्देश।

सीता—क्या ! लोक-निन्दा के भय से। क्या मेरे सम्बन्ध में कोई आक्षेपार्ह बात है ?

लक्ष्मण—आर्या के विषय में निन्दनीय बात कैसी ?

ऋषियों, लोकपालों, आर्य (राम) तथा मेरे सम्मुख आप अग्नि (परीक्षा) में शुद्ध सिद्ध हुई थीं किन्तु.........

सी०—(*लज्जां नाटयति*) कथय, किन्तु—
कहेहि, किंतु—

ल०—*लोको निरंकुशः ॥ १३ ॥*

सी०—अग्निशुद्धिसङ्कीर्तनेन प्रतिबोधितास्मि । रावणभवनोदन्तः
अग्गिसुद्धिसंकित्तणेण पडिबोधिदम्हि । रावणभवणउत्तंतो
पुनरप्युद्बाधयति। सीताया अपि नाम एवं सम्भाव्यत इति सर्व-
पुणोवि उव्बादिअदि। सीदाए वि णाम एव्वं संभावीअदित्ति सव्व-
था ऽलं महिलात्वेन। एवं परित्यक्ता । ननु परित्यक्तास्मि ? किन्न
हा अलं मम महिलत्तणेण। एव्वं परिच्चत्ता। णु परिचत्तम्मि ? किं ण

व्याकरण—अग्निशुद्धिसंकीर्तनेन—अग्नौ शुद्धेः यत् संकीर्तनं, तेन।
प्रतिबोधिता—प्रति+√बुध् (जानना)+णिच्+क्त, स्त्री० प्र. ए.।
उद्बाधयति—उद्+√बाध् (पीड़ा देना)+णिच+स्वार्थे, लट्०, प्र० ए०।
सम्भाव्यते–सम्+√भू+णिच्, कर्मवाच्य। परित्यक्तुम्—परि+त्यज्+तुम्।

सीता—(सीता लज्जा का अभिनय करती है) कहो, किन्तु—
लक्ष्मण—लोग निरंकुश हैं कुछ भी कहने को स्वतन्त्र हैं) ॥१३॥

सीता—अग्नि–शुद्धि के कथन से मुझे स्मरण कराया गया है। रावण के भवन में रहने का वृत्तान्त (प्रसंग) पुनः कष्ट दे रहा है। यदि सीता के विषय में भी इस प्रकार की सम्भावना की जा सकती है, तो स्त्रीत्वमात्र से कुछ काम नहीं ? (अर्थात् यदि पवित्र चरित्रयुक्त तथा परीक्षित नारी के विषय में भी सन्देह है तो नारी रूप में जन्म लेना अथवा स्त्रीत्व ही व्यर्थ है) इस प्रकार मेरा त्याग कर दिया गया है ? क्या मैं सचमुच त्यागी गई हूँ ? तो क्या आर्य पुत्र

खलु युक्तं ममार्यपुत्रपरित्यक्तमात्मानं परित्यक्तुम् ? किन्न खलु
खु जुत्तं मम अअंउत्तपरिच्चत्तं अत्ताणं परिच्चइदुं ? किं ण खु
तस्यैव निरनुक्रोशस्य समान एष प्रसवः प्रेक्षितव्य इति वचनीय-
तस्स एव्व णिरनुक्कोसस्स समाणो एसो पसओ पेक्खिदव्वोत्ति वअणीअ-
कण्टकोपहितं जीवितं परिरक्षामि।
कटकोपहिदं जीविदं परिरक्खामि।

ल०—अनुगृहीतोऽस्मि । (*उत्थाय प्रणमति*) इदमपरमार्येण
सन्दिष्टम्।

सी०—किन्नु खलु भविष्यति।
किं णु खु भविस्सदि।

ल०—*त्वं देवि चित्तनिहिता गृहदेवता मे*
स्वप्नागता शयनमध्यसखी त्वमेव।

व्याकरण—निरनुक्रोशस्य—निर्गतः अनुक्रोशः यस्मात् तस्य (बहुव्री०)। प्रेक्षितव्यः— प्र + √ईक्ष् (देखना) + तव्यत्, प्र. ए.। कण्टकोपहितम्—कण्टकेषु
उपहितम्, (स० तत्पु०)। उपहितम्—उप + √धा (रखना) + क्त, प्र. ए.।
अनुगृहीतः—अनु + √ग्रह् (ग्रहण करना) + क्त, प्र० ए०। उत्थाय—उद् + √स्था + ल्यप्। सन्दिष्टम्—सम् + √दिश् (तुदा०) + क्त, प्र. ए.।

द्वारा परित्यक्ता मेरे लिए अपने शरीर का त्याग उचित नहीं। अथवा उसी निर्दय के तुल्य इस सन्तान की देख भाल करनी होगी, क्या) इस विचार से निन्दा के कांटों पर पड़े हुए [कांटों से बिंधे हुए] जीवन की रक्षा करूँ ?

लक्ष्मण—अनुगृहीत हूँ। (उठ कर प्रणाम करता है) आर्य ने यह (एक) और सन्देश दिया है।

सीता—वह क्या ?

दारान्तराहरणनिःस्पृहमानसस्य
याने तव प्रतिकृतिर्मम धर्मपत्नी ॥ १४ ॥

सी०—एवं सन्दिशतार्यपुत्रेण परित्यागदुःखं मयि निरवशेषमप-
एव्वं संदिशंतेण अंअउत्तेण परिच्चाअदुक्कं मयि निरवसेसं अव-
नीतम् । न हि तथान्यासक्ता पत्युः, स्त्रीजनस्य दुःखमुत्पादयति
णीदं । ण हि तह अण्णासत्ता पइणो, इत्थिआजणस्स दुक्कं उप्पादेदि

अन्वय---देवी ! त्वं मे चित्त-निहिता गृहदेवता, त्वम् एव स्वप्न-आगता शयन-मध्य-सखी (असि), दारान्तर-निस्पृह-मानसस्य मम यागे तव प्रतिकृतिः धर्म पत्नी भविष्यति ॥१४॥

व्याकरण—चित्तनिहिता – चित्ते निहिता (स०त०) । निहिता—नि + √धा + क्त । स्वप्नागता—स्वप्ने आगता (स० त०) । स्वप्न पुं० है ।

आगता—आ + √गम् + क्त प्र० ए० । दारान्तराहरण-निस्पृह-मानसस्य —अन्ये दाराः दारान्तराणि (मयूर व्यंसकादि समास) तेषाम् आहरणे (ष० तत्पु०) निस्पृहंमानसं यस्य तस्य (बहुव्री०) । निस्पृहम्—निर्गता स्पृहा यस्मात् तद् (बहुव्री०) ॥१४॥

सन्दिशता—सम् + √दिश् + शतृ, तृ० ए० । अपनीतम्—अप + √नी + क्त, प्र०ए० । अन्यासक्ता—अन्यस्मिन् आसक्ता (स० तत्पु०) । आसक्ता—आ + √ष्वञ्ज + क्त, प्र०ए० । अन्यासक्तः—अन्यस्याम् आसक्तः । सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः । इस से 'अन्या' के स्थान में 'अन्य' हुआ ।

कठिन शब्दार्थ—चित्तनिहिता-चित्त में स्थापित । दारान्तर—अन्यस्त्री । आहरण—ग्रहण । निस्पृह—अनिच्छुक । यागे - यज्ञ में । प्रतिकृतिः (स्त्री०)—मूर्ति ।

लक्ष्मण—देवि ! तुम मेरे हृदय में प्रतिष्ठित (मेरी) गृहदेवता हो, स्वप्न में आकर मेरे साथ सोने वाली भी तुम्हीं हो । अन्य स्त्री ग्रहण करने की इच्छा से रहित मन वाले (मुझ राम के) यज्ञ में तेरी मूर्त्ति (ही) मेरी धर्मपत्नी (होगी) ॥१४॥

यथान्यासक्तः ।

जह अण्णासत्तो ।

ल०—कः प्रतिसन्देशः ?

सी०—कस्य ?

कस्स ?

ल०—आर्यस्य ।

सी०—एवं गतेऽपि प्रतिसन्देशः । श्वश्रूणां पुनर्मम वचनात्

एव्वं गदेवि पडिसंदेओ । अज्जूणं उण मम वअणादो

पादवन्दनं कृत्वा विज्ञापय—एवमहं नीरक्षा श्वापदसमाकीर्णे वने

पादवंदणं कदुअ विण्णवेहि—एव्वं अहं णीरक्खा सावदसमाइण्णे वणे

व्याकरण—प्रति सन्देशः—प्रतिगतः सन्देशः । पादवन्दनम्—पादयोः वन्दनम् (ष० त०) कृत्वा—√कृ+क्त्वा, । विज्ञापय—वि+√ज्ञा+आप्+णिच्, लोट्, म० ए० । नीरक्षा—निर्+रक्षा, निर्गता रक्षा यस्याः सा (बहुव्रा०) । प्रतिवसन्ती—प्रति+√वस्+शतृ, (स्त्री) प्र० ए० । अनुग्रहीतव्या —अनु+√ग्रह्+तव्यत् ।

सीता—यह सन्देश भेज कर आर्य पुत्र ने परित्याग [निर्वासन] से (उत्पन्न) मेरे दुख को सर्वथा दूर कर दिया है । पर पुरुष में आसक्त (स्त्री) पति को इतना दुख नहीं देती जितना कि परस्त्री पर आसक्त (पुरुष) पत्नी को ।

लक्ष्मण—उत्तर में आपका क्या संदेश है ?

सीता—किसके लिए ?

लक्ष्मण—आर्य के लिए ।

सीता—ऐसी दशा हो जाने पर भी सन्देश ! माताओं को मेरी ओर से चरण वन्दना करके कहना—'इस प्रकार सर्वथा

प्रतिवसन्ती च सर्वथा हृदयेनार्याभिरनुगृहीतव्येति ।
पडिवसंती अ सव्वहा हिअएण अय्याहिं अणुगहीदव्वेत्ति ।

ल०—प्रतिगृहीतेयमाज्ञा । आर्यस्य न किञ्चित् सन्दिष्टम् ।

सी०—तथानिष्ठुरो नाम सन्दिश्यत इत्यप्रतिहतवचनतैषा लक्ष्म-
तह णिठुरो णाम संदीसीअदित्ति अप्पडिहदवअणदा एसा लक्ख-
णस्य, न सीताया धन्यत्वम् । तथा मम वचनात्तं जनं विज्ञापय—
णस्स, ण सीदाए धण्णत्तणं । तह मम वअणादो तं जणं विण्णवेहि—
मन्दभागिनीमनुशोचन् वर्णाश्रमपरिपालनमभिघ्नन्नात्मानं न बाधय।
मन्दभाइणीं अणुसोअंतो वण्णस्समपरिवालणं अहिग्घंतो अत्ताणं ण बाधेहि।

व्याकरण — प्रतिगृहीता—प्रति+ग्रह्+क्त। सन्दिष्टम्— सम्+√दिश्+क्त। अप्रतिहतवचनता—प्रतिहतं वचनम् यस्य सः प्रतिहत वचनः (लक्ष्मणः) बहुव्री०) तस्य भावः तत्ता, सा न भवतीति अप्रतिहत० (नञ् तत्पु०)। अनुशोचन्—अनु+√शुच्+भ्वा० शतृ, प्र० ए०। अभिघ्नन् अभि+√हन्+अदा० शतृ—प्र० ए०। बाधय—बाधस्व—√बाध्, लोट्० म० ए०।

अरक्षित दशा में हिंसक वन्य जीवों से भरे हुए वन में रहती हुई (मुझ पर) हृदय से आप कृपा बनाए रखें।'

लक्ष्मण—यह आदेश ग्रहण कर लिया। आर्य के लिए (आपने) कोई संदेश नहीं दिया ?

सीता—ऐसे निष्ठुर को (जो मैं) संदेश दे रही हूँ, वह केवल इसलिये कि लक्ष्मण की आज्ञा अलंघनीय है, (इसमें) सीता का सौभाग्य नहीं। तो मेरी ओर से उनको नम्र निवेदन करना, मुझ अभागिनी के विषय में शोक करने से (चारों) वर्णों तथा (चारों) आश्रमों के पालन की उपेक्षा करते हुए अपने आपको दुःखी मत बनाना (अर्थात्) मेरी चिंता मत करना। इस से वर्णाश्रम धर्म का पालन छूट जायगा तथा

सद्धर्मे स्वशरीरे सावधानो भवेति । वत्स लक्ष्मण ! किमुपालभे
सद्धंमे ससरीरे सावधाणो होहित्ति । वच्छ लक्खण ! उवालंभामि
महाराजम् ?
महाराअं ?
ल०—किमेतावत्यपि न प्रभवति देवी ?
सी०—एवमपि तं जनं विज्ञापय—न युक्तं तव निरपराधमिमं जनं
एव्वं वि तं जणं विण्णवेहि—ण जुत्तं तव णिरपराहं इमं जणं
सपदि हृदयतो निर्वासयितुं किं पुनर्विषयत इति ।
सपिदि हिअआदो निव्वसिदुं किं उण विसआदोत्ति ।
ल०—सन्देष्टव्यमार्यया सन्दिष्टम्—

व्याकरण—सद्धर्मे—सत्+धर्मे, सन् च असौ धर्मः च तस्मिन् । उपालभे—उप+आ+√लभ् (पाना) लट्० उ० ए० । उपसर्ग वश उलाहना देना अर्थ हुआ ।

युक्तम्—√युज+क्त, प्र.ए. । निर्वासयितुम्—निर्+वस्+णिच्+तुम् ।
सन्देष्टव्यम्—सम्+√दिश्+तव्यत्, प्र.ए. ।

आपके मन व शरीर को कष्ट पहुंचेगा। अपने शुभ धर्म [कर्तव्य] तथा शरीर के पालन [रक्षण] के विषय में साव-धान रहो" प्रिय लक्ष्मण ! महाराज को क्या उलाहना दूं ।

लक्ष्मण—क्या आपका इतना भी अधिकार नहीं ?

सीता—उन्हें यूं कहना, 'इस निर्दोष व्यक्ति को सहसा [एकदम] हृदय से निर्वासित करना आपके लिए उचित नहीं, देश से निकालने के विषय में तो क्या कहना' [अर्थात् वह तो और भी बुरा है ।]

लक्ष्मण—आपने युक्त संदेश दिया है ।

आर्या निर्वासिता नाम हृदयात्प्रभविष्णुना ।
कथं गृहाद् गृहं नाम कथं जनपदादपि ॥ १५ ॥

सी०—एवमपि मम वचनाद् विज्ञापयितव्यः—सा तपोवन-
एव्वं वि मम वअणादो विण्णविदव्वो—सा तपोवण
वासिनी सर्वथा सीमन्तनिहितेनाञ्जलिना विनिवेदयति यदि अहं
वसिणी सव्वहा सीमण्टअणिहिदेन अंजलिणा विण्णवेदित्ति जइ अहं
निर्गुणा चिरपरिचितेति वा, अनाथेति वा, सीतेति वा स्मरणमात्र-
णिग्गुणा चिरपरिचिदेत्ति वा, अणाहेत्ति वा, सीदेत्ति वा, सुमरणमेत्त-
केणानुगृहीतव्येति ।
एण अणुगहिदव्वेति ।

अन्वय—प्रभविष्णुना आर्या हृदयात् निर्वासिता नाम कथं गृहात्, गृहं नाम कथं जनपदात् अपि ॥१५॥

व्याकरण—प्रभविष्णुः—प्रभवतीत्येवंशीलः, इष्णुच् प्रत्यय । जनपदः जनानां पदं स्थानम् ष० तत्पु० ।

विज्ञापयितव्यः—वि+√ज्ञा+आप्+णिच्+तव्यत् । निर्गुणा—निर्गताः गुणाः यस्याः इति (बहुव्री०) । अनाथा—अविद्यमानः नाथः यस्याः इति (बहुव्री०) ।

कठिन शब्दार्थ— प्रभविष्णुना—सामर्थ्य शील ने । जनपदात्—राज्य से ।

सामर्थ्यवान् (राम ने) आर्या को सम्भवतः हृदय से निर्वासित कर दिया है । (अन्यथा) घर को [गृहिणी ही घर है] घर से कैसे निकाल दिया, (यदि यह संभव नहीं) तो देश से भी (कैसे निकाल दिया ? ॥१५॥

भावार्थ—राम सामर्थ्यवान थे, सो उन्होंने सीता को अपने

ल०— *इमं सन्देशमाकर्ण्य क्षते क्षारमिवाहितम् ।*
दशामसह्यां शोकस्य व्यक्तमार्यो गमिष्यति ॥ १६ ॥

सी०—अतिमहिते ऽपि स्वमण्डले कथं ते सन्ति, स्त्रियो दुःख-
अदिमहिदे वि सअमंडले कहं तुमं सोंत्ति, इत्तिआ दुक्ख-

अन्वय—क्षते आहितं क्षारम् इव इमं संदेशम् आकर्ण्य आर्यः व्यक्तम् असह्यां दशां गमिष्यति ॥१६॥

व्याकरण—क्षते—√क्षण् (हिंसा करना)+क्त, स० ए० । आहितम्—आ+√धा+क्त । असह्याम्—न+√सह्+यत्+टाप्, द्वि० एक० ॥१६॥

कठिन शब्दार्थ—क्षते (नपुं०)—घाव पर । आहितम्—डाले हुए । क्षारम्—नमक । व्यक्तम्—क्रियावि० स्पष्ट, निश्चय ही ।

हृदय से निकाल दिया । इसमें उनका सामर्थ्य सफल हुआ । पर लक्ष्मण आश्चर्य करता है—सामर्थ्य होते हुए भी सीता (जो गृहिणी होने से घर रूप ही है) उसे घर से कैसे निकाल दिया । यदि यह संभव नहीं तो देश निकाला कैसे संभव हुआ ?

सीता—मेरी ओर से यह भी कहना, 'वह तपोवनवासिनी सीमंत [मांग-सिर] पर अंजलि रखकर कहती है कि यद्यपि गुणहीन हूं तथापि चिरकाल से (आपकी) परिचित हूँ इस कारण, अथवा अनाथ हूं इस विचार से, अथवा सीता हूं केवल इस नाते स्मरण करने की कृपा करना ।

लक्ष्मण—घाव पर छिड़के हुए नमक तुल्य (असह्य) इस संदेश को सुन कर आर्य निश्चय ही शोक की असह्य अवस्था को प्राप्त होंगे ॥१६॥

सीता—अत्यन्त समृद्ध भी अपने राज्य में (पत्नियों के बिना)

सहायाः। साम्प्रतं मया विना त्वयैकेनैष चिन्तयितव्यः । त्वं भ्रातुः
सहाया। संवदं मए विणा तए एकक्कण एसो चितिदव्वो । तुमं बादु
शरीरे सावधानो भवेति ।
स्सरीरे सावाहणो होहित्ति ।

ल०—अनुरूपमेतन्महानुभावतायाः ।

सी०—वत्स लक्ष्मण ! प्रणन्तव्या त्वया मम वचनात् राघव-
वच्छ लक्खण ! पणमिदव्वा तुए मम बअणादो राहव
कुलराजधानी भगवत्ययोध्या । शुश्रूषितव्यः प्रतिमागतो महाराजः
उलराअधाणी भअवदी अयाज्जा। सुस्सूसिदव्वो पडिमागदो महाराओ

व्याकरण—अतिमहिते—अति+√मह् (पूजा करना)+क्त, स० ए० । दुःखसहाया;—दु;ख सहायाः, सहायाः—सह अयन्ते गच्छन्ति इति सहायाः। चिन्तयितव्यः—√चिन्त् (सोचना)+णिच्+तव्यत्, प्र० ए० ।

प्रणन्तव्या—प्र+√नम्(झुकना)+तव्यत् । शुश्रूषितव्या—√श्रु+सन्+तव्यत्। साधयितव्या—√सिध्+णिच्+तव्यत् । प्रियंवदाः—प्रिय+मुम् (म्)+खच्। स्मर्त्तव्या—√स्मृ+तव्यत् ।

वे राजा लोग कैसे रहते हैं। स्त्रियां दुःख की साथिन होती हैं। (अतः) अब मेरे पीछे तूने ही उन की [राम की] चिन्ता करनी होगी। भाई के शरीर [स्वास्थ्य] के विषय में सावधान रहना।

लक्ष्मण—यह आप के महान् उदार स्वभाव के सदृश ही है।

सीता—प्रिय लक्ष्मण ! मेरी ओर से रघुवंश की राजधानी भगवती अयोध्या को मेरा प्रणाम करना, मूर्ति रूप में विराजमान महाराज (दशरथ) की सेवा [पूजा] करना, माताओं की आज्ञा

साधयितव्या श्वश्रूणामाज्ञप्तिः । समाश्वासयितव्याः प्रियंवदा मम
साहिदव्वा अज्जूणं अणत्ति । समस्सासिदव्वा पिअंवदा मम
प्रियसख्यः । स्मर्तव्या सर्वकालं मन्दभागिनी ।
पिअसहीओ । सुमरिदव्वा सव्वकालं मंदभाइणी ।

(इति रोदिति)

ल०—(सोद्वेगम्)

आर्यां स्वहस्तेन वने विमोक्तुं
श्रोतुञ्च तस्याः परिदेवितानि ।
सुखेन लङ्कासमरे हतं मा-
मजीवयन्मारुतिरात्तवैरः ॥ १७ ॥

अन्वय—लङ्का-समरे सुखेन हतं मां आत्तवैरः मारुतिः आर्यां स्वहस्तेन वने विमोक्तुं तस्याः परिदेवितानि च श्रोतुम् अजीवयत् ॥ १७ ॥

व्याकरण—हतम्—√हन्+क्त, ० ए० । आत्तवैरः—आत्तं वैरं येन सः (बहुव्री०) आत्त—आ+√दा+क्त ।

मारुतिः—मरुतः अपत्यं पुमान्, मरुत् (अपत्यार्थे)+इञ् । विमोक्तुम्—वि+√मुच्+तुमुन् । परिदेवितानि—परि+√दिव्+(चुरा०) णिच्+क्त, प्र० ब० । श्रोतुम्—√श्रु+तुमुन् । अजीवयत्—√जी+णिच्, लङ्-प्र० ए० ॥१७॥

कठिन शब्दार्थ—आत्तवैरः—वैर लिए हुए (वैरी) । मारुतिः—पवन पुत्र=हनुमान् । परिदेवितानि—विलाप वचन, विलाप—क्रन्दन । अजीवयत्—जिलाया ॥१७॥

मानना, मेरी मधुर-भाषिणी सखियों को सान्त्वना देना । इस अभागिन को सदा स्मरण रखना ।

(रोती है)

लक्ष्मण—(खेद के साथ) लङ्का के युद्ध में सुख पूर्वक [शान्ति

(विलोक्य)

एते रुदन्ति हरिणा हरितं विमुच्य
हंसाश्च शोकविधुराः करुणं रुदन्ति ।
नृत्तं त्यजन्ति शिखिनोऽपि विलोक्य देवीं
तिर्यग्गता वरममी न परं मनुष्याः ॥ १८ ॥

अन्वय—देवीं विलोक्य एते हरिणाः हरितं विमुच्य रुदन्ति। शोक विधुराः हंसाः च करुणं रुदन्ति। शिखिनः अपि नृत्तं त्यजन्ति। अमी तिर्यक्-गताः वरम् परं मनुष्याः न ॥१८॥

व्याकरण--विलोक्य--वि+√लोक् (भ्वा० आ०)+ल्यप्। विमुच्य -वि+√मुच्् (छोड़ना)+ल्यप्। रुदन्ति—√रुद्, (अदा०), लट्०,प्र० ब०। शोकविधुराः—शोकेन विधुराः (सुप्सुपा)। विधुराः—विगता धः येषां ते। शिखिनः—शिखिन्, प्र० ब०, शिखा—इन् (मत्वर्थीय तद्धित)। नृत्तम्—√नृत +क्त प्र० ए०। तिर्यग्गताः—तिर्यक् गतं येषां ते ॥१८॥

कठिन शब्दार्थ—हरितम्—घास। विमुच्य—छोड़ कर। विधुराः—व्याकुल। शिखिनः—मयूर। तिर्यक्गताः—पशु पक्षी ॥१८॥

से] मरे हुए मुझको, वैरी हनुमान् ने पूज्या (भाभी) को अपने हाथों वन में छोड़ने तथा उसके विलासपूर्ण वचन सुनने के लिए जिलाया था ॥ १८ ॥

(देख कर)

देवी को देख कर हरिण घास (खाना) छोड़ कर रो रहे हैं, शोक से विकल हंस करुणा पूर्वक रुदन कर रहे हैं, (तथा) मोरों ने नाचना छोड़ दिया है। यह (सीता) के साथ सहानुभूति प्रकट करने वाले पशु-पक्षी (ही) अच्छे हैं, मनुष्य नहीं ॥१८॥

सी०—वत्स लक्ष्मण ! आसन्नास्तमयः सूर्यः । दूरे चेतो मानुष-
वच्छ लक्खण ! आसण्णात्थमयो सुरो। दूरे अ इदो माणुस-
सम्पातः । उड्डीनाः पक्षिणः । सञ्चरन्ति श्वापदाः । गच्छ न युक्तं
संपादो । उड्डीणा पक्खिणो। संचरंति सावदा. / गच्छ ण जुत्तं
परिलम्बितुम् ।
परिलंबिदुम् ।
ल०—(अञ्जलिं बध्वा) सर्वपश्चिमोऽयं लक्ष्मणस्य प्रणामाञ्जलिः
तत्सावधानं परिगृह्यताम् ।
सी०—नित्यावहिता खल्वहम् ।
णिच्चावहिदा खु अहं ।

व्याकरण—आसन्न—आ+√सद्+क्त । चेतः—च+इतः । सम्पातः—सन्+√पत् । उड्डीनाः—उद्+√डी (भ्वा० दिवा०)+क्त, प्र० ब० । संचरन्ति—सम्+√चर्, लट्०, प्र० ब० । युक्तम्—√युज् (रुधादि०, उ०)+क्त प्र० ए० । परिलम्बितुम्—परि+√लम्ब्+(भ्वा०, आ०)+तुमुन् ।

बाल्य तथा युवावस्था में स्थित राजा के पुत्र पत्नियों के प्रति नई २ उमंगों के कारण अति चञ्चल हो गए ॥ ६ ॥

लक्ष्मण—अति सुन्दर ।

रा०—अलं कालातिपातेन, गीयताम् ।

जरसा पलितस्तातः काकपक्षधरा वयम् ।
जानुदघ्नास्तदा तेऽपि साकेतोद्यानपादपाः ॥ ७ ॥

कुशलवौ—*अथाभिषेकसम्भारे रामस्य समुपस्थिते ।*
भरते मातुलं द्रष्टुं मातामहपुरं गते ॥ ८ ॥

रा०—(*आत्मगतम्*)नियतं मध्यमाम्बा निन्द्यते । (*प्रकाशम्*)
तमुद्देशमुल्लङ्घ्य सीतापहरणात्प्रभृति गीयताम् ।

कुशलवौ—*कालेन रूपसौन्दर्यं श्रुत्वा शूर्पणखामुखात् ।*
जहार देहं सीताया न चारित्रं दशाननः ॥ ९ ॥

अन्वय—तातः जरसा पलितः, वयं काकपक्षधराः, तदा ते साकेत-उद्यान-पादपाः अपि जानुदघ्नाः आसन् ॥ ७ ॥

अन्वय—अथ रामस्य अभिषेक सम्भारे समुपस्थिते भरते च मातुलं द्रष्टुं मातामह पुरं गते—॥ ८ ॥

राम—समय नष्ट न करो, गाओ ।

पिता जी के केश बुढ़ापे के कारण श्वेत हो गए थे, हम (अभी) काक पक्षधारी (छोटे बालक) थे, उस समय अयोध्या के उपवन के वे वृक्ष भी घुटनों तक ऊँचे थे ॥ ७ ॥

कुश—लव—फिर राम के यौवराज्याभिषेक सामग्री के उपस्थित होने पर तथा भरत के, मामा को मिलने के लिए ननिहाल जानेपर—॥ ८ ॥

राम—(अपने मन म) मुझे डर है (नियतम्=ध्रुवम्=शङ्के) किये मंझली माँ की निन्दा करेंगे । (प्रकट) यह प्रसङ्ग छोड़ कर सीता-हरण से लेकर गाओ ।

ल०—(*राममवलोकयति*)

कुशलवौ०—*ततो बध्वार्णवे सेतुं निहत्य युधि रावणम् ।*

सीतामादाय रामोऽपि साकेतं पुनरागतः ॥ १० ॥

रा०—अहो संक्षेपः ।

कुशलवौ—प्राप्तराज्यस्ततो रामो जनवादेन नोरितः ।

आहूय लक्ष्मणं प्राह सीता निर्वास्यतामिति ॥ ११ ॥

अन्वय—कालेन शूर्पणखा मुखात् रूप सौन्दर्यं श्रुत्वा दशाननः सीतायाः देहं जहार, चारित्रं न ॥ ९ ॥

अन्वय—ततः रामः अर्णवे सेतुं बध्वा युधि रावणं निहत्य सीताम् आदाय पुनः अपि साकेतम् आगतः ॥ १० ॥

अन्वय—ततः प्राप्तराज्यः रामः जनवादेन नोरितः लक्ष्मणम् आहूय सीता निर्वास्यताम् इति प्राह ॥ ११ ॥

कुश-लव—काल-क्रम से शूर्पणखा के मुख से (सीता के) रूप सौन्दर्य का बखान सुन कर रावण ने सीता को हर लिया (परन्तु उसके) चरित्र को न हर सका ॥ ९ ॥

(लक्ष्मण रामकी ओर देखता है)

कुश-लव—तो राम समुद्र पर पुल बांध कर, युद्ध में रावण को मार कर (और) सीता को लेकर पुनः अयोध्या में लौट आए ॥ १० ॥

राम—कितना संक्षिप्त वर्णन है ।

कुश-लव—इस के पश्चात् राज्य पाकर रामने लोकनिन्दा (के भय से) प्रेरित हो लक्ष्मण को बुलाकर कहा, "सीता को वन में छोड़ आओ" ॥ ११ ॥

बाष्पपर्याकुलमुखीमनाथां शोकविक्लवाम् ।
उद्वहन्तीं च गर्भेण पुण्यां राघवसन्ततिम् ॥ १२ ॥
सीतां निर्जनसम्पाते चण्डश्वापदसङ्कुले ।
परित्यज्य महारण्ये लक्ष्मणोऽपि न्यवर्तत ॥ १३ ॥

ल०—अहो ! अयशोभागी लक्ष्मणः ।

रा०—कस्तवात्रापराधः, रामपराक्रमाः खल्वेते गृह्यन्ते । ततः ।

कुशलवौ—एतावती गीतिः ।

अन्वय—लक्ष्मणः अपि बाष्पपर्याकुलमुखीं, अनाथां शोक-विक्लवां, गर्भेण च पुण्यां राघवसन्ततिं उद्वहन्तीं सीतां निर्जन सम्पाते चण्डश्वापदसङ्कुले महा-अरण्ये परित्यज्य न्यवर्तत ॥ १२ १३ ॥

व्याकरण—बाष्पपर्याकुलमुखीम्—बाष्पैः पर्याकिलं मुखं, यस्याः ताम् (बहुव्री०) । शोक विक्लवाम्—शोकेनविक्लवाम् (सुप्सुपा) । उद्वहन्तीम् निर्जनसम्पाते—निर्गतः जनसम्पातः जनसंचार यस्य तत् तस्मिन् । उद्+√वह +शतृ. द्वि० ए० । चण्डश्वापदसङ्कुले—चण्डैः सङ्कुले (सुप्सुपा) परित्यज्य परित्यज्य परि+√त्यज्+ल्यप् । न्यवर्तत—नि+√वृत्‌म्वा० (आत्मने) लङ्, प्र० ए० ॥ १२—१३ ॥

लक्ष्मण भी अश्रुपूर्ण मुख वाली, अनाथ, शोक-विह्वल तथा गर्भ में रघुकुल की पवित्र सन्तान को लिए हुए सीता को सुनसान (तथा) प्रचण्ड हिंसक जीवों से परिपूर्ण महा वन में छोड़ आया । १२–१३ ॥

लक्ष्मण—आह ! लक्ष्मण ही अपयश का भागी बना ।

राम—तुम्हारा इस में क्या अपराध है, यह राम के ही 'पराक्रमों' का वर्णन है, आगे ।

कुश—लव—' बस यह)गीत इतना ही है । [अथवा यहीं समाप्त हो जाता है]

रा०—(*सोद्वेगम्*) सौमित्रे, कष्टमापतितम्—

उभौ— *ततः प्राणैः परित्यक्ता निराशा जनकात्मजा ।*
अप्रियाख्यानभीतेन कविना संहृता कथा ॥ १४ ॥

कुशः—(*अपवार्य*) महाभागावेतौ सीतासङ्कथायामत्यन्तविषादिनौ तस्मादनुयोक्ष्ये । (*लक्ष्मणमुद्दिश्य*) अपि भवन्तौ रामायण-कथानायकौ रामलक्ष्मणौ ?

ल०—तौ क्लेशभागिनौ ।

कुश—किं नीता त्वया सीता ?

ल०—(*सलज्जम्*) मया मन्दभाग्येन ।

अन्वय—ततः निराशा जनकात्मजा प्राणैः परित्यक्ता अप्रिय आख्यानभीतेन कविना कथा संहृता ॥ १४ ॥

राम—(उद्वेग के साथ) लक्ष्मण ! भारी विपत्ति आ पड़ी है ।

दोनों— इसके पश्चात् हताश सीता ने (अवश्य) प्राण छोड़ दिए (होंगे अतएव) अप्रिय कथन के भय से (निरुत्साहित हो कर) कवि ने (यहीं) कथा समाप्त कर दी ॥ १४ ॥

कुश—(एक ओर हट कर) दोनों महानुभाव सीता के प्रसङ्ग से अत्यधिक दुखी हो रहे हैं अतः इन्हें पूछाता हूँ (लक्ष्मण को सम्बोधित करके) क्या आप दोनों रामायण की कथा के मुख्य पात्र राम और लक्ष्मण हैं ।

लक्ष्मण—(हां)वही विपत्ति के मारे हैं ।

कुश—क्या सीता को आप (वन में) ले गए थे ।

लक्ष्मण—(लज्जा पूर्वक) हां मैं अभागा ही ।

कुश—क्या सीताराम की धर्मपत्नी ?

लक्ष्मण—और क्या ?

कुशवः—किं सीता रामस्य धर्मपत्नी ?
ल०—अथ किम् ?
कुश—अथ सीतायास्तद्गर्भस्य वा विदितः कश्चिद् वृत्तान्तः ?
ल०—विदितो युष्मत्सङ्गीतेन।
रा०—किमितः पुनः कल्याणमावेदयति ? (*विचिन्त्य*) एवं तावद-
नुयोक्ष्ये। आर्यौ, किमेष युवयोरागमावधिः आहोस्वित्सन्द-
र्भावधिः ?
कुश—न वयं जानीमः।
रा०—कण्वोऽनुयोक्तव्यः। सौमित्रे, कण्वमाह्वय।

(लक्ष्मणः निष्क्रम्य कण्वेन सह पुनः प्रविष्टः)

कण्व—(*विलोक्य*)

स एष रामो नयनभिरामः सीतासुताभ्यां समुपास्यमानः।
यदृच्छया तिष्यपुनर्वसुभ्यां पार्श्वस्थिताभ्यामिव शीतरश्मिः॥ १५॥

अन्वय---नयनाभिरामः सः एव रामः सीतासुताभ्यां यदृच्छया समुपस्थिताभ्यां तिष्यपुनर्वसुभ्यां शीतरश्मिः इव समुपास्यमानः॥१५॥

कुश—क्या सीता का अथवा उसकी सन्तान का कोई वृत्त ज्ञात है ?
लक्ष्मण—आप के गीत से ही पता चला है।
राम—क्या इस के पश्चात् कोई शुभ समाचार देगा ? (सोच कर) तो यूँ पूछता हूँ। आर्यो ! क्या आपने यहां तक पढ़ा है अथवा काव्य ही इतना है ?
कुश—(यह) हम नहीं जानते।
राम—कण्व से पूछना चाहिए। लक्ष्मण ! कण्व को बुलाओ।

(लक्ष्मण बाहर जाकर कण्व के साथ पुनः प्रवेश करता है)

कण्व—(देख कर) देखने में अत्यन्त कमनीय यह राम, सीता के पुत्रों की संगति में ऐसे प्रतीत होते हैं जैसे अकस्मात् उपस्थित हुए तिष्य और पुनर्वसु नक्षत्रों की संगति में चन्द्रमा॥ १५॥

ल०—कण्वोऽयमार्य सम्प्राप्तः ।

रा०—(*प्रणम्य*) इदमासनमास्यताम् ।

कण्व—(*उपविश्य*) यदि रामायणश्रवणकौतुकं कथ्यतां कुत्रावधिर-भिहितः कुशलवाभ्यामिति ।

ल०—"सीतां निर्जनसम्पाते" (*इति पठित्वा*) एषा कुशलवयोर्गीत-सीमा ।

कण्व—श्रूयतां ततः परम् ।

रा०—का गतिः ?

कुशलवौ—रामदाराणां भद्रं गायति ।

कण्व—*ततः श्रुत्वा स शिष्येभ्यो वाल्मीकिर्मुनिरुत्तमः ।*
स्वयं सीतां समाश्वास्य निनाय स्वं तपोवनम् ॥ १६ ॥

अन्वय—ततः उत्तमः मुनिः सः वाल्मीकिः शिष्येभ्यः श्रुत्वा सीतां स्वयं समाश्वास्य स्वं तपोवनं निनाय ॥ १६ ॥

लक्ष्मण—आर्य ! कण्व आ गए हैं ।

राम—(प्रणाम करके) इस आसन पर विराजिये ।

कण्व—यदि रामायण सुनने की इच्छा है तो कहो कुश—लव ने कहाँ तक सुनाई है ?

लक्ष्मण—सीता को शून्य प्रदेश में "......(यह श्लोक बोल कर), यहां तक कुश—लव ने सुनाया है ।

कण्व—इस के आगे सुनिए ।

राम—क्या करूं ?

कुश-लव—क्या श्री राम की पत्नी का शुभ समाचार सुनाएंगे ?

कण्व—तदनन्तर मुनिवर वाल्मीकि शिष्यों से (शून्य वन में अकेली रोती हुई किसी स्त्री का समाचार) सुन सीता को स्वयं सान्त्वना दे कर अपने तपोवन में ले आए ॥ १६ ॥

रा०—अनुगृहीतं भगवता रघुकुलम्, अभ्युद्धृतोऽस्मि भगवता ।
कुशलवौ—दिष्ट्या कुशलिनो रामदाराः (*सर्वे हर्षं नाटयन्ति*)
कुशः—अयि वत्स लव, कासौ वाल्मीकितपोवने सीता नाम ?
लवः—न काचित्, केवलं गीतिनिबन्धनान्येतानि सीता सीतेत्यक्षराणि ।
रा०—ततस्ततः ।
कण्व—*परिपूर्णे ततः काले द्यौरिवेन्दुदिवाकरौ ।*
सीताऽपि जनयामास सा यमौ तनयावुभौ ॥ १७ ॥

व्याकरण—गीतसीमा—गीतस्य सीमा । 'सीमन्' (नकारान्त तथा आकारान्त) नित्यस्त्रीलिङ्ग है । अतः इस के साथ 'एषा' ऐसा सर्वनाम होना चाहिये । मूलपाठ में—'एष' लिपिकार का प्रमाद है ।

अन्वय—ततः काले परिपूर्णे सा सीता अपि द्यौः इन्दु-दिवाकरौ इव उभौ यमौ तनयौ जनयामास ॥ १७ ॥

राम—भगवान् (वाल्मीकि) ने रघुकुल पर अपार कृपा की है, उन्हों ने मुझे बचा लिया है ।
कुश-लव—प्रसन्नता का विषय है कि राम की धर्मपत्नी सकुशल है ।
(सभी प्रसन्नता का अभिनय करते हैं)
कुश—प्रिय लव । बाल्मीकि के आश्रम में सीता नाम की कौन सी स्त्री है ।
लव—कोई भी नहीं, 'सीता, सीता' यह अक्षर केवल काव्य में आते हैं ।
राम—फिर ।
कण्व—तत्पश्चात् (गर्भ का) समय पूरा होने पर सीता ने भी जैसे द्युलोक सूर्य तथा चन्द्रमा को जन्म देता है । वैसे दो जुड़वें बेटों को जन्म दिया ।

ल०—जयत्वार्यः, दिष्ट्या वर्धतां पुत्रजन्मना।

रा०—(*स्वगतम्*) अपि नाम कुशलवौ स्याताम्।

कण्वः—*जातावस्थोचितं कर्म विदधानो यथाक्रमम्।*
स चकार तयोर्नाम मुनिः कुशलवाविति ॥ १८ ॥

रा०—कथमेतावेव सीतातनयौ ? हा पुत्र कुश ! हा पुत्र लव !

ल०—इयं सा देवीसम्भवाऽऽर्यस्यात्मसङ्क्रान्तिः।

कुशलवौ—कथमयं सः। हा तात, त्रायस्व (*सर्वे परस्परमालिङ्ग्य मोहं गच्छन्ति*)

कण्व—(*सविषादम्*) किमेतत्कष्टमापतितम्।

अन्वय—सः मुनिः जात-अवस्था-उचितं कर्म यथाक्रमं विदधानः तयोः कुशलवौ [इति] नाम चकार ॥ १८ ॥

लक्ष्मण—आर्य की जय हो, रघुकुल खुशी से फले फूले।

कुश/लव—पुत्र-जन्म पर महाराज को बधाई हो।

राम—(अपने मन में) सम्भवतः वह कुश-लव ही हों।

कण्व—उस मुनि ने जातक की अवस्था के योग्य जातकर्मादि सब संस्कार यथाविधि करते हुए उनका नाम कुश तथा लव रखा ॥१८॥

राम—क्या यही सीता के पुत्र हैं ? हा पुत्र कुश ! हा पुत्र लव !

लक्ष्मण— देवी सीता से उत्पन्न यह आपकी (ही) प्रतिछाया है।

/लव- क्या यह हैं वह। हा पिता जी ! बचाओ।

(सभी परस्पर गले मिल कर मूछित हो जाते हैं)

कण्व—(खेद के साथ) यह क्या आपत्ति आ पड़ी।

मया तु मन्दभाग्येन भद्रं तु किल गायता ।
रघुप्रवीराश्चत्वारो हितेनैकेन पातिताः ॥१९॥

(*निर्वर्ण्य*) दिष्ट्या श्वासोद्गम इव । अहमेतं वृत्तान्तं भगवते देव्यै च निवेदयामि । (*इति निष्क्रान्तः*)

(*ततः प्रविशति वाल्मीकिः ससम्भ्रमं सीता च*)

वा०—वत्से, त्वरस्व मा परिलम्बिष्ठाः; अप्रतिक्रियमाणा मूर्च्छा निष्क्रान्तमापद्यते ।

सीता—कथय कथय परमार्थम्, अपि ध्रियन्ते राघवाः ?
कहेहि कहेहि परमत्थं, अवि धरन्ति राहवा ?

वा०—समाश्वसिहि, ध्रियन्ते राघवाः । किमेतान्न पश्यति भवत्युच्छ्वसितान् ?

अन्वय—मन्दभाग्येन मया भद्रं गायता एकेन हितेन चत्वारः रघुप्रवीराः पातिताः ॥१९॥

मुझ अभागे ने (अपने जाने) शुभ समाचार सुनाया पर (इस) एक हित की बात ने चारों रघुवीरों को धराशायी [मूर्च्छित] कर दिया । ॥१९॥

(देख कर) सौभाग्य से श्वास लेरहे हैं । मैं यह घटना भगवान् (वाल्मीकि) तथा देवी (सीता) को सुनाता हूँ ।

(चला जाता है)

(वाल्मीकि तथा उद्विग्न सीता का प्रवेश)

वाल्मीकि—पुत्र ! जल्दी करो, देरी मत करो; मूर्च्छा का प्रतिकार न करने पर मृत्यु हो जाती है ।

सीता—ठीक २ बताओ, राघव जीवित हैं ना ?

वाल्मीकि—धैर्य रखो, राघव जीवित हैं । क्या तुम देख नहीं रही (कि) ये श्वास ले रहे हैं ?

सीता—दृढं प्रत्यायितास्मि तातेन ।
दिढं पच्चाइदह्मि तादेण ।

वा०—(*अन्वेषणमभिनीय*)

मैथिलि प्रहिणु लोचने ततः साधु धैर्यमवलम्ब्य यत्नतः ।
त्वत्कथाप्रलयमातरिश्वना पश्य राघवकुलं निपातितम् ॥२०॥

सीता—(*सलज्जम्*) भगवन्, अननुज्ञातदर्शनाहमार्यपुत्रेण ।
भअव, अणणुण्णाददंसणा अहं अंअउत्तेण ।

वा०—(*सावष्टम्भम्*) मयि स्थिते को वा अभ्यनुज्ञायाः प्रतिषेधस्य वा । गच्छ, अभ्यनुज्ञातासि वाल्मीकिना मयैतद्दर्शने, उपसर्प निश्शङ्कमुपयन्तारम् ।

अन्वय—मैथिलि ! यत्नतः धैर्यं अवलम्ब्य ततः लोचने साधु प्रहिण । पश्य, त्वत् कथा-प्रलय-मातरिश्वना राघवकुलं निपातितम् ॥२०॥

व्याकरण—अवलम्बब्य—अव+√लम्ब्+ल्यप् । प्रहिणु—√प्र+√हि, लोट् म० ए० । निपातितम्—नि+पत्+णिच्+क्त, प्र० ए० ।

सीता—आपने (मुझे) पूरा विश्वास दिला दिया ।

वाल्मीकि—(परीक्षण करने का अभिनय करके)

सीते ! यत्न पूर्वक धैर्य धारण करके [हृदय थाम कर] इधर दृष्टिपात करो। देखो, तुम्हारी कथारूपी प्रलय-पवन ने रघुकुल [राम, लक्ष्मण, कुश, लव] को (भूमि पर) गिरा दिया है ॥२०॥

सीता—(लज्जा से) आर्य पुत्र की ओर से मुझे (उनके) दर्शन करने की आज्ञा नहीं ।

वाल्मीकि—(दृढ़ता से) मेरे (यहां) होते आज्ञा देने वाला अथवा रोकने वाला कौन है । जाओ, मैं वाल्मीकि तुम्हे दर्शन करने की अनुमति देता हूं, निश्शङ्क भाव से पति के पास जाओ ।

सी०—(*विलोक्य*) किमेवं वर्तते, सर्वथा हतास्मि मन्दभाग्या ।

कि एव्वं वट्टदि, सव्वहा हदह्मि मन्दभाआ ।

(*पतित्वा रोदिति*)

वा०—उत्तिष्ठ समाश्वासय, अहमपि रामलक्ष्मणावभ्युपपत्स्ये । वत्स राम, वत्स लक्ष्मण, समाश्वसिहि ।

सी०—जात कुश, जात लव, समाश्वसिहि समाश्वसिहि । (*एवं सलिल-सेकं नाटयति*)

जाद कुश, जाद लव, समस्सस समस्सस ।

राम—(*प्रत्यागम्य*) आर्य कण्व ! अपि म्रियते वैदेही ?

वा०—पुरत एव वर्तते ।

रा०—(*विलोक्य*) कथं भगवान् सम्प्राप्तः । (*लज्जां नाटयति*)

वा०—अलं लज्जया, कलत्रविषया खल्वनुकम्पा ।

सीता—(देख कर) यह क्या मामला है, हाय ! मैं अभागिन लूटी गई ।

(गिर कर रोती है)

वाल्मीकि—उठो, धैर्य धारण करो; मैं भी राम-लक्ष्मण को सचेत करता हूं । वत्स राम ! वत्स लक्ष्मण ! धैर्य धारण करो ।

सीता—वत्स कुश ! वत्स लव ! धीरज धरो, धीरज धरो [होश में आओ]

(जल छिड़कने का अभिनय करती है)

राम—(चैतन्य हो कर) आर्य कण्व ! क्या (देवी) सीता जीवित है ?

वाल्मीकि—सामने ही खड़ी है ।

राम—(देख कर) क्या भगवान् (वाल्मीकि) आए हैं ?

(लज्जा का अभिनय करता है)

वाल्मीकि—लज्जा मत करो, (यह तुम्हारा) पत्नी के प्रति दया का भाव स्वाभाविक ही तो है ।

ल०—(*आश्वस्य*) अपि प्रत्यागतसञ्ज्ञ आर्यः स्यात् ?

रा०—प्रत्यागतोऽस्मि मन्दभाग्यः ।

कुशलवौ—(*समाश्वस्य*) हा तात ! परित्रायस्व ।

(*इति पादयोः पतित्वा रुदतः*)

रामलक्ष्मणौ—(*परिष्वज्य समाश्वासयतः*) वत्सौ ! अलमावेगेन ।

वा०—हा तातदर्शनदुर्ललितौ ! कस्य कृ रुद्यते, प्रमृज्यतामश्रु ।

(*कुशलवौ बाष्पं प्रमृज्य राममवलोकयन्तौ स्थितौ*)

सी०—(*अपवार्य*) क एषः, यो युवाभ्यामेवं प्रेक्षितः ?

कों एसो, जो तुह्मेहि एव्व पेक्खिदो ?

राम—अहो ! औदासीन्यं वैदेह्या यदियं चिरकालोपनतमस्मत्सन्निधानं मुखविकासेनापि न सम्भावयति ।

लक्ष्मण—(सचेत हो कर) आर्य स्वस्थ हो गए हो ?

राम—(मैं) अभागा प्रकृतिस्थ हूं ।

कुश/लव—(चैतन्य हो कर) हा पिता जी बचाईये ।

(चरणों में पड़कर रोते हैं)

राम/लक्ष्मण—(आलिंगन करके धीरज बन्धाते हैं) पुत्रो ! उद्विग्न मत होवो ।

वाल्मीकि—ओह ! पिता के दर्शन से व्याकुल (कुश-लव) ! किसके लिए रोते हो, आंसू पोंछो ।

(कुश तथा लव आंसू पोंछ कर राम को देखते हुए खड़े रहते हैं)

सीता—(एक ओर हटकर) यह कौन है जिसे तुम इस प्रकार देख रहे हो ?

राम—ओह ! सीता का व्यवहार कितना उदासीनता पूर्ण है, चिर पश्चात् मिले हुए हम लोगों का प्रफुल्ल-मुख से अभिनन्दन भी नहीं कर रही ।

वा०—(सकोपम्) हे राजन् धृतसौहार्द ! महाकुलीन ! समीक्ष्यकारिन् ! किं युक्तं तव प्रतिपादितां जनकेन, गृहीतां दशरथेन, कृतमङ्गलामरुन्धत्या, विशुद्धचारित्रां वाल्मीकिना, भावित-शुद्धिं विभावसुना, मातरं कुशलवयोः, दुहितरं भगवत्या विश्वम्भरायाः, देवीं सीतां जनापवादमात्रश्रवणेन निरा-कर्तुम् ?

रामः—(*वैक्लव्यं नाटयति*)

वा०—सौमित्रे युक्तमिदम् ? अथवा कस्तवोपालम्भः, नियोज्यस्त्वं कनीयान् । (*राममुद्दिश्य*) अथ दशग्रीववीरवधावसाने सीता-प्रतिग्रहं प्रति कः प्रमाणीकृतो देवः प्रमाणेन ?

व्याकरण—धृत सौहार्दम्—धृतं सौहार्दं येन, तत्सम्बुद्धौ । सुहृदो भावः सौहार्दम् । अण् । उभयपद वृद्धिः । महाकुलीन—महाकुले जातः । 'महाकुल' शब्द से खञ् (—इन) प्रत्यय हुआ । भावितशुद्धिम्—भाविता साधिता शुद्धि यस्याः, ताम् । विभावसुना—विभा—विशिष्टा भा वसु—धनं यस्य स विभावसुः (—अग्निः,) तेन ।

वाल्मीक—(क्रोध से) हे राजन् ! हे दृढ़ मैत्री निभाने वाले ! हे उच्च कुलोत्पन्न ! हे विवेकशील ! जिसे जनक ने दिया, दशरथ ने स्वीकार किया, अरुन्धती ने जिसे सर्वमंगला बनाया, वाल्मीकि ने पवित्र चरित्र सम्पन्न घोषित किया, अग्नि देवता ने निष्कलंक सिद्ध किया; क्या कुश तथा लव की जननी (तथा) पृथ्वी माता की पुत्री उस सीता की लोक निन्दा सुनने भर से परित्याग कर देना तेरे लिए उचित था ?

(राम विकलता का प्रदर्शन करता है)

वाल्मीकि—लक्ष्मण ! क्या यह उचित था ? अथवा (इसमें) तुम्हारा

रा०—भगवान् वैश्वानरः।

वा०—भोः प्रत्ययनिवृत्तः किं कारणम्?

सी०—हा धिक्, हा धिक्, ममाधन्यायाः कुत एवमधिक्षिप्यत

हद्धि, हद्धि, मम अधण्णाए किदे एव्वं अदिक्खिअदि

आर्य पुत्रः।

अअउत्तो।

(कर्णौ पिदधाति)

वा०—*कुशलवजननीविशुद्धिसाक्ष्ये*

पवनसखा यदि देवता नियुक्ता।

अन्वय—कुशलव जननी विशुद्धि साक्ष्ये यदि पवन सखा देवता नियुक्ता, अयं निरंकुशः पृथग् जनापवादः भवतः हृदि कथमिव निहितः नु ॥२१॥

क्या दोष? तुम छोटे हो (तुम्हें) आज्ञा का पालन करना ही था।

(राम को सम्बोधित करते हुए)

रावण को मारने के पश्चात् सीता को ग्रहण करने के विषय में किस देवता को प्रमाण माना था [साक्षी बनाया था]?

राम—अग्नि देवता को।

बाल्मीकि—अच्छा, तो विश्वास टलने का कारण?

सीता—हा धिक्कार है, मुझ अभागिन के कारण (आर्य पुत्र को इस प्रकार दंड दिया जा रहा है [अथवा-आर्य पुत्र की इस प्रकार भर्त्सना की जा रही है]।

(कान बन्द कर लेती है)

बाल्मीकि—कुश तथा लव की माता की (चरित्र) शुद्धि की परीक्षा में यदि अग्नि देवता को साक्षी माना था तो निरर्गल

कथमिव भवतो निरङ्कुशोऽयं
हृदि निहितो नु पृथग्जनापवादः ॥ २१ ॥

रामः—(*आयुज्यमानमिव*)

वा०—कथं वीरहस्तेन मामतिवाहयति ।

अनुकृतिसरले पृथग्जनानां
निवसति चेतसि संश्रितोऽनुरागः ।
नरपतिहृदये न जातमाल्यं (?)
न हि पुलिनेषु तिलस्य सम्भवोऽस्ति ॥ २२ ॥

वत्स ! किमनेन कण्डूयनेन, गृहाण कुशलवौ, गच्छामः स्वमाश्रमपदम् । (*इति परिक्रामति*)

रामलक्ष्मणौ—प्रसीदतु, गच्छतु भगवान् ।

अन्वय—अनुरागः पृथग् जनानां अनुकृति सरले चेतसि संश्रितः निवसति, जात माल्यं ? नरपति हृदये न । पुलिनेषु तिलस्य सम्भवः नास्ति ॥२२॥

जनापवाद को आपने हृदय में कैसे स्थान दिया [उच्छृङ्खल लोगों के आक्षेप पर क्यों विश्वास किया] ? ॥२१॥

(राम बाल्मीकि का अंग स्पर्श करता है)

बाल्मीकि—क्या (अपने) ऊर्जस्वी हाथों से मुझे दूर हटाता है ?

प्रेम प्राकृत [भोले भाले] जनों के सीधे सादे हृदय में स्थिर रहता है, राजाओं के कुटिल हृदय में नहीं (वह इसे कृत्रिम आभरण के रूप में धारण करते हैं)। रेतीले प्रदेश में तिल कभी पैदा नहीं सकते ॥२२॥

वत्स ! दुविधा में क्यों पड़े हो, कुश तथा लव को ग्रहण करो, हम अपने आश्रम को चलते हैं। (चलता है)

राम—भगवान् ! कृपा कीजिए, जाईये ।

वा०—(*प्रतिनिवृत्य*) वैदेहि, तपोवनगतानामपि दण्डं समाज्ञापयति, तत्परिशोध्यतामात्मा।

सीता—अहं किं परिशोधयामि।
अहं किं परिसोधेमि।

वा०—अपापा भवसि।

सी०—(*सलज्जम्*)जनमध्यगतैवं भणामि—मन्दभागिनी विदेह-
जणमज्झगदा एव्वं भणामि—मन्दभाइणी विदेह-
राजतनयाऽभिन्नचारित्रेति।
राअतनआ अहिरणचारित्तेत्ति।

वा०—समुद्घुष्यतां विकारानुरूपः प्रतिकार इति।

सी०—प्रभवति गुरुनियोगः। (*अञ्जलिं बध्वा दिशो विलोक्य*) शृण्वन्तु
पहवदि गुरुणिओओ। सुण्णंतु
भवन्तो लोकपाला गगनमध्यचारिणो देवता गन्धर्वसिद्धविद्या-
भवन्तो गोअपाला खअणमज्झचारिणो देवदाओ गन्धव्वसिद्धविज्जा

वाल्मीकि—(लौट कर) सीते! (यह तो) तपस्वियों को भी दण्ड का आदेश करता है, अतः अपनी पवित्रता (स्वयं) प्रमाणित करो।

सीता—मैं क्या कहूं?

वाल्मीक—(यही कि तुम) निष्पाप हो।

सीता—(लज्जा पूर्वक) सभा में खड़ी हो कर (मैं) कहती हूँ—'अभागिनी जनक राजपुत्री अखण्ड चारित्रा है।'

वाल्मीकि—रोग के अनुसार ही (उसकी) चिकित्सा की जानी चाहिए, अतः उच्च स्वर से (शपथ पूर्वक) घोषणा करो।

सीता—गुरूजी की आज्ञा मान्य है। (हाथ जोड़ कर तथा चारों दिशाओं में देखकर) पूज्य लोकपालको! गगन विहारी देवताओ! गांधर्वों, सिद्ध तथा विद्याधरो! अपनी शक्ति से समस्त

धरा ये च प्रभावप्रत्यक्षीकृतसर्वलोकरहस्या वाल्मीकिविश्वा-
धरा जो अ प्पवाहपच्चक्खीकिदसव्वलोअरहस्सा बम्मीइविस्स-
मित्रवसिष्ठप्रमुखा महर्षयः, एष सकललोकशुभाशुभकर्मसाक्षी
मित्तवसिट्ठाप्पमुहा महेसिणो, एसो सअललोअसुहासुहकम्मसक्खी
भगवान् राघवकुलपितामहः सहस्ररश्मिश्च सीताचारित्रशुद्धि-
भअवं राहबउलपिदामहो सहस्सरस्सि अ सीदा चारित्तसुद्धि-
मन्तरेणैवं सत्यापयति ।
अन्तरेण एव्वं सच्चावणदि ।

वा०—पश्यन्तु भवन्तः महाप्रभावाकृष्टमपि सीतामाहात्म्यसम्भूत-
माश्चर्यम् ।

सर्वे—(*सविस्मयम्*) आश्चर्यमाश्चर्यम् एष हि देवीवचनस्य समनन्तरं
दत्तावधान इव निःशब्दप्रशान्तो निवृत्तासर्वारम्भः कृत्स्न एव
स्थावरजङ्गमो लोकः संप्रवृत्तः । तथा हि

जगत् का रहस्य जानने वाले वाल्मीकि, विश्वामित्र, वसिष्ठ आदि महर्षियो ! तथा हे सब प्राणियों के शुभ-अशुभ कर्मों को देखने वाले, रघुकुल के प्रवर्त्तक, भगवान् सूर्य ! आप सब सुनें—सीता शपथ ले कर कहती है कि उसका आचरण शुद्ध है ।

वाल्मीकि—आप, दैवीशक्ति की सहायता के बिना गौरवशालिनी सीता द्वारा सम्पादित, इस महान् आश्चर्य को देखिए ।

सब—(विस्मय पूर्वक) महान् आश्चर्य है, देवी (सीता) की उक्ति के तुरन्त पश्चात् सम्पूर्ण जड़-चेतन सृष्टि समस्त कार्य व्यापार छोड़ कर मानों (उधर ही) चित्त एकाग्र किए निश्शब्द तथा शान्त भाव से (स्तब्ध) खड़ी है । जैसे—

उदन्वन्तः शान्ताः स्तिमिततरकल्लोलवलया
निरारम्भो व्योम्नि प्रकृतिचपलोऽप्येष पवनः ।
प्रवृत्ता चैतस्मिन्निभृततरकर्णा गजघटा
जगत् कृत्स्नं जातं जनकतनयोक्तावविहितम् ॥ २३ ॥

सी०—यदि मया सकललोकमहार्थप्रत्ययापूरितगुरुशासनमुन्मूलित-
जदि मए सअललोअमहत्थपच्चआपूरिदगुसासणं उम्मुक्खिअ-

अन्वय—एतस्मिन् (समये) उतन्वन्तः स्तिमिततर कल्लोल-वलया शान्ताः, प्रकृति चपलः अपि एष पवनः व्योम्नि निरारम्भः, गजघटा निभृततरकर्णाः प्रवृत्ता । कृत्स्नं जगत् जनकतनयोक्तौ अवहितं जातम् ॥ २३ ॥

व्याकरण—स्तिमिततरकल्लोलवलयाः—स्तिमिततराः कल्लोलानां बलयाः तेषां ते (बहुव्री०) । उदन्वन्तः—उदन्वत् प्र० ब० । शान्ताः—√शम् दिवा०+क्त, प्र० ब० । प्रकृतिचपलः—प्रकृत्या चपलः (सुप्सुपा) निरा-रम्भः – निर्गतः आरम्भं यस्मात् सः (बहुव्री०) । निभृततरकर्णा—निभृततराः कर्णाः यस्याः सा (बहुव्री०) । अवहितम्—अव+√धा+क्त, प्र० ए० । जातम्—√जन्+क्त प्र० ए० ॥ २३ ॥

इस (समय) लहरों के चक्रों के (उठने से) रुक जाने से समुद्र शान्त हो गए हैं, स्वभाव से चञ्चल [गतिशील] पवन भी आकाश में जहां का तहां ठहर गया है, दिग्गजों का समूह भी (सीता की शुद्धि का निर्णय सुनने केलिए) स्तब्धकर्ण हो गया है; समस्त जगत् सीता के वचन सुनने के लिए सावधान हो गया है ॥ २३ ॥

सीता—यदि मैंने समस्त लोक के कल्याण के निमित्त पिता की (वनवास रूप) आज्ञा का पालन करने वाले, सहस्रों महा-

महामहीधरसहस्रविरचितसेतुबन्धविभक्तमहासमुद्रं सुरासुर-
महामहीहरसहस्सविरइदसेदुबन्धविभत्तमहासमुद्द सुरासुर-
भुवनैकधनुर्धरं राघवकुलनन्दनं त्वामुज्झित्वा पतिव्रताविरुद्धेन
भुवणेक्कधणुद्धरं राहवकुलणंदणं तुमं उज्झिअ पइव्वदाविरुद्धेण
भावेनान्यः कोपि नयनाभ्यां निर्वर्णितः, वचनेनालापितः हृदयेन
भावेण अण्णो को विणओहिं णिव्वण्णिदो वअणेण आलविदो, हिअएण
वा चिन्तितः एतेनसत्यवचनेन सकललोकप्रत्यक्षदृश्यमान-
वा चिंतिदो सच्चवअणेण सअललोअपच्चक्खदीसमाण-
दिव्यरूपधारिणी भगवती महाप्रभावा चित्तशुद्धिं मे लोकस्य
दिव्वरूपधारिणी भअवदी महप्पहावा चित्तशुद्धिं मे लोअस्स
प्रकाशीकरोतु (*प्रकटीकरोतु*) ।
पआसीकरोतु (पअडीकरोदु) ।

(*सर्वे सम्भ्रमं नाटयन्ति*)

पर्वतों से उखाड़ी हुई विशाल चट्टानों से पुल बान्ध कर महा-समुद्र को (दो भागों में) विभक्त करने वाले, देव तथा असुर लोक के अद्वितीय धनुर्धर, रघुकुल भूषण [आह्लादक] तुझ (राम) से अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को पतिव्रताओं के आचरण के प्रतिकूल भाव से (इन) नेत्रों से (न) देखा हो, किसी से बात (न) की हो अथवा किसी का हृदय में चिन्तन (किया) हो, तो (मेरे) इस वचन की सत्यता प्रतिपादन करने के लिये सब लोगों को प्रत्यक्ष दीखने वाले दिव्य रूप को महाप्रभावशालिनी भगवती (पृथ्वी) समस्त जगत् के समक्ष प्रभावित करे कि मेरा मन पवित्र है।

(सभी असमञ्जस में पड़ जाते हैं)

बा०—किमेतदव्यक्तभीषणं लोकस्य रसान्तरमाविर्भूतम् ।

नादः पातालमूलात्प्रभवति तुमुलं पूरयन् व्योमरन्ध्रं
पातक्लिष्टा इवैते दिशि दिशि गिरयो मन्दमन्दाश्चरन्ति ।
बद्धानन्दाः समन्ताल्लवणजलधयो मथ्यमाना इवासन्
सीमामुल्लङ्घ्य वेगादुदनिधिसलिलैः स्वानि वेलावनानि ॥२४॥

अन्वय—व्योमरन्ध्रं तुमुलं पूरयन् नादः पातालमूलात् प्रभवति, पात क्लिष्टाः इव एते गिरयः दिशि दिशि मन्द मन्दाः चरन्ति, बद्धानन्दाः लवण जलधयः वेगात् सी माम् उल्लङ्घ्य उदधि सलिलैःस्वानि वेलावनानि मथ्यमानाः इव आसन् ॥२४ ॥

व्याकरण—पूरयन्—√पूर्+शतृ, प्र० ए० । क्लिष्टाः—√क्लिश्+क्त, प्र० ब० । बद्धानन्दाः—बद्धः आनन्दः यैः ते (बहुव्री०) । उल्लङ्घ्य—उद्+√लंघ भ्वा० आ०+ल्यप् । मथ्यमानाः—√मन्थ्(कर्मवाच्य)+शानच, प्र० ब० । आसन्—√अस्, लङ्‌ प्र० ब० । मन्थ् द्विकर्मक है । वेलावनोमि मुख्य कर्म है । अतः इस से द्वितीया हुई ॥ २४ ॥

वाल्मीकि—संसार में यह किस अस्पष्ट भयङ्कर तथा विलक्षण रस का आविर्भाव हो रहा है [अथवा कैसा अस्पष्ट, हो रहा है] । आकाशछिद्र को पूर्ण रूप से भरता हुआ एक भयङ्कर नाद [शब्द] पाताल के नीचे से आ रहा है गिरने की सम्भावना से खिन्न ये पर्वत चारों ओर कुछ २ हिल रहे हैं । (तथा) हर्षोन्मत्त लवण सागर (अत्यन्त) वेग से फैले हुए जलों से अपनी सीमा को उल्लांघकर तट के वनों का मन्थन पूर्वक उत्पादन करते हुए मालूम पड़ते हैं ॥ २४ ॥

सीते ! यह सब लक्षण तुम्हारे कारण प्रकट हो रहे हैं (अपना)

सीते ! त्वामुद्दिश्य प्रादुर्भूतानि सर्वलक्षणानि, पुनरप्यावर्ततां सत्यम् ।

(सीता "*जइ मए सअललोअ*" इत्यादि पठति)

(नेपथ्ये)

स्वस्ति गोभ्यः स्वस्ति ब्राह्मणेभ्यः, स्वस्ति राघवकुलाय ।

आकृष्टा मिथिलाधिराजतनया सत्येन पातालत-
स्तोयोन्मज्जनलीलया तनुमिमां हित्वात्मनः स्थावराम् ।
साक्षाल्लक्षितदिव्यमूर्तिमहिमा योगेन विश्वम्भरा
लोकं मध्यममम्बुराशिरशना देवी समारोहति ॥२५॥

अन्वय—अम्बुराशिरशना विश्वम्भरा देवी मिथिलाधिराज-तनया सत्येन पातालतः आकृष्टा स्थावराम् इमाम् तनुं हित्वा साक्षात्लक्षित-दिव्य मूर्ति- महिमा योगेन तोय-उन्मज्जन-लीलया मध्यमं लोकं समारोहति । २५ ।

व्याकरण—विश्वम्भरा—विश्वं बिभर्ति इति । संज्ञा में खच् प्रत्यय । अम्बुराशिरशना—अम्बुराशयः(समुद्राः) एव रशना यस्याः सा (बहुव्री०) । मिथिलाराजतनयांसत्येन—मिथिलाराजस्य तनयायाः सत्येन (ष० तत्पु०) । आकृष्टा —आ + √कृष् + क्त, प्र० ए० । हित्वा—√हि + क्त्वा ॥२५॥

शपथ वचन पुनः कहो

(सीता पूर्वोक्त वचन "यदि मैंने......"इत्यादि

पुनः बोलती है

(नेपथ्य में)

गौओं का कल्याण हो ब्राह्मणों का कल्याण हो रघुकुल का कल्याण हो । समुद्रमेखला भगवती पृथ्वी, जानकी की शपथ से

सर्वे०—(आकर्ण्य विस्मयं नाटयन्ति)

वा०—कथमदृष्टपूर्वोऽश्रुतपूर्वेयमाश्चर्यपरम्परावृत्तिः।

एतज्ज्योतिरुदेति नागभवनात्संवासयन्तश्चिरा-
न्माल्यैः शीतलपद्मगन्धसुभगाः पातालवाता दिशः।
एषाविर्भवति क्रमेण वसुधा राजन्! बधानाञ्जलिं
सौमित्रे! प्रणमादरात् कुशलवौ! पुष्पाञ्जलिः कीर्यताम् ॥२६॥

अन्वय—नागभुवनात् एतद् ज्योतिः उदेति, माल्यैः शीतल पद्मगन्ध सुभगाः पातालवाताः चिरात् दिशाः संवासयन्तः। एषा वसुधा क्रमेण आविर्भवति, राजन्! अञ्जलिं बधान। सौमित्रे! आदरात् प्रणम, कुशलवौ पुष्पाञ्जलिः कीर्यताम् ॥२६॥

व्याकरण—माल्यैः—माला एव माल्यम्, तानि माल्यानि, तैः। शीतलपद्मगन्धसुभगाः—शीतलः पद्मानां गन्धः येषां ते,ते च सुभगाः च। मूलपाठ में इकारान्त गन्धि शब्द है, सो स्पष्ट ही अशुद्ध है। इसी प्रकार कुछ पुस्तकों मे दधानाञ्जलिम् पाठ है। वह भी असंगत होने से त्याज्य है। भगवती विश्वम्भरा हाथ जोड़े आवे, इस में क्या युक्ति है। वस्तुत, बधानाञ्जलिम् पाठ ही युक्त है।

(प्रभावित हो) पाताल से खिंची जा कर अपने पार्थिव शरीर को त्याग कर योगशक्ति से साक्षात् दीख रहे दिव्य देह को धारण कर के जल में से निकलने की लीला करती हुई मध्यलोक (मर्त्य लोक) में आ रही है ॥२५॥

(सब लोक सुनकर आश्चर्य प्रकट करते हैं।

बाल्मीकि—इन अदृष्ट पूर्व तथा अश्रुतपूर्व [अनदेखे तथा अनसुने] चमत्कारों का क्या अर्थ है?

यह (सामने) पाताल लोक से ज्योति प्रकट हो रही है, मालाओं में गूँथे जाने योग्य शीतल कमलों की गन्ध से

(सर्वे यथोक्तं नाटयन्ति)

(ततः प्रविशति पातालाद्भेदं नाटयन्ती पुष्पवर्षाभिर्नारीभिः सह समानोदात्तोज्ज्वलवेषाभिश्च पृथ्वी)

सर्वे—(कृताञ्जलयः)

त्वं बिभर्षि जगत् कृत्स्नं शेषमूर्ध्ना त्वमुह्यसे ।
काम्यानभिमतान् देवास्त्वामेव दुदुहुः पुरा ॥ २७ ॥

अन्वय—त्वं कृत्स्नं जगत् बिभर्षि, शेष मूर्ध्ना उह्यसे, पुरा देवा अभिमतान् काम्यान् त्वां दुदुहुः ॥ २७ ॥

व्याकरण—बिभर्षि—√भृ (जुहो०) लट्, म० ए० । शेषमूर्ध्ना—शेषस्य मूर्ध्ना (ष० तत्पु०) । उह्यसे—√वह् (कर्मवाच्य), लट् प्र० ए० । दुदुहुः—√दुह्, (अदा०) लिट्, प्र० ब० । काम्याम् (अर्थात्) त्वाम् एव ।

सुवासित पाताल-पवन देर से दिशाओं को सुगन्धित कर रहे हैं। पृथ्वी देवी धीरे धीरे प्रकट हो रही हैं, हे राजन् हाथ जोड़ो । लक्ष्मण ! भक्ति भाव से प्रणाम करो, कुश तथा लव ! अञ्जलियां भर २ कर पुष्पवर्षा करो ॥२६॥

(सभी निर्देशानुसार करते हैं)

(पाताल फाड़ कर निकालने का अभिनय करती हुई पृथ्वी का उसके समान उत्तम तथा उज्ज्वल वेश धारण किए हुए पुष्प वर्षा करती हुई स्त्रियों के साथ प्रवेश)

सब—हे देवि ! तुम समस्त जगत् को धारण करती हो (और तुम्हें) शेषनाग ने सिर पर धारण किया हुआ, पुरातन काल में देवताओं ने अभीष्ट पदार्थ (गोरूपधरा) तुम्हीं से दोहे थे। ॥ २७ ॥

उन्नतौ विन्ध्यकैलासौ तव देवि ! पयोधरौ ।
जाह्नवी हारयष्टिस्ते समुद्रा रत्नमेखलाः ॥ २८ ॥
यज्ञाङ्गानां समुत्पत्त्यै वासवस्त्वां प्रवर्षति ।
रत्नानामोषधीनां च त्वां प्रसूतिं प्रचक्षते ॥ २९ ॥

नमो भगवत्यै विश्वम्भरायै । (*प्रणमन्ति*)

अन्वय—देवि ! उन्नतौ विन्ध्य कैलासौ तव पयोधरौ, जाह्नवी ते हारयष्टिः, समुद्राः रत्नमेखलाः सन्ति ॥ २८ ॥
वासवः यज्ञाङ्गानां समुत्पत्त्यै त्वां प्रवर्षति, (जनाः) त्वां रत्नानां ओषधीनां च प्रसूतिं प्रचक्षते ॥ २९ ॥

दुदुह—द्विकर्मक 'दुह्' धातु के प्रयोग में 'काम्यान्' तथा 'त्वाम् में कर्म होने से द्वितीया हुई। 'काम्य' शब्द का 'सामान्ये नपुंसकम्' इस भाष्येष्टि के अनुसार नपुंसक लिङ्ग में प्रयोग होना चाहिए था। उन्नतौ—उत्+√नम । +क्त, प्र० द्वि० । विन्ध्यकैलासौ—विन्ध्यश्च कैलासश्च तौ (द्वन्द्व०) ॥२८॥ पयोधरौ—पयसः धरः (अच् प्रत्यय) पयोधरः, तौ। जाह्नवी—जह्नोः अपत्यं स्त्री। वासवः—वसूनि सन्ति अस्य इति। अण् मत्वर्थे। ओषधि—यह नित्य स्त्रीलिङ्ग है। ओषः पाकः धीयते अस्याम् इति। यज्ञाङ्गानाम्—यज्ञस्य अङ्गानाम् (ष० तत्पु०)। प्रचक्षते—प्र+√चक्ष्, अदा० आ० लट्, प्र० ब० ।,२९॥

हे देवी ! अत्युच्च विन्ध्य तथा कैलाश पर्वत तुम्हारे (उन्नत) स्तन हैं, गङ्गा तुम्हारे (कण्ठ की) मुक्ता माला है (और) समुद्र रत्नजटित मेखला ॥ २८ ॥
इन्द्र यज्ञ के उपकरणों की उत्पत्ति के लिए तुम पर वर्षा करता है, (लोग) तुम्हें ही रत्नों तथा ओषधियों का उत्पत्ति स्थान कहते हैं ॥ २९ ॥
भगवती पृथ्वी को नमस्कार हो।

पृथ्वी—[*दिशो विलोक्य*] अहो ! अनतिक्रमणीयं शासनं प्रतिनिवृत्तानां पतिव्रतानाम् ।

व्याप्य द्यावापृथिव्यौ प्रतिहतगतयो यत्र भानोर्मयूखाः
गाम्भीर्यक्षीणवेगो नियमयति गतिं यच्च वोढुं गरुत्मान् ।
यत् स्थानं विप्रकर्षात् परिमिततपसां योगिनामप्यगम्यं
तस्मादाकृष्य साहं जनकतनयया दूरमारोपितास्मि॥ ३० ॥

अन्वय—द्यावा पृथिव्यौ व्याप्य भानोः मयूखा यत्र प्रतिहत गाय गम्भीर्य क्षीणवेगः गरुत्मान् यद् च वोढुं गतिं नियमयति, यद् स्थानं विप्रकर्षात् परिमित तपसां योगिनाम् अपि अगम्यम् तस्मात् सा अहं जनक तनयया आकृष्य बहु दूरम् आरोपिता अस्मि ॥३०॥

व्याकरण--द्यावापृथिव्यौ—द्यौः च पृथिवी च नौ (द्वन्द्व) । द्वन्द्व समास में 'दिव्' को 'द्यावा' आदेश होना है । प्रतिहतगतयः—प्रतिहता गतिः येषां ते (बहुव्री०) । गम्भीर्यक्षीणवेगः—गम्भीर्येण क्षीण वेगः यस्य सः (बहुव्री०), वोढुम्—√वह्+तुमुन् । परिमित—परि+√मा+क्त । अगम्यम्—न+गम्+यत् । आरोपिता—आ+√रुह्+णिच्+क्त, टाप् प्र० ए० ॥३०॥

पृथ्वी—(चारों ओर देखकर) (विषयों से) निवृत्त (विमुख) पतिव्रताओं की आज्ञा का उलङ्घन नहीं किया जा सकता ।

पृथ्वी तथा आकाश को व्याप्त करने वाली सूर्य की किरणों की गति भी जहां कुण्ठित हो जाती है, गम्भीरता के कारण सर्वत्र तीव्र गति गरुड़ भी जहां जाते समय (अपनी) गति को नियन्त्रित [मन्द] कर लेता है तथा जहां परिमित (सीमित, अल्प) तपस्या वाले योगी भी नहीं पहुँच सकते, उस (लोक) से सीता मुझे खींच कर बहुत दूर इधर ले आई है ॥३०॥

तत्तामेवाभिभाषिष्ये । वत्से मैथिलि ! कर्त्तव्यतां केनार्थयसि ?

सीता—(*सविस्मयं विलोक्य*) भगवति ! का त्वम् ?
भअवदि ! का तुमं ?

पृथ्वी—किं न मां वेत्ति भवती ?

मामामनन्ति मुनयः प्रणवद्वितीयां
मत्तः प्रसूतिरखिलस्य चराचरस्य ।
मय्येव सिद्ध्यति तपोऽवनिदेवता त्वं
जानीहि जानकि ! तवान्तिकमागतां माम् ॥ ३१ ॥

अपि च वत्से ! ज्ञायतामिदमपि—

अभ्युद्धृतिश्च सहसाम मैवेयमनुष्ठिता ।
पुरा महावराहेण त्वत्प्रभावेन साम्प्रतम् ॥ ३२ ॥

अन्वय—मुनयः मां प्रणवद्वितीयाम् आमनन्ति, मत्तः अखिलस्य चराचरस्य प्रसूतिः, मयि एव तपः सिध्यति । जानकि ! तव अन्तिकम् आगतां मां त्वम् अवनिदेवतां जानीहि ॥ ३१ ॥

अन्वय—इयं मम अभ्युद्धृतिः पुरा महावराहेण सहसा अनुष्ठिता साम्प्रतं च त्वत् प्रभावेण ॥ ३२ ॥

तो उससे ही बात करती हूँ ।

बेटी सीता ! क्या चाहती हो ?

सीता—(विस्मय से देख कर) देवी! आप कौन हो ?

पृथ्वी—क्या तुम मुझे नहीं जानती ?

मुनिजन मुझे 'ओम्' की सहचरी शक्ति कहते हैं, मुझ से (ही) सकल चराचर जगत् की उत्पत्ति हुई है, मेरे ऊपर ही तप सिद्ध होता है । हे जनक दुलारी ! अपने पास आई हुई मुझ को तुम पृथ्वी की अधिष्ठात्री देवी जानो ॥ ३१ ॥

और बेटी ! यह भी जान लो कि—

सीता—(अंजलिं बध्वा) भगवति ! अनुकम्पामध्यास्य यथा त्वयैवं
भअवदि ! अणुकम्पं यज्झासिअ जह तुए एव्वं
चरित्राविकलत्वेनाभिलक्षिता तथा लोकस्य प्रकाश्यताम् ।
चरिताविकलत्तणेन अहिलक्खिदा तह लोकस्स पआसीअदु ।

पृथ्वी—तथास्तु । (समन्तादवलोक्य)

ऋषयो दानवाः सिद्धा यक्षगन्धर्वकिन्नराः ।
मानवा लोकपालाश्च भवन्त्ववहिताः क्षणम् ॥ ३३ ॥
रामं दाशरथिं मुक्त्वा न जातु पुरुषान्तरम् ।
मनसापि गता सीतेत्येवं विदितमस्तु वः ॥ ३४ ॥

अन्वय—ऋषयः, दानवाः, सिद्धाः, यक्ष-गन्धर्व-किन्नराः, मानवाः, लोकपालाः च क्षणं अवहिताः भवन्तु ॥ ३३ ॥

सीता दशरथिं रामं मुक्त्वा पुरुषान्तरं जातु मनसा अपि न गता इति एवं वः विदितमस्तु ॥ ३४ ॥

मुझे यह एकाएक ऊपर उठाने का कार्य प्राचीन काल में वराहावतार ने किया था और अब तुम्हारी चरित्र शक्ति ने ॥ ३२ ॥

सीता—(हाथ जोड़ कर) भगवती ! कृपा करके जैसे तुमने मुझे अखण्ड चरित्र सम्पन्न जाना है वैसे ही संसार के समक्ष घोषित कर दो ।

पृथ्वी—बहुत अच्छा । (चारों ओर देख कर)

हे ऋषियो ! दानवो ! सिद्धो ! यक्षो ! गन्धर्वो ! किन्नरो ! मनुष्यो ! लोक पालको ! क्षण भर के लिए (इधर) ध्यान दो ॥ ३३ ॥

आप को ज्ञात हो कि सीता ने दशरथ के पुत्र राम को छोड़ अन्य पुरुष का कभी मन से भी ध्यान नहीं किया ॥ ३४ ॥

(आकाशात्पुष्पवृष्टिः दुन्दुभिध्वनयश्च)

सर्वे—(सहर्षम्) अहो विस्मयः । वसुन्धरासम्पादितशुद्धिमनुवर्तयन्ति बहुविधान्येतानि प्रादुर्भवन्ति—

आशामुखं त्रिदशदुन्दुभयो ध्वनन्ति
व्योम्नः पतन्ति कुसुमानि निरन्तराणि ।
आकस्मिकोऽप्युपरि धार्यत एव देव्याः
केनाप्यवध्यवितते गगने वितानः ॥ ३५ ॥

(नेपथ्ये)

जयति दशरथः स सत्यसन्धो
जयति तथैकधनुर्धरश्च रामः ।

अन्वय—आशा मुखे त्रिदशादुन्दुभयः ध्वनन्ति, व्योम्नः निरन्तराणि कुसुमानि पतन्ति, केन अपि देव्याः उपरि अवध्यवितते गगने आकस्मिकः वितानः धार्यते एव ॥ ३५ ॥

अन्वय—सः सत्य सन्धः दशरथः जयति तथा एकधनुर्धरः रामः च जयति । कलङ्कमुक्तं रघुकुलं जयति, चरित्र गुणोन्नता देवी च जयति ॥ ३६ ॥

(आकाश से पुष्प वर्षा होती है तथा दुन्दुभियां बजती हैं)

सब—(प्रसन्नता पूर्वक) महान् आश्चर्य है । यह अनेक (दिव्य लक्षण) पृथ्वी द्वारा स्थापित सीता की शुद्धि का अनुमोदन करने के लिए ही प्रकट हो रहे हैं—

चारों दिशाओं में दिव्य बाजे बज रहे हैं, आकाश से निरंतर पुष्प वर्षा हो रही है (तथा) किसी ने अकस्मात् देवी (सीता) के ऊपर अनन्त आकाश में वितान [चंदोवा] तान दिया है ॥३५॥

(नेपथ्य में)

जयति रघुकुलं कलङ्कमुक्तं
जयति चरित्रगुणोन्नता च देवी ॥ ३६ ॥

पृथ्वी—अपि शुद्धिमती वैदेही ?

सर्वे—(*कृताञ्जलयः*)

या स्वयं प्रकृतिनिर्मला सती
छाद्यतेऽन्यजनवारिदैः ।
जानकी भगवति ! त्वयाद्यसा
चन्द्रिकेव शरदा विशोधिता ॥ ३७ ॥ (प्रणमन्ति)

अपि नामाश्चर्यं मिथुनं भूयः संयुज्यते !

वा०—भो भोः कौसल्यामातः ! सम्भाव्यतां सीता परिशुद्धि परिग्रहेण ।

अन्वय—भगवति ! स्वयं प्रकृति निर्मला सती जानकी अन्य जनवाद वारिदैः छाद्यते, सा त्वया अद्य शरदा चन्द्रिका इव विशोधिता ॥ ३७ ॥

सत्यप्रतिज्ञ (महाराज) दशरथ की जय हो ! अद्वितीय धनुर्धारी (श्री) राम की जय हो निष्कलङ्क रघुकुल की जय हो ! तथा चारित्रिक गुण सम्पन्न देवी (सीता) की जय हो ॥ ३६ ॥

पृथ्वी—क्या सीता पवित्र है ?

सब—(हाथ जोड़ कर) हे देवी ! स्वभाव से ही पवित्र जो सीता लोकापवादरूप मेघों से ढकी थी उसे तूने शरद ऋतु की चन्द्रिका के समान अधिक निर्मल कर दिया है ॥ ३७ ॥

(प्रणाम करते हैं ।)

क्या हम आशा करें कि इन पति पत्नि का आश्चर्य-रूप पुनर्मिलन होगा ?

रामः—यदाज्ञापयन्ति गुरवः । वत्स लक्ष्मण ! क्रियतां पादप्रणामः ।

सीता—[*अञ्जलिं बध्वा सहर्षम्*] जयत्वार्यपुत्रः ।

जेदु अंअउत्तो ।

वा—अहो ! उदात्तशालीनः प्रतिग्रहप्रकारः ।

ल०—[*सहर्षं सलज्जं च*] आर्ये ! वध्यः पातकी लक्ष्मणः प्रणमति ।

सीता—कुतस्त्वयाऽऽत्मा निन्द्यते, एवमात्मगुरुनियोगवर्ती चिरं जीव ।

कीस तुए अप्पा णिंदिअदि, एव्वं अप्पगुरुणिओअवट्टी चिरं जीव ।

वा०—वत्स राम, अनेन गृहीता वैदेही । स्वयमाभाष्य पाणिना पाणौ सङ्गृह्य नियुज्यतां यज्ञाधिकारे ।

रामः—(*लज्जां नाटयति*)

वाल्मीकि—हे राम! सीता की पवित्रता पर विश्वास करते हुए उसका सम्मान करो ।

राम—जो गुरू की आज्ञा । प्रिय लक्ष्मण ! चरण वन्दना करो ।

सीता—(हाथ जोड़ कर, प्रसन्नता से) आर्य पुत्र की जय हो ।

वाल्मीकि—कैसी प्रशस्त तथा नम्र वृत्ति से स्वीकार किया है ।

लक्ष्मण—(प्रसन्नता तथा लज्जा पूर्वक) आर्ये ! मृत्यु दंड का अधिकारी पापी लक्ष्मण प्रणाम करता है ।

सीता—क्यों अपने आप को कोसते हो । इसी प्रकार अपने से बड़ों की आज्ञा का पालन करते हुए चिर तक जिओ [युग युग जिओ] ।

वाल्मीकि—वत्स राम ! तू ने अब सीता को अपना लिया है (अतः) स्वयं संबोधित कर के तथा (उस का) हाथ (अपने) हाथ में ले कर यज्ञ कर्म में नियुक्त करो ।

(राम लज्जा का अभिनय करता है)

वा०—अलं लज्जया, यज्ञाङ्गं विना किं वाऽपूर्वं दाशरथेः सर्वसाक्षिकं पाणिग्रहणमिति ?

रामः—समाचारोऽयं गुरुनियोगश्च (*सीतां पाणौ गृहीत्वा*) भद्रे वैदेहि !

अपत्यमिष्टं च वदन्ति देवाः फलद्वयं दारपरिग्रहस्य ।
पूर्वं तयोस्त्वय्युदपादि हृद्यं वहस्व वासे भवने द्वितीयम् ॥ ३८ ॥

सीता—यदार्यपुत्र आज्ञापयति। उच्छ्वसितो मे आत्मा। प्रत्यागता
जं अंअउत्तो आणवेदि। उच्छसिओ मे अप्पा। पच्छागदा
मे प्राणाः।
मे पाणा।

अन्वय—देवाः दारपरिग्रहस्य फलद्वयं वदन्ति—अपत्यम् इष्टं च। तयोः पूर्वं हृद्यं (फलम्) त्वयि उदपादि, भवने वासे द्वितीयं वहस्व ॥३८॥

व्याकरण—दारपरिग्रहस्य—दाराणां परिग्रहः, तस्य। उदपादि—उद्+√पद्, लङ् कर्तरि, उत्पन्न हुआ।

वाल्मीकि—लज्जा मत करो। तूने सब के सामने आगे (सीता का) हाथ पकड़ा ही था (तो इस समय) यज्ञ विधि (का पालन करने के उद्देश्य से पाणि-ग्रहण करने)के अतिरिक्त इस में नई बात कौन सी है ?

राम—यह शिष्टाचार है तथा गुरु जी की आज्ञा भी है (सीता का हाथ पकड़ कर) कल्याणि सीते !

विद्वानों ने विवाह के दो फल कहे हैं—सन्तान तथा यज्ञ। इन में से पहला सुन्दर (लव कुश रूप में)तुम से (मुझे) मिल गया है, घर में रह कर (अब) दूसरा फल भी धारण करो ॥३८॥

पृथ्वी—अविघ्नमस्तु यज्ञानां काले वर्षतु वासवः ।
निरातङ्काः प्रजाः सन्तु सीतारामसमागमात् ॥ ३६ ॥
(*अन्तर्धानं नाटयन्ती निष्क्रान्ता*)

रामः – कथमन्तर्भूता वसुमती !

वा० – अनतिदीर्घसन्निधाना हि देवताः ।

रामः—भगवताहमप्यनुज्ञातो लक्ष्मणमभिषेक्तुमिच्छामि ।

ल०—(*अञ्जलिं बध्वा*) यदि प्रसन्नमार्येण, तेन तनयसङ्क्रामिणा युवराजशब्देन विभज्यतां चिरकालानुचरः सौमित्रिः ।

अन्वय—सीतारामसमागमात् यज्ञानां अविघ्नम् अस्तु, वासवः काले वर्षतु, प्रजाः निरातङ्काः सन्तु ॥३६॥

व्याकरण—सीतारामसमागमात्—सीता च रामः च तयोः समागमात् अविघ्नम्—विघ्नानाम् अभावः (अव्ययीभावः) । निरातङ्काः—निर्गतः आतङ्कः याभ्यः ताः (बहुव्रीहि) ।

सीता—जो आर्य पुत्र की आज्ञा । मैं पुनः जी उठी हूँ, मेरे प्राण लौट आए हैं ।

पृथ्वी—सीता तथा राम के मिलन से यज्ञों में कोई विघ्न न हो, समय पर वर्षा हो, प्रजा निरापद् एवं निर्भय हो ॥३६॥
(अन्तर्हित होने का अभिनय करती हुई चलती जाती है)

राम—क्या माता पृथ्वी अन्तर्हित हो गई !

वाल्मीकि—देवता दीर्घ काल तक नहीं ठहरते ।

राम—आप की अनुमति प्राप्त करके लक्ष्मण का अभिषेक करना चाहता हूँ ।

लक्ष्मण—यदि आप (मुझ पर) प्रसन्न हैं तो चिर—सेवक लक्ष्मण को पुत्र को प्राप्त होने वाली युवराज की उपाधि से पृथक् रखिये ।

वा०—इक्ष्वाकुकुलसदृशमभिहितम् ।

रामः—का गतिः, अनतिक्रान्तैव रामेण लक्ष्मणप्रार्थना । अवश्यं चेदिदं कर्म वत्सस्य, तदहमेव तत्प्रतिपत्स्ये । सौमित्रे ! आनीयतामभिषेकसम्भारः ।

ल०—आर्य, सम्पादितं सर्वमभिषेकसमयोचितं व्यग्रहस्ताभिर्देवताभिः । पश्य—

एतच्छत्रं वहति भगवान् वासवश्चन्द्रगौरं
देवी वालव्यजनयुगलं जह्नुकन्या शची च ।

अन्वय—एष भगवान् वासवः चन्द्र गौरं छत्रं वहति, देवी जह्नुकन्या शची च बालव्यजन युगलं वहतः । प्रजौघाः अम्भोगर्भान् कनककलशान् धारयति, तद्विधानां सम्पदः प्रणयसुलभाः । एतत् चित्रं न ॥४०॥

व्याकरण—अम्भोगर्भान्—अम्भांसि गर्भे येषां तान् । प्रजौघाः—प्रजानाम् ओघाः । प्रणयसुलभाः—प्रणयेन सुलभाः । तद्विधानाम्—सा विधा प्रकारः येषां तेषाम् (बहुव्री०) ।

लक्ष्मण—इक्ष्वाकु वंश (की परम्परा) के अनुकूल ही कहा है।

राम—क्या करूँ, राम लक्ष्मण की प्रार्थना अस्वीकार नहीं कर सकता । यदि यह कर्म अवश्य ही पुत्र के लिये करना है तो मैं स्वयम् इसे करूंगा । लक्ष्मण ! अभिषेक की सामग्री लाओ ।

लक्ष्मण—आर्य ! अभिषेक के लिए आवश्यक सामग्री देवता लोग (अपने) हाथों में ले आए हैं ।

देखो—

यह भगवान् इन्द्र (स्वयं कुश के ऊपर) चन्द्र के समान शुभ्र छत्र उठाए हुए हैं, भगवती गंगा तथा इन्द्राणी चंवर डुला रही

अम्भोगर्भान् कनककलशान् धारयन्ति प्रजौघा-
श्चित्रं नतत् प्रणयसुलभाः सम्पदस्तद्विधानां ॥ ४० ॥

रामः—आवयोस्तर्हि वेत्राधिकारः।

ल०—अनुगृहीताभियोगः संविभागः।

रामः—लक्ष्मण, वेत्रं धारय। (*वाल्मीकिमुद्दिश्य*) भगवन्नभिषिच्यतां नप्ता।

वा०—(*कलशमादायोपसर्पन्*) भो भोः साकेतनिवासिनः पौराः ! नानादिगन्तवासिनो राजानः ! विभीषणसुग्रीवहनुमत्प्रभृतयो महारथः ! शृण्वन्तु भवन्तः—

व्याकरण—पुरन्दरस्य - पुर; - पुराणि दारयति इति । पूः सर्वयो र्दारिसहोः—इस सूत्र से खच् प्रत्यय हुआ। वाचंयमपुरन्दरौ इस सूत्र से 'मुम्' का निपातन हुआ। स्वर्गे—स्वः सुखविशेषः गम्यते प्राप्यते अत्र इति स्वर्गः।

हैं, प्रजा जन जल से भरे स्वर्ण कलश धारण किए हुए हैं। ऐसे महा पुरुषों को (सब) संपदाएँ स्नेह वश मिल जाती हैं, इस में कुछ भी आश्चर्य नहीं ॥४०॥

राम—तो हम दोनों द्वार पाल के कार्य पर डट जावें।

लक्ष्मण—कार्य की बांट में मुझे नियुक्त करते हुए आप ने बड़ी कृपा की है।

राम—लक्ष्मण ! राज दण्ड उठाओ। (वाल्मीकि को सम्बोधित कर के) भगवन् ! अपने पौत्र का अभिषेक कीजिए।

वाल्मीकि—(कलश उठा कर तथा समीप जा कर) हे साकेतवासी नागरिको ! विभिन्न प्रदेशों के राजाओ ! तथा विभीषण सुग्रीव, हनुमान आदि महारथियो ! कृपया सुनो—

मैथिलीतनयः श्रेष्ठः कुशो नाम महारथः ।
अभिषिक्तोऽद्य साम्राज्ये मान्यतामस्य शासनम् ॥ ४१ ॥

पुरन्दरस्य यत् स्वर्गे पाताले यच्च वासुकेः ।
पृथिव्यां यच्च मान्धातुस्तदस्तु तव मङ्गलम् ॥ ४२ ॥

(नेपथ्ये कलकलः)

जय जय महाराज ।

सीता—प्रियं मे दिष्ट्या संवृत्तम् ।

प्रियं दिट्ठिआ संवुत्तं ।

रामः—पूर्णास्ते लक्ष्मणस्य मनोरथाः ।

अन्वय—श्रेष्ठः महारथः कुशः नाम मैथिली तनयः अद्य साम्राज्ये अभिषिक्तः, अस्य शासनं मान्यताम् ॥४१॥

अन्वय—यद् मङ्गलं स्वर्गे पुरन्दरस्य, पाताले वासुकेः, पृथिव्यां मान्धातुः तत् तव अस्तु ॥४२॥

सीता के पुत्र, श्रेष्ठ महारथी कुश को आज सम्राट् के पद पर अभिषिक्त किया गया है, (अब से) इस की आज्ञा मानी जानी चाहिए ॥४१॥

जो मंगल स्वर्ग में इन्द्र को और पाताल में वासुकि (सर्पराज) को प्राप्त है तथा पृथ्वी लोक में (राजा) मान्धाता को प्राप्त हुआ वह (मंगल) तुझे भी मिले ॥४२॥

(नेपथ्य में कोलाहल होता है)

महाराज की जय हो ।

सीता—सौभाग्य से मेरा मनोरथ पूर्ण हुआ ।

राम—लक्ष्मण ! तेरे मनोरथ भी पूरे हुए ।

सर्वे—(*हर्षं नाटयन्ति*)

रामः (*कुशमुद्दिश्य*) राजन्, त्वयाऽहमभ्यनुज्ञातो यौवराज्ये लव-
मभिषेक्तुमिच्छामि ।

कुशः—यदाज्ञापयति देवस्तातः ।

रामः—(*प्रकामं कलशमानीय*)

महाराजकुशस्यायं लवो नाम प्रियानुजः ।
मया तद्वचनादेव यौवराज्येऽभिषिच्यते ॥ ४३ ॥

सर्वे—(*यथोचितं हर्षं नाटयन्ति*)

वा०—किं ते भूयः प्रियमुपहरामि ।

रामः—*त्वद्दर्शनेन विधिना परिशुद्धवृत्ति-*
र्जाता मयाध्वरसखी मम सैव पत्नि ।

अन्वय—महाराज कुशस्य लवः नाम अयं प्रियानुजः मया तद् वचनात् एव यौवराज्ये अभिषिच्यते ॥४३॥

(सभी प्रसन्नता का अभिनय करते हैं)

राम—(कुश को सम्बोधित करके) राजन्! आपकी आज्ञा से लव को युवराज बनाना चाहता हूँ।

कुश—जो पूज्य पिता जी की आज्ञा।

राम—(प्रसन्नता पूर्वक कलश लाकर)

महाराज कुश के प्रिय भाई लव को मैं उन्हीं की आज्ञा से युवराज पद पर अभिषिक्त करता हूँ ॥४३॥

(सभी प्रसन्नता का प्रदर्शन करते हैं)

वाल्मीकि—तुम्हारा और क्या हित करूँ।

न्यस्तं च सूनुयुगलं भुवनाधिकारे
किं स्यादतः प्रियतमं गुरुणाभिधेयम् ॥ ४४ ॥

वा०—तथापीदमस्तु—

स्थाणुर्वेध स्त्रिधामा मकरवसतयः पावको मातरिश्वा
पातालं भूर्भुवस्स्वश्चतुरुदधिममाः साममन्त्राश्च वेदाः ।

अन्वय—विधिना त्वत्-दर्शनेन परिशुद्धवृत्तिः सा एव मम पत्नी महाध्वरसखी जाता। सूनुयुगलं भुवनाधिकारे न्यस्तम्, गुरुणा अभिधेयम् अतः प्रियतरं किं स्यात् ॥४४॥

अन्वय—स्थाणुः, वेधाः, त्रिधामा, मकरवसतयः, पावकः, मातरिश्वा, पातालं, भूर्भुवः स्वः, चतुरुदधिसमाः साममन्त्राः वेदाः च, सम्यक्-संसिद्धि-विद्या-परिणत-तपसः पीठिनः, तापसाः च अस्मिन् नरेन्द्रे श्रेयांसि विदधतु, गोकुलं च वर्धताम् ॥४५॥

व्याकरण—स्थाणुः—तिष्ठतीति। वेधाः—विदधाति इति। त्रिधामा—त्रीणि (भुवि अन्तरिक्षे दिवि च) धामानि (स्थानानि) यस्य सः (बहुव्री०) मकरवसतयः — मकराणां वसतयः (ष० तत्पु०) सम्यकसिद्धिविद्या परिणततपसः—सम्यक् संसिद्ध्या विद्यया च परिणतं तपः येषां ते (बहुव्री०)। विदधतु—वि+√धा, लोट्, प्र० बहु० वर्धताम्—√वृध्, लोट्, प्र० ए० ।४५।

राम—सौभाग्यवश आप के दर्शन से (सीता की) पवित्रता प्रमाणित हो गई (और) वही मेरी पत्नी महायज्ञ [अश्वमेध] में मेरी सहचरी होगई। दोनों पुत्रों को राज्यकार्य में नियुक्त कर दिया, इस से बढ़ कर और क्या प्रिय हो सकता है जो आप कहेंगे ॥४४॥

सम्यक्संसिद्धविद्यापरिणततपसः पीठिनस्तापसाश्च
श्रेयांस्यस्मिन्नरेन्द्रे विदधतु सकलं वर्धतां गोकुलं च ॥ ४५ ॥

(इति निष्क्रान्ताः सर्वे)

षष्ठोऽङ्कः ।

समाप्तोऽयं ग्रन्थः ।

कठिन शब्दार्थ—स्थाणु—शिव । वेधाः—ब्रह्मा । त्रिधामा—विष्णु । वामनावतार में भूलोक, अन्तरिक्षलोक, स्वर्लोक—इन तीन लोकों को तीन विक्रमों से व्याप्त करने से विष्णु का यह नाम हुआ । मकरवसतयः—समुद्र । पावकः—अग्नि । मातरिश्वा (पु०)—वायु । पीठिनः—कुल पति । श्रेयांसि (नपुं०)—कल्याण ॥४५॥

वाल्मीकि—शिव, ब्रह्मा, विष्णु, सागर, अग्नि, वाय, पाताल, भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, चार समुद्रों के समान साम सहित चारों वेद, सफल विद्या तथा सिद्ध तपस्या वाले कुलपति [आचार्य] तथा तपस्वी इस राजा का कल्याण करें और समस्त गो वंश की वृद्धि करें ॥४५॥

(सब निकल जाते हैं)

षष्ठ अङ्क समाप्त

———

परिशिष्ट भाग

परिशिष्ट १

नाट्यशाला

संस्कृत के सभी नाटक अभिनय योग्य होते हैं। उनकी प्रस्तावनाओं से स्पष्ट है कि वे खेले जाने के लिए ही लिखे गए थे तथा समुचित अवसरों पर उनका अभिनय हुआ भी।

नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत मुनि ने नाट्य के अङ्गों का सविस्तार उल्लेख करने के साथ २ रंगमंच का भी पूर्ण विवेचन किया है।

नाट्यशास्त्र में तीन प्रकार की नाट्यशालाओं का उल्लेख है—चतुरस्र, विकृष्ट, त्र्यस्र। चतुरस्र की लम्बाई चौड़ाई बराबर होती हैं, विकृष्ट की लम्बाई चौड़ाई से दुगनी और त्र्यस्र त्रिकोण के आकार का होता है।

इनमें से विकृष्ट रंगमंच ही अधिक अच्छा माना जाता है, नीचे उसका विस्तृत दिग्दर्शन कराया गया है :—

नेपथ्य गृह में नट अपनी वेशभूषा सजाते हैं तथा कोलाहल या जनरव यहीं से सुनाया जाता है।

रंगशीर्ष में पर्दों और खम्भों पर विभिन्न दृश्य तथा नाना प्रकार की चित्रकारी दिखाई जाती है। असली अभिनय रंगशीर्ष में ही दिखाया जाता है। रंगपीठ में ऐसे ऊपरी कृत्य होते थे जो दृश्य बदलने के समय किए जाते हैं। नृत्य आदि भी यहीं पर होते हैं तथा सूत्रधार भी अपनी सूचनाएँ यहीं से देता था।

रंगशीर्ष और रंगपीठ के बीच एक जवनिका (पर्दा) होती है।

उसके आगे कुछ स्थान खाली छोड़ दिया जाता है तथा कुछ अंतर पर दर्शकों के बैठने का स्थान होता है।

परिशिष्ट २

पारिभाषिक शब्द

नान्दी—

नाटक की निर्विघ्न समाप्ति के लिए संस्कृत नाटकों के प्रारम्भ में जो मंगलाचरण किया जाता है उसे नान्दी कहते हैं। इस में अपने इष्टदेव, सरस्वती अथवा ग्रन्थ के विषयानुरूप किसी देवता की स्तुति की जाती है तथा सामाजिकों के लिए आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की जाती है।

कहीं कहीं नान्दी में नाटक की कथा वस्तु की ओर भी संकेत होता है और कहीं रचनाविशेष (मुद्रालङ्कार) द्वारा नाटक के मुख्य पात्रों का उल्लेख भी हो जाता है।

"कुन्दमाला" के प्रारम्भ में आचार्य दिङ्नाग ने विघ्नविनाशक गणेश की स्तुति की है जो कि विषयानुकूल है।

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥
(विश्वनाथ)

आशीर्नमस्क्रियारूपः श्लोकः काव्यार्थसूचकः।
(मातृगुप्ताचार्य)

स्थापना—

'नान्दी' के पश्चात् जिस दृश्य में सूत्रधार, नटी अथवा विदूषक के परस्पर वार्तालाप द्वारा नाटक की कथावस्तु तथा उसके रचयिता आदि का परिचय मिलता है उसे स्थापना, आमुख अथवा प्रस्तावना कहते हैं।

यह नाटक का प्रवेश द्वार है।

'कुन्दमाला' में सूत्रधार ने नान्दी के पश्चात् शिव की स्तुति करके नाटक कर्ता दिङ्नाग का परिचय दिया है तथा अति सुन्दर नाटकीय विधि द्वारा सीता को वन में छोड़ने जाते हुए लक्ष्मण के परोक्ष वचनों द्वारा नाटक की कथावस्तु की ओर संकेत किया है।

प्रसाद्य रङ्गं विधिवत् कवेर्नाम च कीर्तयेत्।
प्रस्तावनां नटः कुर्यात् काव्यप्रख्यापनाश्रयाम्॥

(भरतमुनि)

नेपथ्य—

नाट्यशाला के सब से पिछले भाग को नेपथ्य (Green Room) कहते हैं। इस में नट अपनी वेशभूषा सजाते हैं तथा यदि कोई कोलाहल अथवा रंगमंच पर उपस्थित हो कर न कही जा सकने वाली बात सुनानी होती है तो इसी में से सुनाई जाती है।

"कुन्दमाला" के प्रायः प्रत्येक अङ्क में उचित अवसरों पर नेपथ्य से जनरव अथवा नाटकीय सूचनायें सुनाई गई हैं। जैसे प्रथम अंक के प्रारम्भ में सूत्रधार के रंगमंच पर आते ही नेपथ्य से सीता के प्रति लक्ष्मण का 'इत इतो अवतरत्वार्या' वचन, द्वितीय अंक के अन्त में एक ऋषि द्वारा वाल्मीकि-आश्रम के तपस्वियों को राम द्वारा प्रारब्ध अश्वमेध की सूचना, छठे अंक में कुश के राज्याभिषेक के अवसर पर जयध्वनि आदि आदि।

कुशीलवकुटुम्बस्य स्थलं नेपथ्यमुच्यते।

प्रवेशक—प्रवेशक वह दृश्य है जिस में दो गौण पात्रों के कथोपकथन द्वारा रंगमंच पर न दिखाई जा सकने वाली पहले हो

चुकी अथवा बाद में होने वाली घटनाओं की सूचना दी जाती है। कथा का सूत्र जोड़ने के लिए यह दृश्य परमावश्यक होता है। प्रवेशक सदा दो अंकों के बीच में ही आता है तथा इसके पात्र निम्न श्रेणी के होने के कारण केवल प्राकृत बोलते हैं।

ऐसा ही एक दृश्य 'विष्कम्भक' नाम का होता है। यह नाटक के प्रारम्भ में भी आ सकता है तथा इस में मध्यम तथा निम्न श्रेणी के पात्र होते हैं।

'कुन्दमाला' में द्वितीय तथा तृतीय अङ्क के मध्यगत 'प्रवेशक' में वेदवती तथा प्रथमा (यज्ञवेदि) के संवाद द्वारा कुश-लव के जन्म की सूचना, तृतीय तथा चतुर्थ अंक के बीच आए 'प्रवेशक' में तापस द्वारा तपस्वियों के साथ कुश-लव की नैमिष वन में पहुंचने की सूचना तथा चतुर्थ और पंचम के बीच वेदवती और यज्ञवेदि के वार्तालाप द्वारा तिलोत्तमा का सीता का रूप धारण करके राम को धोखा देने की बात तथा विदूषक का उस मन्त्रणा को छिप कर सुनने का वर्णन एवं आश्रम-दीर्घिका पर स्थित स्त्रियों का वाल्मीकि के प्रभाव से पुरुषों को न दिखाई देने आदि रंगमंच पर अघटित घटनाओं का उल्लेख करके कथा के अनेक सूत्रों को परस्पर संबद्ध किया गया है।

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्यदर्शितः॥
प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्र प्रयोजितः।
अङ्कद्वयान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा॥

(विश्वनाथ)

भरतवाक्य--नाटक के अन्त में आशीर्वादात्मक शुभकामना सूचक श्लोक अथवा श्लोकों को भरतवाक्य कहते हैं। इस का

प्रयोग सर्व प्रथम नाट्यशास्त्र प्रणेता भरत मुनि ने किया था, अतः इस का नाम 'भरतवाक्य' पड़ गया। इस में राष्ट्र तथा जाति के कल्याण की भावना निहित होती है।

'कुन्दमाला' में वाल्मीकि भरतवाक्य में नवाभिषिक्त सम्राट् कुश, प्रजा तथा गोवंश की समृद्धि के लिए आशीर्वाद देते हैं।

सूत्रधार--नाटक का सूत्रपात करने वाले तथा नाटक के अभिनय का प्रबन्ध करने पाले पात्र को सूत्रधार कहते हैं। अंग्रेजी में इसे स्टेज मैनेजर कहा जाता है।

आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुनः।
रङ्गप्रसाधन—प्रौढः सूत्रधार इहोदितः॥

नटी--नाट्य प्रबन्ध में सूत्रधार की सहायिका एवं उसकी पत्नी को नटी कहते हैं।

विदूषक—अपने विलक्षणवेष, ऊटपटांग बातों आदि से सामाजिकों का मनोविनोद करने वाले पात्र को विदूषक कहते हैं। संस्कृत नाटकों में हास्य तत्त्व को इसी पात्र में केन्द्रस्थ कर दिया जाता था। यह प्रायः भोजन भट्ट ब्राह्मण होता था। वह राजा का विश्वास पात्र अभिन्नमित्र तथा सलाहकार भी होता था। विशेषतः प्रेम-कार्यों में। उसकी अन्तःपुर में भी गति होती थी। तथा रूठे राजा-रानी को मनाने का काम भी यही करता था। राजा इसे 'वयस्य' या 'मित्र' कह कर सम्बोधित करता था।

'कुन्दमाला' में कौशिक (आर्यहसित) नामक पात्र विदूषक का कार्य सम्पन्न करता है। इस नाटक में विदूषक हंसाने की अपेक्षा अधिकतर गम्भीर मन्त्रणा देता हुआ तथा विपत्ति के समय मित्र-

भाव से राजा की समुचित सहायता करता हुआ मिलता है।

कञ्चुकी—राज प्रसाद, विशेषकर अन्तःपुर का सम्यक् निरीक्षण तथा प्रबन्ध करने वाले व्यक्ति को कञ्चुकी कहते हैं। यह प्रायः वृद्ध ब्राह्मण होता है तथा राजपरिवार भी गुरु भाव से इसका सम्मान करता है। कञ्चुकी सदा सत्य बोलता है, ज्ञान-विज्ञान एवं लोकव्यवहार में कुशल होता है।

कञ्चुकी शब्द 'कचि' धातु से बना है जिसका अर्थ है बांधना या चमकना। कञ्चुकी कमर में चमकदार पेटी बांधे रहता है तथा क्योंकि यह कंचुक (चोगा) पहनता है। इस लिए इसे कंचुकी कहते हैं।

"अन्तःपुरचरो वृद्धो विप्रो गुणगणान्वितः।
सर्वकार्यार्थकुशलः कञ्चुकीत्यभिधीयते॥"

प्रकाशम—जो सब के सुनने के लिए हो उसे 'प्रकट' या 'प्रकाश' कहते हैं।

"सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यात्"
[(विश्वनाथ)

आत्मगतम—जो दूसरे पात्रों के सुनने के लिए न हो उसे 'आत्मगतम्' या 'स्वगतम' कहते हैं। यह एक प्रकार से मुखरित रूप से स्वयं विचार करना है।

"अश्राव्यं खलु यद्वस्तु तदिह स्वगतं मतम"।

(विश्वनाथ)

अपवारित—जब एक पात्र इस ढंग से दूसरे पात्र से बात करता है कि केवल वह ही सुन सके तो वहां 'अपवारित' या

'अपवार्य' का प्रयोग होता है। ऐसे स्थानों पर जिस पात्र से बात छिपानी हो उस से मुँह फेर कर बात कही जाती है।

'तद्भवेदपवारितम्।
रहस्यं तु यदन्यस्य परावृत्य प्रकाशते॥
(विश्वनाथ)

जनान्तिकम्--जनान्तिक में अंगूठा और कन अंगुली को छोड़ कर तीन अंगुलियों की पताका सी बनाकर उसकी ओट में कुछ पात्रों को छोड़ कर अन्य पात्रों से बात की जाती है।

"त्रिपताककरेणान्यानापवार्यान्तरा कथाम्।
अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्यात्तज्जनान्ते जनान्तिकम्॥"
(विश्वनाथ)

परिशिष्ट ३

भौगोलिक, पौराणिक, ऐतिहासिक तथा अन्य शब्दों का संक्षिप्त विवरण।

भौगोलिक प्रदेश :—

अरारालपुर—अरारालपुर सुदूर दक्षिण भारत में स्थित एक नगर का नाम है। 'कुन्दमाला' के रचयिता दिङ्नाग का वासस्थान यही था।

कोसल—संयुक्त प्रांत के वर्तमान जिलों—रायपुर, बिलासपुर, सामलपुर, गोंड, भड़ौंच, फ़ैज़ाबाद तथा सरयू (घाघरा) नदी पर स्थित प्रदेश का प्राचीन नाम कोसल देश था। प्रागैतिहासिक काल में यहां इक्ष्वाकु वंश का राज्य था। कोसल देश की राजधानी अयोध्या थी।

चित्रकूट :—चित्रकूट बुंदेलखण्ड के उत्तर पूर्व की ओर प्रायः ५० मील पर स्थित वर्तमान छत्रकोट (चित्रकोट) जिला में यमुना नदी के दक्षिण भाग में विद्यमान एक पर्वत है।

श्री रामचन्द्र जी का वनवास-काल में पहला निवास स्थान चित्रकूट ही था। उन्हों ने वनवास की अवधि का मुख्य भाग यहीं बिताया था। महर्षि वाल्मीकि की आश्रमभूमि भी चित्रकूट पर्वत थी।

दण्डक वन :—दण्डक वन नर्मदा तथा गोदावरी के मध्य स्थित एक गहन तथा निर्जन वन का नाम है। श्री रामचंद्र जी वनवास काल में लक्ष्मण-सीता समेत यहां दीर्घकाल तक रहे।

दक्षिणापथ :—दक्षिण भारत का प्राचीन नाम दक्षिणापथ है।

साकेत :—श्री रामचंद्र जी की जन्मभूमि अयोध्या का दूसरा नाम।

पर्वत :—

कैलाश—कैलाश पर्वत हिमालय के उपरितन भाग की एक शाखा तथा उच्च चोटी है। पुराणों में इसे शिव तथा कुबेर का निवास स्थान माना गया है।

विन्ध्य—मध्य भारत के बीचों बीच विद्यमान वर्तमान विन्ध्य पर्वत श्रेणी।

मलय—मलय पर्वत दक्षिण भारत में स्थित है। यहां चन्दन तथा सुपारी बहुलता से पाई जाती है। कविजन मलय पर्वत की शीतल तथा सुरभित समीर का वर्णन करते नहीं अघाते।

नदियां :—

गोमती—गोमती संयुक्त प्रांत की एक नदी का नाम है। 'कुन्दमाला' में, गंगा के सहस्रनामों में से एक होने के कारण, गंगा के अर्थ में यह नाम प्रयुक्त हुआ है। सीता प्रथम अंक में गङ्गा को प्रतिदिन अपने हाथों से गुथी हुई एक कुन्दमाला भेंट

करने की प्रतिज्ञा करती है तथा श्रीराम तृतीय अंक में गोमती के प्रवाह में उस कुंदमाला को बहते देखते हैं।

'गोमती गुह्यविद्या गौर्गो श्रीगगनगामिनी'

(गङ्गासहस्रनाम)

भागीरथी--गङ्गा का एक नाम। सगर के वंशज राजा भगीरथ के अनेक प्रयत्नों के फलस्वरूप निकलने के कारण गङ्गा को भागीरथी कहा जाता है।

जह्नु तनया--ऋषि जह्नु की पुत्री—जाह्नवी, गङ्गा। जह्नु एक ऋषि थे। जब राजा भगीरथ हिमालय से गंगा को नीचे ला रहे थे तो मार्ग में उनकी तपोभूमि को गंगा ने आप्लावित कर दिया था। जह्नु ने क्रोध-वश गंगा का सम्पूर्ण जल पी लिया अर्थात् रोक लिया था। तदनंतर देवताओं, ऋषियों तथा मुनियों के कहने पर उन्हों ने गंगाजल को कानों अथवा घुटने के रास्ते छोड़ दिया। तब से गंगा को जह्नु की पुत्री कहा जाने लग पड़ा।

पौराणिक लोक:—

नागभवन--पाताल देश को नागभवन अथवा नागलोक कहा जाता है। किंच यह नागजाति की वासभूमि है। श्री आप्टे के अनुसार नाग जाति यक्ष, गंधर्व, किन्नर आदि जातियों के समान एक देव जाति है। इनका मुख मनुष्य के समान तथा पूछ सांप की तरह होती है। पुराणों के अनुसार नागजाति का शक्ति-केंद्र ग्वालियर के निकटस्थ पद्मपवाय (प्राचीन नाम पद्मावती) नामक भू—प्रदेश पर राज्य रहा है।

भू--पृथ्वी मण्डल का नाम।

भुवर् --भूलोक तथा स्वर्लोक के बीच का लोक।

स्वर् --स्वर्गलोक।

देव जातियां:—

गंधर्व--देवताओं की एक गायक जाति। यही स्वर्ग की अप्सराओं को संगीत तथा नृत्य की शिक्षा देते हैं।

किन्नर--गाने बजाने वाली एक देव जाति। इनका मुख अश्व का तथा शेष शरीर मानव का वर्णित किया जाता है।

यक्ष--यक्ष भी एक देव जाति है। यह धनके देवता, कुबेर की निधि तथा उसके उपवनों के संरक्षक कहे जाते हैं।

दानव--राक्षसों की एक विशिष्ट पौराणिक जाति।

सिद्ध—अष्टसिद्धिप्राप्त एक मेध्य (अति पवित्र) देव जाति। ('अष्टसिद्धि' की व्याख्या के लिए देखिए -'सिद्धिक्षेत्र'।

विद्याधर—एक देव जाति। इस जाति का भी भू-प्रदेश पर राज्य रहा है।

राजा:—

दशानन—चारों वेदों तथा छः शास्त्रों का ज्ञाता होने के कारण तथा पांच ज्ञानेद्रियों व पांच कर्मेद्रियों का दास होने के कारण भी रावण को दशानन कहा जाता है।

इक्ष्वाकु—सूर्य का पौत्र, वैवस्वत मनु का पुत्र तथा सूर्य वंश का प्रथम राजा।

दिलीप—यह अंशुमत् का पुत्र तथा रघु का पिता था। सन्तान प्राप्ति के लिए राजा दिलीप की महर्षि वसिष्ठ की आज्ञा से नन्दिनी गौ की सेवा तथा उसे शेर के मुँह से बचाने के लिए आत्मबलिदान की उद्युक्तता की कथा सुप्रसिद्ध है।

रघु—महाराजा दिलीप तथा सुदक्षिणा का पुत्र। दिलीप ने वसिष्ठ मुनि की गौ, नन्दिनी की महान् सेवा के पश्चात् वरदान के रूप में पाया था। रघु सूर्यवंश का महान् राजा हुआ है। इस के गुणों की उत्कृष्टता तथा प्रभावशीलता के कारण वंश का नाम ही रघुवंश पड़ गया।

रघु शब्द/रघि अथवा/लघि धातु से बना है। जिसका अर्थ है 'जाना'। रघु के पिता ने पहले ही जान लिया था कि उसका पुत्र शस्त्र तथा शास्त्र विद्या पारङ्गत होगा और तदनुसार उसने उसका नाम रघु रखा।

दशरथ—रघु का पौत्र तथा अज और इन्दुमती का पुत्र एवं राम का पिता।

सगर—सगर सूर्य वंश का एक प्रमुख राजा हुआ है। सगर का शब्दार्थ है 'गरल (विष) सहित'। सगर के जन्म से पूर्व इसकी माता की सौतिन ने उसे विष दे दिया था तथा सगर का जन्म उस विष के समेत हुआ था, अतः इसे सगर कहा जाता है।

एक पुराण कथा के अनुसार सगर ने अनेक यज्ञ किए थे। जब वह सौवां यज्ञ कर रहा था तो इन्द्र ने अपना आसन छिन जाने के भय से उसके यज्ञ का घोड़ा चुरा कर पाताल में कपिल ऋषि के आश्रम में बन्धवा दिया था। सगर के साठ हजार पुत्र उस घोड़े को ढूंढते हुए कपिल ऋषि के आश्रम में पहुंचे। घोड़े को

वहां बन्धा देख कर उन्होंने कपिल को चोर ठहराया। इस पर क्रोधाभिभूत कपिल ने शाप दे कर सब को वहीं भस्म कर दिया। अन्ततः सगर के पौत्र अंशुमान् ने दक्षतापूर्वक घोड़े को प्राप्त किया एवं सगर के वंशज भगीरथ नामक राजा ने तपोबल से गंगा को हिमालय से लाकर उसके जलसिंचन से अपने पूर्वजों को जिला कर स्वर्ग में पहुंचाया।

जनक—सीता का पिता। जनक का वास्तविक नाम सीरध्वज था। जनक वंश का प्रवर्तक भी सूर्य माना जाता है।

कुशध्वज—सीरध्वज (जनक) का छोटा भाई। इसकी दो पुत्रियां थीं—श्रुतकीर्ति और मांडवी। इनका विवाह क्रमशः शत्रुघ्न तथा भरत से हुआ था।

मान्धाता—युवनाश्व का पुत्र तथा सूर्यवंश का विख्यात राजा। यह राजा सगर तथा हरिश्चन्द्र से पूर्व सत्ययुग में हुआ है।

ऋषि :—

प्राचेतस—वाल्मीकि मुनि का पैतृक नाम। वाल्मीकि प्रचेतस अथवा वरुणका बारहवां पुत्र था। वाल्मीकि आदि कवि था। यही प्रसिद्ध रामायण का कर्ता है। कहा जाता है कि वाल्मीकि युवावस्था में बड़ा उद्दण्ड तथा दुराचारी था।

वसिष्ठ—वसिष्ठ सूर्यवंश का कुल-परोहित था। यह कई वेद-मन्त्रों का ऋषि है तथा सप्तर्षियों में से एक है।

विश्वामित्र—विश्वामित्र राजा गाधि का पुत्र था। यह जन्म से क्षत्रिय था एक बार शिकार खेलते हुए यह वसिष्ठ मुनि के आश्रम में जा पहुंचा। वहां वसिष्ठ ने कामधेनु की सहायता से उस-

का तथा उसकी सेना का समुचित सेवा सत्कार किया। विश्वामित्र का कामधेनु पर मन ललचा गया परन्तु लाख प्रयत्न करने पर भी उसे हर न सका। इस पर विश्वामित्र के मन में ब्रह्मतेज प्राप्त करने की इच्छा जागृत हुई और कठोर तपस्या से उसने ब्रह्मर्षि-पद को पा लिया।

देवताओं ने एक वार उसके तपोभंग के लिए मेनका नाम की अप्सरा को भेजा था। उससे विश्वामित्र ने शकुन्तला को जन्म दिया।

विश्वामित्र ने स्वर्ग में सदेह जाने के इच्छुक सूर्यवंश के एक राजा त्रिशंकु को स्वर्ग पहुंचाने का उपक्रम किया परन्तु इन्द्र ने उसे बीच में ही रोक लिया पर विश्वामित्र उसे नीचे न आने देता था। इस प्रकार वह बीच में ही लटकता रहा। कहते हैं कि वह अब तक उसी स्थिति में लटक रहा है और विश्वामित्र ने उस के लिए नवीन स्वर्ग लोक की रचना भी की थी।

राम तथा लक्ष्मण को धनुर्विद्या की शिक्षा भी विश्वामित्र ने दी थी और उनसे ताड़का को मरवाया था। विश्वामित्र को कौशिक भी कहा जाता है। यह उसका कुल का नाम है।

आत्रेय——अत्रि ऋषि का वंशज तथा ब्रह्मा का मनसिज पुत्र आत्रेय सती अनुसूया का पति तथा दत्तात्रेय एवं दुर्वासा का पिता था एक पौराणिक कथा के अनुसार चन्द्रमा की उत्पत्ति इसके नेत्र से हुई है तथा यह दस प्रजापतियों में से एक है। आत्रेय ऋषि के वंशज अतिप्रसिद्ध वैद्य तथा वैय्याकरण हुए हैं।

अरुन्धती——वसिष्ठ की पत्नी। यह आदर्श पतिव्रता मानी जाती है। विवाह संस्कार के समय इसका स्मरण तथा अशीर्वाद प्राप्त

करने के लिए आह्वान किया जाता है। अरुन्धति अपने पति वसिष्ठ के समान रघुकुल की स्त्रियों की मार्गदर्शिका थी। निर्वासन के पश्चात् यही सीता की संरक्षिका थी।

देवगणिका---स्वर्ग की अप्सरा। इन्हें देवदासी भी कहा जाता है। ये गन्धर्वों की स्त्रियां तथा इन्द्र की परिचारिकाएं हैं। कहा जाता है कि ये अपनी दिव्यशक्ति के प्रभाव से इच्छानुसार कोई भी रूप धारण कर सकती हैं।

उर्वशी---स्वर्ग की सर्व सुन्दरी अप्सरा। ऋग्वेद में बार २ इस का नाम आता है। पौराणिक कथाके अनुसार एक बार बदरिकाश्रम में नारायण नाम ऋषि की तपस्या से भयभीत हो कर इन्द्र ने उस के तप में विघ्न डालने के लिए कामदेव तथा वसन्त सहित स्वर्ग की सुन्दर अप्सराओं को भेजा। ऋषि ने झट उनका अभिप्राय जान लिया तथा तत्काल एक पुष्प अपनी जंघा पर रखा और क्षणभर में वह पुष्प उन सब दिव्य अप्सराओं से अधिक सुन्दर स्त्री के रूप में होगया। इस पर वह सब लज्जित हो कर लौट गईं। वह अप्सरा उर्वशी थी। ऋषि ने उसे इन्द्र के पास भेज दिया।

इस सम्बन्ध में राजापुरुरवस तथा उर्वशी की प्रेमगाथा सुप्रसिद्ध है। तदर्थ देखिए—कालिदास का 'विक्रमोर्वशीयम्'।

तिलोत्तमा---स्वर्ग की एक अति सुन्दर अप्सरा।

शूर्पणखा---शूर्प (छाज) के समान नखों वाली, रावण की बहन।

देवता :--

उमा--हिमालय की कन्या, शिवकी पत्नी। इसने कठोर तथा दीर्घ तपस्या के पश्चात् शिव को पतिरूप में पाया था। कार्त्तिकेय तथा गणेश इसी (पार्वती) के पुत्र हैं।

शिव---त्रिदेवों में से एक। संहारकर्ता देवता।

लक्ष्मी---देवताओं तथा असुरों द्वारा किए गए समुद्र-मन्थन से प्राप्त चौदह रत्नों में से एक। यह धन की अधिष्ठात्री देवता है। लक्ष्मी को विष्णु की पत्नी कहा जाता है।

स्थाणु--स्थिर अविनश्वर तथा सदा एकरूप शिव।

त्रिधामा--तीनों भुवनों—पृथ्वी, आकाश, स्वर्ग का स्वामी, विष्णु। विष्णु की नाभि में कमल होने के कारण इसे सरसिरुह भी कहते हैं।

हेरम्ब--पीछे अङ्क १ श्लोक १ के नीचे देखिए।

जम्भारि--पीछे अङ्क १ श्लोक १ के नीचे देखिए।

हुतवह--अग्नि। यज्ञ में दी गई आहुतियों को देवताओं तक पहुंचाने के कारण अग्नि को 'हुतवह' कहा जाता। इस दृष्टि से अग्नि देवताओं का दूत है।

शेष--पौराणिक गाथानुसार शेष एक महा सर्प है तथा उसके सहस्र फण हैं, इसी ने पृथ्वी को अपने सिर पर धारण किया हुआ है। चौमासे में भगवान् विष्णु शेषनाग की शय्या पर विश्राम करते हैं। शेषनाग को नागों का सम्राट् भी माना गया है।

वासुकि—सर्पों का राजा। शेष तथा वासुकि दो विभिन्न देवता हैं।

कन्दर्प—प्रेमका देवता, कामदेव। कामदेव के शस्त्र पुष्प का धनुष तथा पुष्प के बाण हैं। उसके कुल पांच बाण हैं जो कि अरविंद, आम्र, नवमालिका नीलोत्पन्न तथा अशोक के बने कहे जाते हैं। रति काम की पत्नी है तथा बसन्त सखा है। मदन, अनंग, पंचसायक अनादि इसके अनेक नाम हैं।

भारती—वाणी की देवता, सरस्वती। सरस्वती को ब्रह्मा की पुत्री कहा जाता है।

मारुति—पवन-पुत्र हनुमान। इसकी माता का नाम अञ्जना था।

पुरन्दर—शत्रु के नगरों का विध्वंस करने वाला, इन्द्र देवता।

मधुसूदन—मधु नामक राक्षस का संहार करने वाला —विष्णु।

महावाराह—भगवान् विष्णु के दस अवतारों में से तीसरा अवतार। हिरण्याक्ष नामक राक्षस जब पृथ्वी को पाताल में लेगया तो पृथ्वी का उद्धार करने के लिए विष्णु ने वाराह का रूप धारण किया था।

प्रजापति—त्रिदेवों-ब्रह्मा, विष्णु, महेश- में से एक। ब्रह्मा को सृष्टि का उत्पादक कहा जाता है। इसकी उत्पत्ति विष्णु के नाभि कमल से मानी जाती है। प्रजापति की सवारी हँस है। इसे वेधस् तथा पितामह भी कहते हैं। इसके पाँच मुख थे। परन्तु एक को शिव ने समाप्त कर दिया था।

पुराण पुरुष—आदि पुरुष विष्णु।

पशुपति—सभी जीवों का स्वामी, शिव।

नक्षत्र :—

तिष्य—एक नक्षत्र। कुल नक्षत्र सत्ताईस हैं, उनमें से आठवां तिष्य है। इसे पुष्य भी कहते हैं।

पुनर्वसु—अश्विनी नक्षत्र से सातवां नक्षत्र। संस्कृत में इसका सदा द्विवचन में प्रयोग होता है। परन्तु इस नाटक (कुन्दमाला) में पाणिनी के नियम के विरुद्ध एक वचन में प्रयोग हुआ है। वेद में यह एकवचन में प्रयुक्त है—

"छन्दसि पुनर्वस्वोरेकवचनम्"

विविध :—

ऐरावत—इन्द्र का हाथी

कलहंस—मधुर ध्वनि करने वाला हंस। पुराणों में हंस को ब्रह्मा की सवारी कहा गया है। हंस वर्षा ऋतु के प्रारंभ होते ही मानसरोवर को चले जाते हैं। कवि समयानुसार हंस दूध और पानी को अलग अलग करने में समर्थ होते हैं। इस कारण हंस को न्याय का देवता भी माना जाता है।

गुरुत्मान्—गरुड। यह कश्यप तथा विनता का पुत्र है। इस का छोटा भाई अरुण था। गरुड विष्णु की सवारी है। यह सांपों का महाशत्रु है।

चक्रवाकी—पीछे देखिए अङ्क तृतीय,

राजर्षि—पुरातन काल में राजा लोग वृद्धावस्था में राज्यभार अपने उत्तराधिकारी को सौंप कर आत्मिकोन्नति के लिए वनों में चले

जाते थे। तथा वहां विरक्त भाव से जीवन बिताते हुए तपः साधना करते थे। उन राजाओं को राजर्षि कहा जाता है।

ऋषि--प्रतिभा सम्पन्न कवि या मुनि तथा मन्त्रद्रष्टा।

कुलपति--परिवार तथा आश्रम का मुखिया। स्मृतिकाल में दस हजार विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाले तथा उनके निवास भोजनादि का प्रबंध करने वाले आचार्य को कुलपति कहते थे। उसकी पदवी वर्तमान विश्वविद्यालयों के चान्सलर के समकक्ष थी। अन्तर केवल इतना है कि उस काल की शिक्षाप्रणाली के अनुसार कुलपति छात्रों का सारा प्रबंध स्वयं करता था, आज कल शुल्क लिया जाता है।

मुनीनां दशसाहस्रं योऽन्नदानादिपोषणात्।
अध्यापयति विप्रर्षिरसौ कुलपतिः स्मृतः॥

लोकपाल--ब्रह्माण्ड के एक भाग को लोक कहते जाते हैं, वे हैं—स्वर्ग, पृथ्वी, पाताल। चौदह लोकों का वर्णन भी मिलता है। उन में सात-भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः,सत्यं अथवा ब्रह्म-ऊर्ध्वलोक हैं, यह पृथ्वी से ऊपर क्रमशः एक के बाद दूसरे स्थान पर स्थित हैं, तथा सात—अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, पाताल-नीचे के लोक हैं। ये पृथ्वी से नीचे क्रमशः एक के बाद दूसरे स्थान पर अवस्थित हैं। ब्रह्मा द्वारा नियोजित, इन प्रदेशों अथवा लोकों के स्वामियों को लोक पाल कहा जाता है।

वस्तुतः लोकपाल दिशाओं के स्वामी हैं। अतएव इन्हें दिक्पाल भी कहा जाता है। दिशाएँ आठ हैं। तथा उनके स्वामी इस प्रकार हैं:-
१. पूर्व-इन्द्र, २. आग्नेय-वह्नि, ३. दक्षिण-पितृपति, ४. नैऋती-नैऋत अथवा सोम, ५. पश्चिम- वरुण, ६. वायव्य-मरुत्, ७. उत्तर-कुबेर, ८. ईशान-सूर्य।

मंडल--ज़िला अथवा प्रदेश ।

विषय--राज्य (स्टेट) अथवा साम्राज्य । परन्तु 'कुन्दमाला' में 'विषय' शब्द का प्रयोग जनपद (बस्ती) के अर्थ में हुआ है क्योंकि सीता निर्वासित होने पर भी राम के राज्य के अन्तर्गत वाल्मीकि आश्रम में रहती थी।

अश्वमेध--प्राचीन समय में समस्त शत्रुओं को अपने अधीन करने की घोषणा के रूप में, चारों दिशाओं को जीतने वाले चक्रवर्ती सम्राट् अश्वमेध किया करते थे। इसको निष्पादित करने की विधि यूँ थी—दिग्विजिगीषु अथवा सम्राट् बनने का इच्छुक राजा कुछ सैनिकों के संरक्षण में एक घोड़ा प्रत्येक राज्य में घूमने के लिए छोड़ देता था। जिस राज्य का अधिपति उस घोड़े को अपनी स्वतन्त्र सत्ता की रक्षा के लिए पकड़ लेता था, घोड़े के संरक्षक सैनिक उस के साथ युद्ध करते थे तथा उसे विजित करके घोड़े को छुड़ाकर आगे बढ़ते थे। इस प्रकार सब राज्यों में से निर्बाध रूपेण विचार कर घोड़ा जब अपने स्वामी के राज्य में लौटता था। तो अश्वमेध सम्पन्न किया जाता था। इस अवसर पर प्रायः प्रत्येक राज्य के राजा अथवा उन के प्रतिनिधि यज्ञ करने वाले राजा का एकाधिपत्य तथा अपनी अधीनता की स्वीकृति एवं राजभक्ति के प्रमाण स्वरूप उपस्थित होते थे!

इस परम्परा से पूव अश्वमेध सन्तान-प्राप्ति की कामनासे किया जाता था।

आहितयाग—प्रतिदिन अनवरत रूप से अग्निहोत्र करने वाले व्यक्ति को 'आहितयाग' कहते हैं । भारतीय संस्कृति के अनुसार विवाह संस्कार के समय जलाई गई यज्ञ की अग्नि को नूतन गृहस्थी

कभी बुझने न देते थे अर्थात् प्रतिदिन—सायं प्रातः=उसी अग्नि में यज्ञ किया करते थे।

निश्रेयस—इहलौकिक अथवा भौतिक उन्नति।

अभ्युदय—पारलौकिक उन्नति।

प्रणव—प्रणव का अर्थ है 'ओ३म्'। ओ३म् ब्रह्म का प्रतीक है, ईश्वर का नाम है।

पुंसवन—भारतीय संस्कृति के अनुसार प्रत्येक मनुष्य के सोलह संस्कार किए जाते। पुंसवन प्रथम संस्कार है। यह गर्भ होने के पश्चात् तृतीय अथवा चतुर्थ मास में किसी शुभ दिन को पति-पत्नी मिल कर करते हैं।

दोहद—गर्भावस्था में स्त्री की जो इच्छा होतीं है उसे दोहद कहते हैं।

पाणिग्रहण—विवाह संस्कार। इस अवसर पर वरवधूका हाथ पकड़ता है अतः इसे पाणिग्रहण संस्कार पुकारा जाता है।

बडवानल—चट्टानों के टकराने अथवा अन्य पदार्थों के मिश्रण से समुद्र से उठने वाली अग्नि। अथवा समुद्र के नीचे दक्षिणी ध्रुव में 'बड़वा (घोड़ी) के मुख' नामक छिद्र से उठने वाली अग्नि को बडवानल कहते हैं।

योगचक्षु—योग-दृष्टि। योगशक्ति द्वारा प्राप्त दृष्टि से दूरस्थ एवं तीनों लोकों में होने वाली किसी भी परोक्ष घटना को प्रत्यक्षवत् देखा जा सकता है। आज के टैलीवीजन आदि यन्त्र उसके सामने हेच हैं।

सिद्धिक्षेत्र——सिद्धियां प्राप्त करने की तपोभूमि। सिद्धियां आठ हैं—

१. अणिमा—अणु जितना सूक्ष्मरूप धारण करने की शक्ति।

२. लघिमा—इच्छानुसार अत्यधिक हल्कापन धारण करने की शक्ति।

३. प्राप्ति—कोई भी पदार्थ पाने की शक्ति।

४. प्राकाम्य—अदम्य संकल्प।

५. महिमा—इच्छानुसार परिमाण बढ़ाने की शक्ति।

६. ईशित्व—सर्वोपरि अधिकार।

७. वशित्व—सब को वश में करने की शक्ति।

८. कामावसायिता—इच्छा बल से काम-वासना का दमन करने की शक्ति।

सौविदल्ल——कञ्चुकी। सुष्ठु विदन्तं विद्वांसमपि लान्ति वशवर्तिनं कुर्वन्ति इति सुविदल्लाः (स्त्रियः) तासां रक्षकः सौविदल्लः—अन्तःपुर का रक्षक तथा प्रबन्धक। कञ्चुकी का विस्तृत लक्षण परिशिष्ट (एक पृष्ठ ७) में देखिए।

परिशिष्ट ४

प्राकृत से संस्कृत बनाने के नियम

संस्कृत और प्राकृत दो बहनें हैं तथा इन में पर्याप्त समानता है। जिस समय शिक्षित वर्ग की बोलचाल की भाषा तथा साहित्य की भाषा संस्कृत थी। उस समय साधारण लोगों की भाषा प्राकृत थी। बाद में प्राकृत भी साहित्यिक भाषा बन गई तथा उस में अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना हुई।

प्राकृत के महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, अवन्ती आदि अनेक रूप हैं। परन्तु नाटकीय प्राकृत के तीन रूप मिलते हैं—

महाराष्ट्री, शौरसेनी तथा मागधी।

संस्कृत नाटकों में मुख्य पुरुष पात्रों के अतिरिक्त सभी पात्रों से प्राकृत बुलवाई जाती हैं। उच्चवंश से सम्बन्धित तथा गुण सम्पन्ना स्त्रियां भी प्राकृत का ही प्रयोग करती हैं। इस से प्रतीत होता है कि उस समय स्त्रियां अशिक्षित होती थीं।

प्राकृत से संस्कृत बनाने का सुगम उपाय—प्राकृत अंशों का संस्कृत अंशों से मिलान करके बार बार पढ़ना ही है। जहां प्राकृत के वाक्य आएँ वहां उन्हें छोड़कर झट उनकी संस्कृत छाया की ओर दृष्टि नहीं दौड़ानी चाहिए। इस से अभ्यास में बाधा पड़ती है तथा अध्ययन त्रुटिपूर्ण रहता है। नीचे संस्कृत से प्राकृत बनाने के कुछ मुख्य नियम दिए गए हैं उनको जान लेने से प्राकृत से संस्कृत बनाने में भी विशेष सहायता मिल सकती है।

नियम

१. प्राकृत में निम्नलिखित वर्ण नहीं पाए जाते :—
ऋ, ऌ, ऐ, औ, विसर्ग, न, श, ष

२. प्राकृत में ऋ के स्थान पर अ, इ, उ, रि मिलते हैं। जैसे—
गृहीत>गृहिद, दृष्टिन्>दिट्ठिं, ईदृशम्>ईदिसं, शृण्वन्तु>सुणंतु, ईदृशेन>ईरिसेन।
(ख) यदि ऋ से पूर्व संयुक्त वर्ण हो तो उपर्युक्त परिवर्तनों के अतिरिक्त, उच्चारण की सुविधा के लिए अ का आगम होता है। जैसे—
स्मृत्वा>सुमरिअ।

३. (क) ऐ, औ को क्रमशः ए, ओ हो जाता है। जैसे—
नैमिष>णेमिस, कौतूहल>कोदूहल।
(ख) ऐ, औ को क्रमशः अइ और अउ भी होता है। जैसे—
दैव>दइव, कौरव>कउरव।

४. न, श, ष क्रमशः ण, स, स में परिवर्तित हो जाते हैं। जैसे—
नदी>णई, निशा>णिसा, कुशलम<कुसलं, एषः>एसो।

५. (क) शब्द के आदि में य को ज हो जाता है। जैसे—
यदि>जदि (जइ), यशः>जसो।
(ख) शब्द के प्रथम या अन्त में य को अ हो जाता है। जैसे—
जय>जअ।

६. ख, घ, ध, थ, फ, भ को ह हो जाता है। जैसे—
मुखम्>मुहं। पथि>पहि। गाथा>गाहा। नामधेयम्>णामहेअं। राघव>राहव।

७. ट, ठ, को ड, ढ होते हैं जैसे—

नटः>नडो, पठ>पढ।

८. ड को ल हो जाता है। जैसे—

तडागः>तलाओ।

९. पदांत अथवा पद के बीच में प को व हो जाता है। जैसे—

शापः>सावो।

१०. क, ग, च, ज, त, द, प, य, व यदि पद के मध्य या अन्त में हों तो इनका प्रायः लोप हो जाता है। जैसे—

सागरम्>साअरं, कपि>कइ आदि।

११. पद के हलन्त अक्षर का लोप हो जाता है। जैसे—
जगत्>जग, मनस्>मन।

१२. पद के अंत में म् को अनुस्वार हो जाता है। जैसे—
त्वम्>तुमं, भद्रम्>भद्दं।

१३. शब्द के अन्त में विसर्ग को उ हो जाता है तथा यह उ पूर्व-वर्ती अ से मिलकर ओ बन जाता है। जैसे—

पुरुषः>पुरिहो।

१४. (क) संयुक्त व्यञ्जनों के पूर्ववर्ती दीर्घस्वर ह्रस्व हो जाते हैं। जैसे—
पूर्ण<पुण्ण, आर्य>अज्ज, तीर्थ>तित्थ।

(ख) कहीं २ संयुक्त व्यञ्जनों में एकाक्षर लोप हो जाता है तथा दीर्घ स्वर बना रहता है। जैसे—
आर्जव>आजव।

१५. कहीं २ दीर्घ स्वर को ह्रस्व कर दिया जाता है तथा उस की हानिपूर्ति के लिए अनुवर्ती व्यञ्जन को द्वित्व कर दिया जाता है। जैसे—
बहूनाम्>बहुण्णम्, जानु>जण्णु।

१६. कई बार जहां किसी व्यञ्जन का लोप कर दिया जाता है

वहां उसकी हानिपूर्ति के लिए पूर्ववर्ती स्वर को अनुस्वारयुक्त कर दिया जाता है। जैसे—

शर्वरी>संवरी ।

१६ (क) अनुस्वार युक्त स्वरों के अनुस्वार का लोप करके प्रायः उस स्वर को दीर्घ कर दिया जाता है। जैसे—

सिंह>सीह ।

१७. संयुक्त अक्षरों के आदि में यदि क्, ग्, ड्, त्, द्, प्, ष् में से कोई हो तो उसका लोप हो जाता है और आगे के के वर्ण को द्वित्त्व हो जाता है। जैसे—भक्त>भत्त, अद्य> अज्ज, स्निग्ध>सिणिद्ध ।

भाषाविज्ञान में इस प्रक्रिया को समीकरण कहते हैं।

१८. संयुक्त अक्षरों में म् न् य् का लोप हो जाता है और उन से पूर्व वर्ण को द्वित्त्व। जैसे—

लग्न>लग्ग, युग्गम>जुग्ग, अधन्याम्>अधण्णं।

१६. संयुक्त अक्षर में ल्, व्, र् का लोप हो जाता है तथा उनके पूर्ववर्ती अथवा परवर्ती वर्ण को द्वित्त्व हो जाता है। जैसे—

विक्लव>विक्कव, उज्ज्वल>उज्जल, सर्प>सप्पं।

२०. (क) त्य को च्च, थ्य को छ अथवा च्छः, ध्य को ज्झ, द्य को ज्ज हो जाता है। जैसे—

परित्यक्त>परिच्चत्त, नित्य>णिच्च, अध्ययन>अज्झअण।

(ख) ज्ञ को ग्ग हो जाता है। जैसे—

यज्ञ>जग्ग।

(ग) त्स को च्छ और प्स को च्च हो जाता है। जैसे—

वत्स>वच्छ, अप्सरसाम्>अच्चराणं।

२१. खलु, अपि, इव, अत्र, एव, पुनर्, प्रथमम् को क्रमशः खु, विअ, एथ्थ, एव्व, उण, पुढमं आदेश होता है।

२२. प्राकृत में दो ही वचन होते हैं–एकवचन, बहुवचन। द्विवचन को बहुवचन हो जाता है।

२३. प्राकृत में केवल परस्मैपदी क्रियाएं होती हैं।

२४. प्राकृत में चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है।

परिशिष्ट ५

छन्द-परिचय

वर्ण-क्रम, मात्रा-संख्या, विराम, गति अथवा लय, तथा तुक आदि के नियमों से युक्त रचना को छन्द कहते हैं।

प्रत्येक छन्द के चार भाग होते हैं जिन्हें 'पाद' या 'चरण' कहते हैं। 'चरण' की रचना वर्णों अथवा मात्राओं की संख्या तथा उनके नियमित प्रयोग के अनुसार होती है।

छन्द में वर्णों या अक्षरों की गिनती स्वरों से होती है न कि व्यञ्जनों से। जैसे—'ओम्' में 'म्' व्यञ्जन नहीं गिना जायगा, इस में एक ही अक्षर है। हलन्त अथवा अर्ध-अक्षरों की गिनती नहीं होती।

वर्ण (अक्षर) के उच्चारण में जो समय लगता है उसे मात्रा कहते हैं। ह्रस्व स्वर एक मात्रा वाले हैं, जैसे—अ, इ, उ, ऋ, लृ। दीर्घ स्वर दो मात्रा वाले होते हैं, जैसे—आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ऐ, ओ, औ।

छन्दशास्त्र में ह्रस्व अक्षर 'लघु' कहलाते हैं। लघु का चिह्न [।] है, तथा दीर्घ अक्षर 'गुरु' कहलाते हैं। गुरु का चिह्न [ऽ] है। स्वर-बल के आधार पर कहीं गुरु को लघु तथा लघु को गुरु अक्षर माना जाता है।

गुरु-लघु के विशेष नियम :—

१. संयुक्त अक्षर से पूर्व ह्रस्व स्वर गुरु होगा, लघु नहीं।

कभी कभी इस नियम के अपवाद स्वरूप संयुक्ताक्षर से पहला वर्ण लघु ही माना जाता है। जब संयुक्ताक्षर से पूर्ववर्ती वर्ण को लम्बा करके (कुछ अधिक समय लगा कर) पढ़ा जाता है तब वह गुरु होता है, जब उच्चारण में कम समय लगे तब लघु होता है । जैसे 'तरङ्ग, चन्दन' आदि शब्दों में 'र' 'च' ह्रस्व स्वर हैं परंतु इनके आगे 'ङ्ग' 'न्द' संयुक्त अक्षर हैं अतः इन्हें गुरु (द्विमात्रिक वर्ण) माना जायगा। संयुक्ताक्षर—ङ्ग, न्द—स्वयं लघु ही गिने जायेंगे।

३. अनुस्वार तथा विसर्ग वाले लघु (ह्रस्व) स्वर भी गुरु (दीर्घ) मान लिए जाते हैं। जैसे—'विनयं, देवं, प्रातः, दुःख' में क्रमशः यं, वं, तः, दुः गुरु होंगे।

४. कहीं कहीं पाठविधि के कारण चरण का अंतिम वर्ण लघु होने पर भी छंद के नियम में गडबड़ी न होने देने के लिए गुरु मान लिया जाता है। उस के उच्चारण में गुरु अक्षर के समान लघु की अपेक्षा दुगना समय लगता है।

५. हलन्त वर्ण से पूर्ववर्ण गुरु माना जाता है। जैसे--
प्रदोषम्, राजन् में 'म्' तथा 'न्' गुरु हैं।

६. अनुनासिक अर्थात् चन्द्र बिन्दु (ँ) वाले अक्षर लघु ही रहते हैं। जैसे—सँशय, छँद, हँस में क्रमशः 'सँ, छँ, हँ' लघु हैं।

७. जहां संयुक्त अक्षर के पूर्व के ह्रस्व अक्षर पर दबाव नहीं पड़ता वहां वह लघु ही रहता है। (देखिए नियम २)

८. कभी कभी शब्द के प्रवाह के कारण दीर्घ अक्षर भी लघु की भाँति पढ़ा जाता है। उसके उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है

छन्दों के भेद--

छन्द दो प्रकार के हैं—१. वैदिक २. लौकिक वेदमन्त्रों में प्रयुक्त छन्द वैदिक कहलाते हैं शेष लौकिक।

लौकिक छन्द के दो भेद हैं—एक वर्णिक या वर्णवृत्त, दूसरे मात्रिक या जाति।

वर्णिक या वर्णवृत्त--

जिस छन्द के पदों में वर्णों की संख्या तथा गुरु—लघु वर्णों के क्रम का नियमन रहता है उसे वर्णवृत्त कहते हैं।

मात्रिक---

जिस छन्द में मात्राओं की संख्या एवं क्रम का नियमन रहता है उसे मात्रिक छन्द कहते हैं।

वर्णिक तथा मात्रिक छन्दों के सम, अर्धसम तथा विषम नाम से तीन तीन भेद हैं। और समवृत्त में चारों पाद समान होते हैं, अर्धसममें पहला और तीसरा, दूसरा और चौथा पाद समान होतेहैं, विषम छन्द के चारों पाद एक दूसरे से भिन्न होते हैं।

गण---

छन्द में कौन वर्ण लघु चाहिए और कौन कौन गुरु इस बात को सरलता से कहने व समझने के लिए गणों की कल्पना की गई है।

तीन अक्षरों का एक गण होता है। कुल गण आठ हैं। इस के नाम तथा रूप निम्न विधि में अंकित किए जाते हैं।

(१) मगण	ऽ ऽ ऽ
(२) नगण	। । ।
(३) भगण	ऽ । ।
(४) यगण	। ऽ ऽ
(५) जगण	। ऽ ।
(६) रगण	ऽ । ऽ
(७) सगण	। । ऽ
(८) तगण	ऽ ऽ ।

गणों को पहचानने तथा सुगम रीति से स्मरण करने के लिए निम्नलिखित सूत्र को ध्यान में रख लेना चाहिए—

"यमाताराजभान स लगा।"

इस सूत्र में पहले आठ अक्षर गणों के नाम के आदि अक्षर हैं। अन्तिम—ल और ग—'लघु' और 'गुरु' के सूचक हैं।

इस सूत्र से गणों का रूप अथवा लक्षण जानने के लिए गण के नाम के आदि अक्षर से लेकर तीन अक्षरों का एक समूह बना लेना चाहिए और उस पर गुरु (ऽ), लघु (।) की मात्राएँ लगा देने से उस वर्ण का रूप प्रकट हो जायगा। जैसे 'तगण' का रूप जानने के लिए इस के आदि अक्षर 'ता' से लेकर तीन वर्णों 'ताराज' पर मात्राएँ लगाने से तगण का रूप (ऽ ऽ ।) निकल आएगा।

गति—

प्रत्येक छंद में मात्राओं या वर्णों की संख्या या उन के क्रम के नियमित होने से ही काम नहीं चलता। उस में एक गति अथवा लय का होना आवश्यक है। उच्चारण के इस प्रवाह को ही गति कहते। लय रहित छंद दुष्ट छंद कहलाता है।

विराम (यति)—

छंद पढ़ते समय स्वरानुसार जहां विराम होता है वहां यति होती है। यति के कारण छंद में प्रवाह (लय) आता है तथा समझने में सुविधा रहती है।

'कुन्दमाला' में प्रयुक्त छन्द—

'कुन्दमाला' में कुल १५ छन्दों का प्रयोग किया गया है। प्रत्येक का लक्षण तथा श्लोक संख्यानुसार उनका पूर्व परिचय नीचे तालिका में दिया गया है।

	नाम	लक्षण	रूप	अङ्क	श्लोक संख्या
१—	अनुष्टुप अथवा श्ल.क	श्लोके षष्ठं गुरुज्ञ यं सर्वत्र लघु पंचमम् द्विचतुः पादयोह्रस्वं, सप्तमं दीर्घ मन्ययोः ॥ अनुष्टुप छन्द के प्रत्येक पाद मे आठ अक्षर होते हैं। पांचवां लघु तथा छोटा गुरु होता है। पहले तथा तीसरे प.द मे सप्तम अक्षर गुरु तथा दूसरे और चौथे में लघु होता है।	१—३ पाद= × × × × ISS × २—४ पाद= × × × × ISI ×	प्रथम तृतीय चतुर्थ पंचम षष्ठ	१.८.१०.१३.१५. १६.२०.२८.३१.३२ २.१५.१६. २.१०.१२.१४.१७. २२. ९.१४. १-१४.१६-१९.२७-२९.३२-३४.३९. ४१-४३.
२—	आर्या	यस्याः पादे प्रथमे द्वादशमात्रा-स्तथा तृतीयेऽपि। अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या ॥	१—३—पाद=१२ मात्रा २—पाद =१८ मात्रा ४—पाद=१५ मात्रा	द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम	१. ४. १३. १९. ६.
३—	इन्द्र वज्रा	स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः। प्रत्येक पाद में क्रमशः तगण, नगण, जगण, गुरु, गुरु। (११ अक्षर)	SSI SSI ISI SS	प्रथम	६. ११.

	नाम	लक्षण	रूप	अङ्क	श्लोक संख्या
४–	उपेन्द्र वज्रा	उपेन्द्र वज्रा जतजास्ततो गौ (११ अक्षर)	।S। SS। ।S। SS	प्रथम प्रथम तृतीय पंचम षष्ठ	४.९. १७. ९. २.५.८.१०.१११३ १५.३८.
५–	उपजाति	इन्द्र वज्रा तथा उपेन्द्र वज्रा के मिश्रण को उपजाति छन्द कहते है। (११ अक्षर)			
६–	पुष्पिताग्रा	अयुजिनयुग रेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा। १ और ३ पाद में क्रमश; नगण, तगण, रगण, मगण तथा २ और ४ में नगण, जगण, जगण, रगण, गुरु।	१—३ पाद=॥। ॥। SIS ।S। (१२ अक्षर) २—४ पाद=॥। ।S। ।S। SIS.S (१२ अक्षर)	तृतीय चतु पंचम षष्ठ	७. १.८.१८ २१. १.७.१२. २१.२२.३६.
७–	रथोद्धता	रान्नराविह रथोद्धता। प्रत्येक पाद में क्रमश; रगण, नगण, रगण, लघु, गुरु। (११ अक्षर)	SIS ॥। SIS IS	षष्ठ	२०.३७.
८–	शालिनी	शालिन्युक्ता म्तौ तगौ गोब्धि लोकें। प्रत्यक पाद में क्रमश: मगण। तगण, तगण, गुरु, गुरु। चौथें अक्षर पर यति। (११ अक्षर)	SSS S, S। SS। SS	प्रथम	१९.२५.२६

		लक्षण	रूप	अंक	श्लोक संख्या
९	वंशस्थ	जतौ तु वंशस्थ मुदीरितं जरौ। प्रत्येक पाद में क्रमशः जगण, तगण, जगण, रगण। (१२ अक्षर)	ISI SSI ISI SIS	तृतीय	१०.
१०	वसन्त तिलका	उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः। प्रत्येक पाद में क्रमशः तगण, भगण, जगण, जगण, गुरु, गुरु। (१४ अक्षर)	SSI SII ISI ISI SS	प्रथम	३,५,१२,१४,१८, २१,२४,२७,२९
				द्वितीय	२.
				चतुर्थ	५,९,११,१३;२०,२३
				पंचम	३,४,१५,१६.
				षष्ठ	३१,३५,४४.
११	मालिनी	न न मयययुतेयं मालिनी भोगि लोकैः। प्रत्येक पाद में क्रमशः नगण, नगण, मगण, यगण, यगण। (१५ अक्षर)	III III SSS ISS ISS	तृतीय	१,५,१२.
				चतुर्थ	३,२४.
१२	शिखरिणी	रसै रुद्रैश्छिन्ना यमन सभला गा शिखरिणी। प्रत्येक पाद में क्रमशः यगण, मगण, नगण, सगण, भगण, लघु, गुरु। छठे अक्षर पर यति। (१७ अक्षर)	ISS SSS, III IIS SII IS	प्रथम	७.
				तृतीय	११.
				पंचम	१७.
				षष्ठ	२३.

	नाम	लक्षण	रूप	अंक	श्लोक संख्या
१३	मन्दाक्रान्ता	मन्दा क्रान्ता जलधि षडजैर्म्भो नतौ ताद् गुरु चेत् । प्रत्येक पाद में क्रमशः मगण, भगण, नगण, तगण, तगण, गुरु, गुरु। चौथे तथा दसवें 'अक्षर' पर यति । (१७ अक्षर)	SSS SS, II III S,SI SSI SS	तृतीय षष्ठ	३.६. ४०
१४	शार्दूलवि-क्रीडित	सूर्याश्वैर्मं-स-ज-स्त-ताः सगुरवः शार्दूल विक्रीडितम् । प्रत्येक पाद में क्रमशः मगण. सगण, जगण, सगण, तगण, तगण, गुरु बारहवें अक्षर पर । यति । (१९ अक्षर)	SSS IIS ISI IIS, SSI SSI S	प्रथम तृतीय चतुर्थ षष्ठ	२.३०. ८.१४.१७. ४.६.७. २५.२६.
१५	स्रग्धरा	म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियति युता स्रग्धरा कीर्तितेयम् । प्रत्येक पाद में क्रमशः मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, यगण, यगण,। सातवें तथा चौदहवें अक्षर पर यति । (२१ अक्षर)	SSS SIS S,II III IS,S ISS, ISS	चतुर्थ षष्ठ	२५. २४.३०.४५.

परिशिष्ट ६

व्याख्या के लिए प्रष्टव्य स्थल

प्रथम अङ्क

१. असंहार्य परिच्छदाः सुकृतिनः।
२. लोको निरङ्कुशः।
३. न हि तथान्यासक्ता पत्युः, स्त्रीजनस्य दुःखमुत्पादयति यथान्यासक्तः।
४. तिर्यग्गता वरम मी न परं मनुष्याः।
५. तत एव पूर्णचन्द्रान्मेऽशनि पातः।

द्वितीय अङ्क

१. अहो अविश्वसनीयता प्रकृति निष्ठुरभाषानां पुरुष हृदयाणाम्।
२. शोक परिहारेणापि शोको वर्धते।

चतुर्थ अङ्क

१. प्रमादः सम्पदं हन्ति प्रश्रयं हन्ति विस्मयः।
   व्यसनं हन्ति विनयं हन्ति शोकश्च धरीताम्॥
२. को जानाति दुर्विदग्धः प्रजापतिः कथं कथं क्रीडतीति।
३. सुलभ सादृश्यो लोक सन्निवेशः।
४. न खलु स जनः शोचनीयः, य एवं वल्लभेन शोच्यते।
५. दिवसावसानविनिवारितसमागमेव चक्रवाकी इहैव प्रवासे वर्तते।

तृतीय अङ्क

१. नास्ति दम्पत्योर्मम विरहसम उपदेश निपुण उपाध्यायः।

२. अभ्यन्तर स्थितमिवगूढगर्भमधिकतरं बाधते ।

३. तृषितेन मया मोहात् प्रसन्नसलिलाशया ।
अञ्जलिर्विहितः पातुं कान्तार मृगतृष्णिकाम् ॥

पञ्चम अङ्क

१. अन्यदम्पती विषय एव कारणानुरोधी प्रेमावेशः, सीतारामयोस्तु न तथा ।

२. निर्व्याजसिद्धो मम भावबन्धः ।

३. अन्तरिता अनुरागा भावा मम कर्कशस्य बाह्येन ।
तन्तव इव सुकुमाराः प्रच्छन्नः पद्मनालस्य ॥

४. भुवनमभितपन् सहस्ररश्मिर्जल गुरुभिर्व्यपनीयते हि मेघैः ।

५. ननु मूलस्वयोगमूल सकल पुरुषार्थ संवेदिनी ज्ञाननिष्पत्ति :

६. ज्योतिः सदाभ्यन्तरमातपादै
रदीपितं नार्थगतं व्यनक्ति :
नालं तेजोऽप्यनलाभिधानं
स्वकर्मणो मारुतमन्तरेण ॥

७. न च गुरुनियोगा विचार मर्हन्ति ।

८. आपात मात्रेण कयापि युक्त्या
सम्बन्धिनः सन्नमयन्ति चेतः ।
विमृश्य किं दोषगुणानभिज्ञ
श्चन्द्रोदये श्च्योतति चन्द्रकान्तः ॥

९. स्थाने खलु परिकामन्ति तपोवनपराङ्मुखा गृहमेधिनः ।

१०. व्रजति हिमकरोऽपि बालभावात्पशु पतिमस्तककेतकच्छदत्वम् ।

११. प्रथम परिणीतोऽयमर्थः ।

१२. अप्रतिहत वचन महत्त्वा हि ब्राह्मणजातिः ।

षष्ठ अङ्क

१. अप्रति क्रियमाणा मूर्च्छा निष्क्रान्तमापद्यते ।

२. अलं लज्जया, कलत्र विषया खल्वनुकम्पा ।

३. अनुकृति सरले पृथग्जनानां
निर्वसति चेतसि संश्रितोऽनुरागः ।
नरपतिहृदये न जात माल्य
न हि पुलिनेषु तिलस्य सम्भवोऽस्ति ॥

४. अनतिक्रमणीयं शासनं प्रतिनिवृत्तानां प्रतिव्रतानाम् ।

५. अनतिदीर्घं सन्निधाना हि देवताः ।

६. प्रणय सुलभाः सम्पदस्तद्विधानाम् ।

परिशिष्ट ६

आदर्श व्याख्या

परीक्षाओं में कुछ गद्य अथवा पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या पूछी जाती है। व्याख्या करते समय निम्नलिखित बातों की ओर विशेष ध्यान रखना चाहिए :—

(क) व्याख्येय भाग का भावार्थ अपने शब्दों में विस्तार पूर्वक स्पष्ट कर देना चाहिए। शब्दार्थ देना आवश्यक नहीं।

(ख) व्याख्येय उक्ति का पूर्वापर प्रसंग संक्षेप में देना आवश्यक है।

(ग) व्याख्या सदा Third Person (प्रथम पुरुष) में Indirect Speach में करनी होती है।

(घ) व्याख्येय अंश का प्रसंग तथा उसकी व्याख्या निम्न २ अनुच्छेदों (Paragraphs) में प्रस्तुत की जावे। यदि किसी शब्द पर टिप्पणी (Note) देना अभिप्रेत हो तो वह पृथक् अनुच्छेद में दी जाये।

नीचे, कुछ कठिन तथा प्रष्टव्य स्थलों की व्याख्या आदर्श रूप में दिखाई गई है। तदनुसार 'परिशिष्ट ६' में संगृहीत सब उक्तियों की व्याख्या करने का अभ्यास कर लेना चाहिए।

१—असंहार्य परिच्छदाः सुकृतिनः—

प्रस्तुत गद्यांश दिङ्नाग प्रणीत 'कुन्दमाला' के प्रथम अङ्क में से उद्धृत किया गया है। बनवास-काल में रावण के आश्रय में रहने के कारण सीता के चरित्र के विषय में प्रचलित लोकापवाद के

भय से राम ने सीता को निर्वासित करने का निश्चय कर लिया। सीता उस समय गर्भिणी अवस्था में थी तथा वह राम के उपर्युक्त निश्चय से पूर्व ही भगवती भागीरथी में स्नान करने तथा वन-विहार करने की इच्छा प्रकट कर चुकी थी। राम ने इस अवसर का लाभ उठा कर लक्ष्मण को सीता को वन में छोड़ आने के लिए आदेश दिया। लक्ष्मण अनिच्छापूर्वक ज्येष्ठ भ्राता की आज्ञा से सीता को वन में ले आया।

प्रस्तुत गद्यांश में लक्ष्मणने प्रकृति—शीतलवायु, सुखद छाया, कलनाद करते हुये पक्षियों—को सीता की सेवा में सखियों तथा दासियों के समान तत्पर देख कर कहता है कि पुण्यशाली व्यक्तियों को सुख-साधन की सामग्री सर्वदा एवं सर्वत्र प्राप्त हो जाती है। उन्हें कहीं पर किसी बात को कमी नहीं रहती।

उपरि लिखित उक्ति द्वारा लक्ष्मण ने सीता के अधिकार पूर्ण व्यक्तित्व की ओर संकेत किया है कि उसे राज-भवन के समान वन में भी प्रकृति की ओर से परिचारिका सखियां तथा मनो-विनोद के साधन प्राप्त हैं।

२—शोकोपरिहारेणापि शोको वर्धते :—

प्रस्तुत पङ्क्ति दिङ्नाग कृत 'कुन्दमाला' के द्वितीय अङ्क में से उद्धृत की गई है। लोकापवाद के कारण भयभीत राम की आज्ञा से लक्ष्मण जब सीता को वन में अकेली छोड़ गया तो महर्षि वाल्मीकि तथ्य ज्ञान के पश्चात् उसे अपने आश्रम में ले गए। वहां सीता को दो पुत्र उत्पन्न हुए। परित्याग दुःख से व्यथित सीता, आश्रम में सारा दिन चिंता में डूबी रहती थी। निर्वासन के कारण सीता की शोचनीय दशा से सहानुभूति रखने वाली आश्रम

बालिनी वेदवती एक दिन एकांत में बैठी अपनी सखी सीता को सान्त्वना देने गई तो उस ने उसे अत्यन्त दयनीय दशा में पाया।

वेदवती ने कुशलसमाचार पूछने के पश्चात् सीता को नि र्य-राम के लिए चिंतित एवं दुखित होने से रोका। परंतु सीता का तो राम के साथ दृढ़ अनुराग था वह कभी मन से भी ऐसा न सोच सकी थी कि राम का प्रेम उसके प्रति शिथिल हो सकता है।

सीता की दृढानुरागता से प्रभावित हो कर वेदवती ने उस के सन्ताप को शांत करने के विचार से उसका ध्यान उस के पुत्रों की ओर खींचा तथा पूछा कि क्या पुत्र प्राप्त कर लेने पर भी उस का प्रवास दुःख शांत नहीं हुआ। तो प्रस्तुत उक्ति द्वारा सीता ने कहा कि संताप के निवारण का उपाय होने पर भी उस का संताप बढ़ता ही जा रहा है, किंच अपने पुत्रों का मुखचन्द्र देखने पर उसे राम की याद अधिक सताती है तथा पुत्रों के बड़े हो जाने के साथ साथ उसके विषय में उसकी चिन्ता भी बढ़ती जा रही है।

३–दिवसावसान विनिवारित समागमेन चक्रवाकी इहैव प्रवासे वर्तते––

यह पंक्ति दिङ्नाग प्रणीत 'कुन्दमाला' के तृतीय अङ्क में से उद्धृत की गई है।

सीता को निर्वासित करने के पश्चात् अश्वमेध करने के लिए राम जब लक्ष्मण के साथ नैमिशारण्य में महर्षि वाल्मीकि आश्रम के समीप पहुंचे तो सीता भी वहीं उपस्थित थी। परन्तु वाल्मीकि के प्रभाव के कारण उस प्रदेश में पुरुष स्त्रियों को देख नहीं सकते थे। राम वहाँ पर लक्ष्मण के सम्मुख, सीता को विवाह-काल से लेकर दुःख ही दुःख देने के कारण अपने आप को कोस

रहा था और सीता अपने स्थान पर उस की बातों का उत्तर देती जाती थी।

जब राम ने उत्सुकता पूर्वक सीता का वास-स्थान जानने के लिए कहा तो सीता ने प्रत्युत्तर में, प्रस्तुत पंक्ति में कहा कि सूर्यास्त के पश्चात् अपने प्रियतम से मिलने को प्रतिषिद्ध चकवी के समान दुखित सीता उसके समीप ही प्रवासकाल बिता रही है।

कवि समयानुसार रात्रि को एक दूसरे के समीप होने पर भी चकवा-चकवी दैववश एक दूसरे से मिल नहीं सकते।

४—तृषितेन मयामोहात् प्रसन्नसलिलाशया।
अञ्जलिर्विहतः पातुं कान्तार मृगतृष्णिकाम् ॥

यह श्लोक दिङ्नागप्रणीत 'कुन्दमाला' के चतुर्थ अङ्क में से उद्धृत किया गया है।

सीता निर्वासन के उपरांत अश्वमेध करने के लिए नैमिशारण्य में गए हुए राम ने जब वाल्मीकि के आश्रम के निकटस्थ बावड़ी में, वाल्मीकि के प्रभाव से साक्षात् रूप से अदृश्य सीता के प्रतिबिम्ब को देखा तथा उस के उत्तरीय को बलपूर्वक खींच कर पहचान भी लिया तो सीता के प्रत्यक्ष दर्शन न कर सकने के कारण वह अति व्याकुल हो उठा। इतने में उसका मित्र कौशिक (विदूषक) वहां आ पहुंचा और उस ने जब दिन को छिप कर सुना हुआ रहस्य राम से कहा कि एक अप्सरा (तिलोत्तमा) सीता का रूप धारण करके उसका उपहास करने आएगी तो राम को अपने ठगे जाने के कारण बड़ा पश्चाताप हुआ।

प्रस्तुत श्लोक में राम ने कहा है कि उस प्यासे ने तो निर्मल जल पीने की आशा से अर्थात् सीता के दर्शनों की अभिलाषा से

वन की मरीचिका को पीने के लिए अंजलि की अर्थात् सीता के धोखे में तिलोत्तमा को पकड़ना चाहा।

मृगमीचिका——सूर्य की किरणों की चमक के कारण भ्रमवश रेत आदि में जल की प्रतीति होना तथा प्यासे मृग आदि पशुओं का उसे पीने के लिए वहां भागना मृगमरीचिका अथवा मृग तृष्णा कहलाती है।

५–निर्व्याजसिद्धो मम भावबन्धः—

प्रस्तुत श्लोकांश दिङ्नागरचित 'कुन्दमाला' के पंचम अङ्क से उद्धृत किया गया है।

लोकापवाद के भय से अनिच्छापूर्वक सीता को निर्वासित कर देने के पश्चात् नैमिशारण्य में अश्वमेध करने के लिए गए हुए राम ने जब बाल्मीकि के आश्रम के समीप सीता के पदचिह्नों तथा बावड़ी में उसके प्रतिबिम्ब आदि को देखा तो उसे पाने के लिए अत्यधिक व्याकुल हो उठे। परन्तु बाल्मीकि के प्रभाव से वह सीता को प्रत्यक्ष न देख सकते थे। तथा च विदूषक ने जब उन्हें बताया कि वह सीता का प्रतिबिम्ब न था अपितु उन से उपहास करने के लिए एक अप्सरा सीता का रूप धारण करके आई थी तो वह और भी खीज उठे।

विदूषक के यह पूछने पर कि वह सीता को किस कारण इतना स्मरण कर रहे हैं—दोषों के कारण अथवा गुणों के। तो प्रस्तुत श्लोकांश में राम ने कहा कि सीता के प्रति उसका प्रेम दोष गुणानपेक्ष, विशुद्ध, सात्त्विक एवं अहैतुक था। इसी प्रकार का प्रेम सच्चा प्रेम होता है, कारण विशेष से किया गया प्रेम कृत्रिम कहलाता है।

६—भुवनमभितपन् सहस्ररश्मिर्जलगुरुभिर्व्यपनीते हि मेघैः—

यह श्लोकांश दिङ्नागप्रणीत 'कुन्दमाला' के पंचम अङ्क में से उद्धृत किया गया है।

अश्वमेध करने के लिए नैमिश-वन में आए हुए राम का हृदय, वाल्मीकि-आश्रम के समीप सीता के पदचिह्न, बावड़ी में उसके प्रतिबिम्ब तथा उत्तरीय आदि को देख कर सीता के प्रति प्रेम के आवेग से फूट पड़ा तथा निर्वासित सीता की दुर्दशा का चिंतन करने से अत्यधिक विकल हो उठा। राम की इस शोक विह्वल दशा को देख कर उस के मित्र कौशिक (विदूषक) को दया भी आई परन्तु साथ ही ताना मार कर उसने कह भी दिया कि वह (राम) हृदय से सीता को प्रेम नहीं करता। तो राम ने उसे कहा कि निस्सन्देह कर्त्तव्य पालन-वश वह ऊपर से कठोर है परन्तु भीतर से उसका हृदय कमल-नाल के समान अतिकोमल है तथा सीता के प्रति सौहार्दपूर्ण है। इस पर विदूषक ने उत्तर दिया कि उस (राम) जैसा गम्भीर तथा धैर्यवान् व्यक्ति ही इतने प्रबल सन्ताप को सह सकता है, वह तो सीता की विपद् दशा का स्मरण करने मात्र से मरा जा रहा है तो राम ने कहा कि यदि सीता के प्रति वह भी इतना सहानुभूतिपूर्ण था तो परित्याग करते समय उसे रोकता। तदनन्तर विदूषक ने स्पष्ट कह दिया कि परिजन तो प्रसन्न राजा को भी कुछ कहने का साहस नहीं कर सकते वह तो उस समय क्रोध से लाल था।

दुःखी राम ने फिर कहा कि उस जैसे व्यक्ति इस प्रकार क्रोध के अधीन होते नहीं कि वह मित्रों की बात की ओर ध्यान न दें, तथा च गुणवान् एवं हितैषी मन्त्रियों का यह कर्त्तव्य है कि

वह अन्यायपूर्ण आचरण करते हुए प्रचंड राजा को अत्याचार करने से रोकें।

प्रस्तुत श्लोकांश में अपने भाव की पुष्टि करते हुए राम ने कहा है कि जब प्रचंड सूर्य पृथ्वी को अधिक संतप्त करने लगता है तो जल से भरे हुए बादल उसे ढांप लेते हैं, रोकते हैं।

इस श्लोक में नाटककार ने सीता को निर्वासित करने के कारण राम के पश्चाताप पूर्ण हृदय के कोमल पक्ष का स्पष्ट चित्रण किया है।

७—न च गुरुनियोगा विचारमर्हन्ति—

यह वाक्य दिङ्नागकृत 'कुन्दमाला' के पञ्चम अङ्क में से उद्धृत किया गया है।

सीता—निर्वासन के पश्चात् राम ने जब नैमिशवन में अश्वमेध का आयोजन किया तो उसने देश-देशांतरों के सभी ऋषियों तथा मुनियों को निमन्त्रित किया था। प्रवासकाल में उत्पन्न राम के दोनों पुत्र—कुश तथा लव—भी वाल्मीकि के आदेश से रामायण सुनाने वहां गए। आश्रम से जाते समय सीता ने लव को कहा था कि दोनों भाई नम्रतापूर्वक महाराज राम को प्रणाम अवश्य करें। स्वाभिमानी कुश इस बात से सहमत न हुआ तथा वह कदाचित् किसी के सम्मुख झुकने को तैयार न था।

प्रस्तुत वाक्य में लव ने बड़े भाई कुश से कहा कि बड़ों की आज्ञा अविचारणीय होती है अतः उन्हें माता सीता के आदेशानुसार महाराज को प्रणाम करना ही चाहिए।

८—अनुकृतिसरले पृथग्जनानां इत्यादि—

यह श्लोक दिङ्नागकृत 'कुन्दमाला' के छठे अङ्क में से उद्धृत किया गया है।

बाल्मीकि के आदेश से अश्वमेध के अवसर पर कुश-लव द्वारा सीता निर्वासन तक रामायण की कथा सुनाने के पश्चात् महर्षि कण्व ने जब राम को बताया कि कुश तथा लव उसी की सन्तान हैं तो हर्षातिरेक से वह सब मूर्च्छित हो कर गिर पड़े। तत्पश्चात् बाल्मीकि ने उन्हें सचेत करके सीता के सम्मुख राम से कहा कि अग्नि देव द्वारा चरित्र की परीक्षा ले लेने पर केवल कुछ उच्छृंखल लोगों के कहने मात्र से सती सीता का परित्याग करके उस ने बहुत बुरा किया।

प्रस्तुत श्लोक में बाल्मीकि ने राम के आचरण की निन्दा करते हुए कहा है कि साधारण, भोले भाले लोगों के सरल एवं भावुक हृदय में ही प्रेम वास कर सकता है। राजाओं के हृदय में नहीं। उनका प्रेम कृत्रिम, अस्थायी तथा दिखलावे भर का हो जाता है। वह तो प्रदर्शन मात्र के लिए, आचरण के रूप में प्रेम को हृदयमें धारण करते हैं। अपने कथन की पुष्टि करते हुये बाल्मीकि कहते हैं कि रेत में तिल कैसे पैदा हो सकते हैं अर्थात् राजाओं के कठोर तथा असरल हृदय में प्रेम का स्थायी रूप से रहना सर्वथा असम्भव है।

बाल्मीकि इन कटु उक्तियों द्वारा राम के मर्म स्थानों पर आघात करके उसे सीता को पुनः ग्रहण करने के लिए तैयार कर रहे हैं।

कुन्दमाला में प्रयुक्त

सुभाषित तथा लोकोक्तियां

असंहार्य परिच्छदाः सुकृतिनः।

लोको निरंकुशः।

सर्वथाऽलं महिलात्वेन।

क्षते क्षारमिवाहितम्।

स्वरेणापि ....न दृश्यते ।
पूर्ण चन्द्रान्मे अशनिपातः ।
प्रासाद तलादधः अवतारः ।
अहो अविश्वसनीयता प्रकृति निष्ठुरभावानां पुरुष-हृदयाणाम् ।
असितपक्ष चन्द्रलेखेव दिने दिने परिहीयसे ।
आर्य पुत्रस्य हृदये प्रभवामि न पुनर्हस्ते ।
शोक परिहारेणापि शोको वर्धते ।
प्रमादः सम्पदं हन्ति प्रश्रयं हन्ति विस्मयः ।
व्यसनं हन्ति विनयं हन्ति शोकश्च धीरताम् ॥
सुलभ सादृश्यो लोक सन्निवेशः ।
प्रभवति सिद्धशासनम् ।
विपरीतः खलूपालम्भः ।
अभ्यन्तर स्थितमिव गूढगर्भ मधिकतरं बाधते ।
निर्व्याजसिद्धो मम भाव बन्धः ।
तुषार बिन्दुनिरवशेषं परिशुष्यामि ।
न खलु कश्चित् संविभागः ।
न च गुरुनियोगा विचारमर्हन्ति ।
आपातमात्रेण कयापि युक्तया संबन्धिनः संनमयन्ति चेतः ।
अपि नाम शरा मोघास्तपः सन्नद्ध मूर्तिषु ।
वासवस्यापि सुव्यक्तं कुण्ठां कुलिशकोटयः ॥
प्रथम परिणीतोऽयमर्थः ।
कलत्रविषया खल्वनुकम्पा ।
नहि पुलिनेषु तिलस्य सम्भवोऽस्ति ।
अनतिक्रमणीयं शासनं प्रतिनिवृत्तानां पतिव्रतानाम् ।
अनतिदीर्घ सन्निधाना हि देवताः ।

अकारादि क्रम से श्लोक सूची

श्लोक	अंक	संख्या
पुरन्दरस्य यत्स्वर्गो	६	४२
पूर्वंरवनप्रवासः	३	१३
प्रकामभुक्ते स्वगृहा०	१	६
प्रथममनपराधां तां	३	१
प्रमादः सम्पदं हन्ति	३	२
प्रविश्य तरुमूलानि	३	१६
प्राप्तराज्यस्ततो	६	११
प्रियजनरहितानां	४	२४
बाल्ययौवनयोर्मध्ये	६	६
बाष्पपर्याकुलीमुखीं	६	१२
भवति शिशुजन	५	१२
भवन्तौ गायन्तौ	५	१७
भागीरथीशीकर०	१	११
भो भो हिंस्त्रा भूमिरेषा	१	२५
मध्याह्नार्कमयूखताप	३	१७
मन्दं वाति समीरणो	३	१४
मया तु मन्दभाग्येन	६	१९
मरकतहरितानां	३	५
महाराज कुशस्यायं	६	४३
महाशीलैस्त्रिभिः	६	१
मामाम्नन्ति मुनयः	६	३१
मुक्ताहारा मलयमरुतः	३	६
मुक्त्वा वसन्तविरहे	४	११
मुनीनां सामगीतानि	४	१०
मैथिलि प्रणिहु	६	२०

आवश्यक प्रश्न

१. 'कुन्दमाला' का कर्ता कौन है ? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

२. दिङ्नाग के जीवन के विषय में आप क्या जानते हैं ? उसके स्थिति काल का भी निर्देश कीजिए।

३. क्या नाटक का शीर्षक 'कुन्दमाला' उपयुक्त है ? अपने मत की पुष्टि के लिए युक्तियां दीजिए।

४. 'कुन्दमाला' की कथावस्तु का आधार क्या है ? उसमें नाटककार ने क्या परिवर्तन वा परिवर्धन किए हैं ?

५. दिङ्नाग की नाटकीय शैली की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

३. 'कुन्दमाला' में छाया दृश्य का नाटकीय महत्त्व क्या है ?

७. रंग मंच की दृष्टि से 'कुन्दमाला' कहां तक सफल नाटक है ?

८. दिङ्नाग तथा भवभूति की उनकी कृतियों के आधार पर विवेचनात्मक तुलना कीजिए। इनमें से कौनसा नाटककार श्रेष्ठ है ?

९. 'कथोपकथन नाटक का प्राण है' इस उक्ति की विवेचना करते हुए स्पष्ट कीजिए कि 'कुन्दमाला' के कथोपकथन कहां तक नाटकोपयोगी हैं ?

१०. 'कुन्दमाला' का कौन सा अंक आपको अच्छा लगा है? कारण सहित उत्तर लिखिए।

११. भाव पक्ष तथा कला पक्ष की दृष्टि से 'कुन्दमाला' की तात्त्विक आलोचना कीजिए।

१२. 'कुन्दमाला' के अनुसार राम, लक्ष्मण, सीता, वाल्मीकि तथा कुश-लव का चरित्र चित्रण कीजिए।

१३. 'कुन्दमाला' में अंकित तात्कालीन धार्मिक तथा सामाजिक अवस्था का परिचय दीजिए।

नोट—इन प्रश्नों के उत्तर के लिए पीछे देखिए—'भूमिका'।